राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 चोट से उबरने की प्रकिया जारी हैं

70 प्रतिशत शहरी परिवारो को मिल रहा साफ पेयजल... 11

वर्ष : 11 | अंक : 217 | पटना, बुधवार, 20 दिसंबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

सर संघचालक 21 दिसम्बर को आएंगे बिहार

पटना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत 21 दिसम्बर को बिहार आएंगे। वे 22 दिसम्बर को भागलपुर जिले में महर्षि मेंही आश्रम कुप्पाघाट जाएंगे। यहां 9:30 बजे सुबह महर्षि मेंही आश्रम में रह रहे आचार्य साधु-सन्यासियों से मिलकर कई बिंदुओं पर वार्ता करेंगे। वे महर्षि मेंही पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म महर्षि मेंही-एक व्यक्तित्व एक विचार का लुक आउट भी जारी करेंगे। सरसंघचालक के आगमन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। भागलपुर जिला पुलिस विभाग भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने में जुटा है। अखिल भारतीय संतमत सत्संग महासभा महर्षि मेंही आश्रम, कुप्पाघाट के महामंत्री दिव्य प्रकाश के मुताबिक, सरसंघचालक मोहन भागवत 9:30 बजे सुबह कुप्पाघाट परिसर में पहुंचकर महर्षि मेंही परमहंस और संत सेवी महाराज के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि करेंगे। इसके बाद संतमत प्रवचन के प्रसाल में लोगों को संबोधित करेंगे। फिर महर्षि मेंही पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म का लुक आउट जारी करेंगे। इसके अलावा वे कुप्पाघाट के आचार्य व साधु संतों से कई बिंदुओं पर वार्ता करेंगे।

रमन सिंह छत्तीसगढ़ के छठे विधानसभा के अध्यक्ष बने

रायपुर। छत्तीसगढ़ में वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को सर्वसम्मति से राज्य की विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया है। इसके साथ ही नवनिर्वाचित सदन का पहला सत्र मंगलवार को शुरू हुआ। सत्र के पहले दिन आज यानी मंगलवार को सबसे पहले अस्थायी अध्यक्ष रामविचार नेताम ने भाजपा और कांग्रेस के विधायकों तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के एक विधायक को शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और भूपेश बघेल उन विधायकों में शामिल रहे, जिन्हें प्रोटेम स्पीकर ने शपथ दिलाई। विधायकों के शपथ ग्रहण के बाद छत्तीसगढ़ की छठवीं विधानसभा के अध्यक्ष का चुनाव हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का प्रस्ताव रखा, जिसका उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने समर्थन किया। विपक्ष के नेता चरणदास महंत ने भी सिंह को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का प्रस्ताव रखा, जिसका भूपेश बघेल ने समर्थन किया।

कांग्रेस ने 2024 चुनाव के लिए बनाई राष्ट्रीय गठबंधन समिति

नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पांच सदस्यीय राष्ट्रीय गठबंधन समिति का गठन किया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने मंगलवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आम चुनाव के मद्देनजर इस समिति का गठन किया है। वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक को समिति का संयोजक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि श्री वासनिक के संयोजन वाली इस समिति में वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत, भूपेश बेघल, सलमान खुर्शी तथा मोहन प्रकाश को शामिल किया गया है।

बैठकः दिल्ली के अशोका होटल में विपक्षी दलों के दिग्गजों का हुआ जुटान

इंडिया गठबंधन : पीएम पद के चेहरे पर फैसला चुनाव बाद, सीट बंटवारा जनवरी मध्य तक

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के प्रमुख नेताओं ने मंगलवार को यहां बैठक की, जिसमें यह फैसला किया गया कि जनवरी, 2024 के दूसरे सप्ताह तक सीट बंटवारे को अंतिम रूप देना है। इस बैठक में तय किया गया कि प्रधानमंत्री पद के चेहरे के बारे में फैसला चुनाव में जीत के बाद होगा। हालांकि, एमडीएमके नेता वायको ने कहा कि बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में दलित चेहरे के तौर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया।

बैठक में कुल 28 दलों के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवाददाताओं से कहा, गठबंधन की आज चौथी बैठक में 28 दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। खुशी की बात है कि सभी ने एक होकर यह फैसला किया कि आगे किस तरह से मिलकर काम करना है।

ये रहें मौजूद : राष्ट्रीय राजधानी के अशोक होटल में हुई इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी नेता राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, जनता दल यू से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पार्टी अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, तृणमूल कांग्रेस से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी, राष्ट्रीय जनता दल से लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार तथा शिवसेना (यूबीटी) से उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और पार्टी महासचिव रामगोपाल यादव, द्रमुक से तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और वरिष्ठ नेता टी आर बालू, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती, राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी, अपना दल (के) से कृष्णा पटेल एवं पल्लवी पटेल और कई अन्य नेताओं ने बैठक में भाग लिया।

बैठक

- बैठक में कुल 28 दलों के नेता हुए शामिल
- पीएम पद के लिए खड़गे के नाम का प्रस्ताव!

8-10 जनसभाएं करने का फैसला

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सभी दलों ने 8-10 जनसभाएं करने का फैसला किया। खरगे ने कहा कि पहले प्रदेश स्तर पर सीटों के तालमेल पर बात होगी और अगर कोई मुद्दा आया, तो राष्ट्रीय स्तर पर बात होगी। प्रधानमंत्री पद के चेहरे से जुड़े सवाल पर खरगे ने कहा कि पहले जीत के आना है, इसके बाद इस बारे में बात होगी। उन्होंने कहा, हम पहले जीतने की कोशिश करेंगे, उसके बाद सांसद लोकतांत्रिक ढंग से फैसला करेंगे। खरगे ने कहा कि इतनी संख्या में विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया कि यह अलोकतान्त्रिक है, इसके खिलाफ लड़ना है। उन्होंने कहा, हम यही कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री या गृह मंत्री सदन में आकर सुरक्षा चूक की घटना पर बयान दें। सूत्रों का कहना है कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने तय किया कि जनवरी के दूसरे सप्ताह तक सीटों के तालमेल को अंतिम रूप दे देंगे।

सांसदों के निलंबन के खिलाफ 22 को 'इंडिया' का देशव्यापी प्रदर्शन

लोस व रास से सांसदों के निलंबन के खिलाफ विपक्ष का हंगामा

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन ने संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के सदस्यों के निलम्बन के खिलाफ 22 दिसंबर को देशभर में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है। गठबंधन के नेताओं की मंगलवार को यहां हुई बैठक में घटक दलों ने अगले आम चुनाव में जीत के लिए मिलकर काम करने और प्रदेश स्तर पर सीटों के तालमेल को मजबूत के उपाय करने का फैसला किया है। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इंडी गठबंधन विपक्ष के सदस्यों के संसद से निलम्बन के खिलाफ 22 दिसम्बर को देशभर में विरोध प्रदेश करेगा। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा राज्यसभा और लोकसभा के कुल 151 विपक्षी सदस्यों को निलम्बित किया गया है और जैसा कि खडगे जी ने कहा है कि हम 22 दिसंबर को हर राज्य में इसके विरोध में मिलकर प्रदर्शन करेंगे।

लोकसभा से 45 से अधिक सांसद पूरे सत्र के लिए निलंबित

नई दिल्ली। लोकसभा से मंगलवार को 45 से अधिक विपक्षी सदस्यों को अनुचित आचरण के कारण वर्तमान सत्र के शेष काल के लिए निलंबित कर दिया गया। संसद की सुरक्षा में सेंध के मसले पर विपक्ष का आज भी हंगामा जारी रहा, जिसके कारण कार्यवाही बाधित हुई। सरकार की ओर से संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि वे बेहद दुख के साथ सदस्यों के निलंबन का प्रस्ताव ला रहे हैं। आज जिन सांसदों पर कार्रवाई की गई, उनमें सुप्रिया सुले, मनीष तिवारी, शशि थरूर, मोहम्मद फैसल, कार्ति चिदंबरम, सुदीप बंधोपाध्याय, डिंपल यादव और दानिश अली प्रमुख नाम हैं। सदन की कार्यवाही पहले 12 बजे और फिर 12.30 बजे तक स्थगित की गई। साढ़े बारह बजे सदस्यों के निलंबन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्यवाही को 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्षी सासंदों के निलंबन का प्रस्ताव रखे जाने से पूर्व कहा कि सर्वसम्मति से तय किया गया था कि सदस्य प्लेकार्ड लेकर सदन में नहीं आयेंगे। तीन राज्यों में मिली हार के कारण हताशा में विपक्ष ऐसा काम कर रहा है। ऐसा ही करते रहे तो दोबारा वे चुनकर नहीं आयेंगे। उनका यह आचरण चेयर और देश का अपमान है। वे बहुत दुख के साथ यह प्रस्ताव ला रहे हैं। सांसदों के निलंबन को लेकर विपक्ष ने किया प्रदर्शन : लोकसभा और राज्यसभा से 92 सांसदों के निलंबन को लेकर विपक्ष ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में मंगलवार को संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। आईएनडीआईए घटक दलों के सांसदों ने आज सुबह खड़गे के साथ बैठक की।

उसके बाद सभी सांसद संसद भवन परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा के सामने एकत्र हुए और सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने सदन की गरिमा का अपमान किया है।

संसद की सुरक्षा में सेंध के बावजूद वो संसद में आकर बयान नहीं देते। खड़गे ने कहा कि इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सांसदों को निलंबित किया गया। ये लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने जैसा है। यह सदन की मयार्दा पर गहरी ठेस है।

जीएसटी दूसरा संशोधन विधेयक 2023 लोकसभा में पारित

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा ने जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की आयु एवं योग्यता में संशोधन के प्रावधान वाले केंद्रीय माल एवं सेवाकर (दूसरा संशोधन) विधेयक 2023 को मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह विधेयक वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में 13 दिसम्बर को पेश किया था और इसे चर्चा तथा पारित कराने के लिए आज पेश किया गया। इस विधेयक में जीसटी अधिनियम 2017 में संशोधन करके इसके प्रावधानों को ट्रीब्यूनल सुधार अधिनियम 2021 के प्रावधानों के अनुरूप करना है।

विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए श्रीमती सीतारमण ने कहा कि जीएसटी न्यायाधिकरण के गठन से देश में उच्च न्यायालयों तथा उच्चतम न्यायालय में मामलों का बोझ कम होगा और जीएसटी से जुड़े मुद्दों पर न्याय के लिए लोगों को लम्बे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसका मुख्यालय दिल्ली में होगा और राज्यों में एक या दो पीठ होगी ताकि स्थानीय स्तर करदाताओं को सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि विधेयक में न्यायाधिकरण के सदस्यों के लिए न्यूनतम उम्र 50 साल रखी गई है जबकि अधिकतम उम्र 67 साल और अध्यक्ष के लिए अधिकतम उम्र 70 करने का प्रावधान है। फिलहाल यह आयु सीमा अध्यक्ष के लिए 67 और सदस्यों के लिए 65 वर्ष है। श्रीमती सीतारमण ने कहा, सरकार का उद्देश्य है कि हमारी सूक्ष्म एवं मझौली इकाइयों-एमएसएमई इकाइयों को कारोबार करने में आसानी हो। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि जीएसटी कानून में संशोधन से लघु क्षेत्र की इकाइयों को सावर्जनिक उपक्रमों से भुगतान में देरी नहीं होगी। सरकार एसएसएमई इकाइयों के प्रति संवेदनशील होकर काम कर रही है।

टाल क्षेत्रों की समस्याओं का जल्द होगा समाधान

पटना। मुंगेर संसदीय क्षेत्र के मोकामा के औंटा, हथिदह, मरॉची, डुमरा टाल क्षेत्रों की समस्याओं का जल्द ही समाधान निकलेगा। इस संबंध में जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने एक बड़ी पहल की है। इस बारे में, उन्होंने जल संसाधन विभाग को एक पत्र लिखा है। साथ ही, जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा और विभाग के अपर मुख्य सचिव चतन्य प्रसाद से टेलीफोन के माध्यम से बात भी की है। श्री सिंह ने अपने पत्र में लिखा है कि हमारे संसदीय क्षेत्र मुंगेर के मोकामा के औंटा, हथिदह, मरॉची, डुमरा का टाल क्षेत्र, अन्य टाल क्षेत्रों से नीचा है। इस कारण इन टाल क्षेत्रों का पानी हरोहर नदी के माध्यम से नहीं निकल पा रहा है। इसी वजह से 3 वर्षों से इन टाल क्षेत्रों में फसल बुआई नहीं हो पा रही है। इसकी जानकारी मुझे 16 दिसंबर को इन क्षेत्रों की यात्रा के दौरान प्राप्त हुई। उन्होंने कहा है कि जल संसाधन विभाग का एक उच्च स्तरीय दल जाकर इन टाल क्षेत्रों की समस्या का अध्ययन करे और टाल क्षेत्र के लिए जो योजना पूर्व से कार्यान्वित की जा रही है उसमें इन टाल क्षेत्रों के जल निकासी को भी शामिल करा लिया जाए।

बैठक पीएम का तंज - आने वाले चुनाव में विपक्ष की संख्या क्या होगी, यह सबको पता है

चुनावों के नतीजों से हताश हो कर संसद की घटना पर लोकतंत्र विरोधी बयान दे रहें विपक्षी नेता : मोदी

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा के सदन में दो युवकों के कूदने की घटना पर विपक्ष के बयानों को इस घटना जितना ही खतरनाक और लोकतंत्र विरोधी करार दिया है और कहा है कि आगामी आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों की संख्या से पूरा सदन भर जाएगा और विपक्ष का संख्या क्या होगी, सबको अंदाजा है। भाजपा संसदीय दल की वर्ष 2023 की अंतिम बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने यहां संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बैठक में सभी भाजपा सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि यह वर्ष 2023 की अंतिम संसदीय दल बैठक है। उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2014 से यदि दिल्ली में रहे हैं तो एक भी संसदीय दल की बैठक से अनुपस्थित नहीं रहे। इसका कारण यह है कि उनके मन में कार्यकर्ता का भाव अब भी जीवित है। विचार के लिए जीना और उसी के लिए कार्य करने से उन्हें सुखानुभूति होती है। श्री जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विपक्षी के इंडी गठबंधन की आज होने वाली बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि आज गठबंधन कुछ लोग मिल रहे हैं, इनका मकसद सरकार को उखाड़ फेंकना है जबकि हम सब जो यहां बैठे हैं, हमारा विचार भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करना है। हम भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए जीयेंगे। श्री मोदी ने वाराणसी में विकसित भारत संकल्प रैली में भाग लेने के अनुभव को साझा किया और कहा कि लोगों की प्रतिक्रिया देख कर हमारा विश्वास कई गुना बढ़ गया है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय हॉल में भाजपा सांसदों से ढाई ब्लॉक भरते हैं लेकिन आने वाले चुनाव के बाद 2024 में पूरा ब्लॉक भाजपा सांसदों से भर जाएगा। विपक्ष के लोगों की संख्या क्या होगी, यह सबको पता है। श्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सीमावर्ती गांवों के बारे में चर्चा की और कहा कि गुजरात में पाकिस्तान की सीमा से लगे कच्छ जिले के रन में स्थित सीमावर्ती गांवों में रनोत्सव चल रहा है। सांसद बड़ी संख्या में उसे देखने जाएं। श्री मोदी ने सूरत में हीरा उद्योग के लिए डायमंड पार्क के उद्घाटन का जिक्र किया और कहा कि कुछ वर्षों पहले विश्वास नहीं होता था कि ऐसे भवन भारत में बन भी सकेंगे या नहीं। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संसद में हुई घटना पर कहा कि जो भी व्यक्ति लोकतंत्र में विश्वास करता है, उसे इसकी घोर निंदा करनी चाहिए। लेकिन कुछ पार्टियां हाल के चुनावों के नतीजों से निराश एवं हताश हो कर संसद की घटना के समर्थन की भाषा बोल रहे हैं। यह उतना ही खतरनाक है जितनी वह घटना थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भाजपा के सांसदों से शीतकालीन सत्र के बाकी दिनों में सदन में मौजूद रहने को कहा ताकि आवश्यक विधेयक पारित हो सकें। उन्होंने कहा कि कुछ विधेयक ऐसे हैं जिनका प्रभाव आने वाले सौ डेढ़ सौ साल तक समाज पर पड़ेगा।

संक्षिप्त खबरें

तख्तश्री परिसर में महिला की मौत

पटना सिटी (प्राकि)।तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में वृद्ध महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि वह महिला अपने बेटे के साथ पंजाब से दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की अवतार स्थली पर दर्शन दीदार को पहुंची थी।इस दौरान उनका बेटा उन्हें यह कह कर छोड़ गया कि वह आकर उसे ले जाएगा।इधर वृद्ध महिला मीरी-पीरी के मोदीखाना के पास रह कर खाती और सोती थी। संभवतः ठंड के कारण उसने दम तोड़ दिया। तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी कार्यालय के मैनेजर हरजीत सिंह ने बताया कि करीब चार-पांच माह पूर्व उसका बेटा लेकर यहां आया था।उसने मां को कहा कि वह एक-दो दिन में आकर उसे ले जाएगा।इसके बाद नहीं आया।उसके पास से कोई ऐसा पहचान पत्र नहीं मिला, जिससे उसके बेटे या परिजन को सूचित किया जा सके। अंततः एंबुलेंस से उसका शव सेवादारों के द्वारा भिजवा कर खाजेकलां घाट पर विद्युत शवदाह गृह में अंतिम संस्कार करा दिया गया।

वेयर हाउस में गार्ड का शव मिला

पटना सिटी (प्राकि)।दीदारगंज थाना की पुलिस ने फतेहपुर गांव के वेयर हाउस में सुरक्षा गार्ड के तौर पर कार्यरत गार्ड का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एनएमसी भेजा है। दीदारगंज थाना की पुलिस ने मंगलवार को बक्सर निवासी 55 वर्षीय गार्ड नागेंद्र प्रधान के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने बताया कि बीमारी या ठंड से अधेड़ की मृत्यु हुई होगी।पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह स्पष्ट होगी।

क्रिसमस पर 24-25 को चर्च में मजिस्ट्रेट व पुलिस की तैनाती

पटना सिटी (प्राकि)। प्रभु येशु के अवतरण पर्व क्रिसमस पर महागिरजा घर पादरी की हवेली चर्च के पल्ली पुरोहित फादर प्रवीण लोवों, सहायक पल्ली पुरोहित फादर सुरेश खाका और सुप्रीयिर फादर प्रदीप सोंरग के सहयोग से तैयारी आरंभ की गयी है. पल्ली पुरोहित फादर ने बताया कि 21 दिसंबर से मदर टेरेसा परिसर में चरनी गोशाला का निर्माण होगा।24 की रात को प्रभु येशु के अवतरण पर्व पर मिस्सा बलिदान पूजा और अन्य कार्यक्रम होगा।फादर ने क्रिसमस के दौरान चर्च में सुरक्षा को लेकर एसडीओ गुंजन सिंह से मिले।एसडीओ ने बताया कि चर्च में सुरक्षा के लिए पुलिस पदाधिकारी, दंडाधिकारी और बल की तैनाती 24 व 25 दिसंबर को की जाएगी।

18 वर्षो बाद जेडीयू को आई पुनौरा धाम की याद : अरविन्द

पटना।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द सिंह ने कहा है कि जब 500 सालों के लंबे इंतजार के बाद सभी हिंदुओं के राम मंदिर निर्माण का सपना 22 जनवरी 2024 को पूरा होने जा रहा है।और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और उनके अथक प्रयास के कारण जब हिंदुओं के आराध्य प्रभु भगवान श्री राम जी को अपना उचित सम्मान मिलने जा रहा है। और भव्य राम मंदिर का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा उद्घाटन होने जा रहा है। तब पूर्ण विराम के कगार पर पहुंच चुकी जेडीयू को पुनौरा धाम की याद आई है।वो भी तब जब मोदी सरकार ने पहले ही पुनौरा धाम को स्वदेश दर्शन के तहत रामायण सर्किट में शामिल किया है। श्री अरविन्द ने कहा कि भाजपा बिहार के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पहले ही कह दिया है कि जब भाजपा बिहार में सत्ता में आएगी तो प्रभु श्री राम जी के मंदिर की तरह उनकी अर्धांगिनी माता सीता जी को भी उनकी जन्मस्थली पुनौरा धाम को उसका उचित सम्मान देगी। जबकि इतने साल सता में रहने के बावजूद जनता दल यूनाइटेड ने माता सीता को मंदिर नहीं दे पाई। पुनौरा धाम की याद चुनाव आते ही आया है।यह राजनीतिक अवसरवादिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

फरार वारंटी गिरफ्तार

फतुहा।नदी थाना पुलिस ने मंगलवार को वर्ष 2019 से फरार एक वारंटी को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार वारंटी अनिल कुमार है जो नदी थाना क्षेत्र के गुलमहियाचक का रहने वाला है। नदी थाना एसएचओ अखिलेश सिंह ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि वह घर पर है तो छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर मारपीट करने व धमकी दिए जाने का आरोप है।उनके मुताबिक उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

एससी-एसटी एक्ट के तीन फरार आरोपी गिरफ्तार

फतुहा।स्थानीय पुलिस ने एक पुराने केस में एसी एसटी एक्ट के तीन फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने दो आरोपी को मोमिन्दपुर से गिरफ्तार किया है तथा एक आरोपी को किसमिरिया गांव से गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपी किसमिरिया गांव निवासी गोलु यादव तथा मोमिन्दपुर निवासी दीना नाथ व श्रवण यादव है। थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार के मुताबिक तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा गरीबों के उत्थान में सार्थक कदम : नंदकिशोर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ से लाभुकों को जोड़ने का पार्टी कार्यकताओं का आह्वान वरिष्ठ भाजपा नेता और क्षेत्रीय विधायक नंदकिशोर यादव ने किया है। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में 22 दिसंबर से संकल्प यात्रा का कार्यक्रम है। श्री यादव मंगलवार को यहां राज दरबार परिसर में आयोजित पार्टी के जिला, मंडल और बूथ स्तर के स्थानीय पदाधिकारियों व कार्यकताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की विविध विकास योजनाओं से आम जनों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से निकली विकसित भारत संकल्प योजना रथ का शहर में भव्य स्वागत किया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि आज भारत के कोने-कोने में ह्यमोदी की गारंटी वाली गाड़ीह्न से जनता जुड़ कर योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य देशभर में लोगों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा ऐसे लोग, जो केंद्र सरकार की योजनाओं से नही जुड़े हैं, उन सबों को सरकार की योजनाओं से जोड़कर लाभ पहुंचाया जाए। विकसित भारत का निर्माण और अंत्योदय का हमारा संकल्प इस यात्रा के माध्यम से साकार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि देश में दो लाख से अधिक मोदी की गारंटी वाली रथ चल रही है, जिसमें बिहार में 120 रथ है। विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। देश के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न नीतियों से क्षेत्र की जनता का जुड़ाव तेजी से बढ़ रहा है और लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी दिख रही है। कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष अभिषेक चंद्रवंशी, पूर्व उप महापौर रूप नारायण मेहता, भाजपा नेता किरण शंकर, रंजीत सिन्हा तन्नू के अलावा पार्टी के विस्तारक व अन्य स्तर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

दुकान में चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार, चोरी का नगद बरामद

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। बाइपास थाना क्षेत्र के करमलीचक स्थित दो दुकान से चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। हालांकि बाद में जनता के सहयोग से दो लोगों को पकड़ा गया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

पकड़े गए चोरों के पास से चोरी का 2100 रुपया भी बरामद हुआ है। पकड़े गए लोगों में सिमली शाहदरा का रहने वाला आकाश कुमार और विकास कुमार है। दोनों अपने अन्य दो सहयोगियों के साथ करमलीचक स्थित लेथ मशीन और ग्रिल के कारखाने में चोरी करने के लिए घुसे थे। इसी दौरान पकड़े गए। इस संबंध में ग्रिल दुकान के शंभू कुमार ने बताया कि उसके यहां से हैंबर मशीन और वेल्डिंग मशीन की चोरी कर ली गई है। इसके पूर्व भी कर बाट और बिल्डिंग रॉड आदि की चोरी की गई थी। वहीं लेथ मशीन के सतीश कुमार ने बताया कि गल्ला में रखे करीब 28 सौ रुपया चोरी कर ली गई। बाद में दुकान के पीछे नौ हजार फेंका पाया गया। बाकी सब लेकर भाग गया। दोनों दुकानदार के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और दोनों गिरफ्तार को पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया है।

हॉस्टल में रह पढ़ाई कर रही छात्रा ने की खुदकुशी, सुसाइड नोट नहीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बहादुरपुर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में एक छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जब उस छात्रा के कमरे का गेट नहीं खुला, तब अन्य लड़कियों ने इसकी सूचना लॉज संचालक को दी।उन्होंने घटना की जानकारी बहादुरपुर थाना की पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवा कर पंचनामा किया। फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। मृतका की पहचान सीतामढ़ी जिले के मानिकपुर मुसहरनिया चंदौली निवासी स्वर्गीय हरिशंकर मिश्रा की 20 वर्षीया पुत्री निहारिका कुमारी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि बीए पार्ट 2 की छात्रा निहारिका कुमारी गर्ल्स हॉस्टल में रह कर पढ़ाई करती थी। किस कारण से उसने खुदकुशी की, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। कमरे से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। सूचना मिलने के बाद परिजन पहुंचे, मगर छात्रा के द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम के बारे में कुछ भी बोलने से सीधे तौर पर इनकार कर दिया है। फिलहाल पुलिस खुदकुशी के कारणों को तलाशने में जुटी है। थानाध्यक्ष लालमुनि दूबे ने बताया कि देर शाम तक परिजनों ने कुछ भी लिखकर नहीं दिया है।

गांजा के साथ धराया: इसी थाना की पुलिस ने एक व्यक्ति को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष लालमुनि दूबे ने बताया कि पकड़ा गया मो कलाम अजीमाबाद कॉलोनी का रहना है वाला है। उसके पास से करीब 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। वह घूम घूम कर गंज बेचा करता है पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह हाजीपुर से गंजा लाता है, मगर किसके यहां से लाता है, उसका नाम और पता वह नहीं बता पाया।

महिला क्रिकेट प्रतियोगिता मनोज कमलिया स्टेडियम में कल से

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिट। भारतीय जनता पार्टी क्रीड़ा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर महिला क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया है।इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश संयोजक सतीश राजू एवं आयोजन समिति के संयोजक जयप्रकाश मेहता ने बताया कि कल पटना के बाहर से आने वाली सभी खिलाड़ी रिपोर्ट करेंगी। प्रतियोगिता 21 से 25 दिसंबर तक यानी छह दिवसीय महिला क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन मनोज कमलिया स्टेडियम में किया जा रहा है। खिलाड़ियों को ठहरने एवं खाने की व्यवस्था पाटलिपुत्र परिसर में किया गया है। इसमें छह टीम को दो पूल में बांटा गया है। प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट आधार पर खेला जाएगा। महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान बिहार के 24 जिला से क्रिकेटरों का चयन किया गया है। हालांकि इसका उद्घाटन 21 दिसंबर को किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और विधायक नंदकिशोर यादव भी मौजूद रहेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान संजीव यादव, राजीव रंजन यादव, विकाश कुमार गोल्डी, आनंद सिन्हा एवं रणधीर कुमार मौजूद रहे।

बेहतर व जल्द निर्माण करें ब्लड बैंक का भवन : नंदकिशोर यादव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की पटना सिटी शाखा के द्वारा मातृ शिशु कल्याण केंद्र, मंगल तालाब में प्रस्तावित अत्याधुनिक ब्लड बैंक के निर्माण कार्य का निरीक्षण पूर्व मंत्री सह विधायक नंदकिशोर यादव के द्वारा मंगलवार को किया गया। इस दौरान श्री यादव ने विभागीय अधिकारियों को मातृ शिशु कल्याण केंद्र के पूरब की चहाररदीवारी जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त और टूटी हुई है, उसका शीघ्र निर्माण कर घेराबंदी करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही ब्लड बैंक के भवन निर्माण में लगे संवेदक को शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने और बेहतर भवन निर्माण करने का निर्देश दिया गया। भ्रमण के दौरान स्थानीय विधायक ने कहा कि मातृ शिशु कल्याण केंद्र का वर्तमान गेट भी बहुत छोटा है। एम्बुलेंस और ब्लड कलेक्शन गाड़ी को परिसर में प्रवेश और निकास में परेशानी होगी। इसगेट को भी भविष्य में बड़ा और सुंदर बनाया जाएगा। भ्रमण के दौरान साथ रहे इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी स्थानीय चेयरमैन गोविंद कानोडिया ने बताया कि मातृ शिशु कल्याण केंद्र परिसर में अत्याधुनिक ब्लड बैंक का निर्माण कराया जा रहा है। इससे सिटीवासियों को काफी सुविधा मिलेगी और आपात स्थिति में रक्त उपलब्ध कराया जा सकेगा। मौके पर सोसायटी के संरक्षक डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा, सदस्य नरेश सुल्तानिया, अमित कानोडिया, संजीव यादव आदि मौजूद थे।

जदयू व्यवसाय व उद्योग प्रकोष्ठ के शशिकांत महासचिव व ईश्वर उपाध्यक्ष मनोनीत

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार प्रदेश जदयू व्यवसाय प्रकोष्ठ के महासचिव के पद पर शशिकांत गुप्ता को मनोनीत किया गया है वही ईश्वर अग्रवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है यह मानो नयन व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनजी प्रसाद ने जारी पत्र में किया है शशिकांत गुप्ता मच रोड और ईश्वर अग्रवाल झवगंज के रहने वाले हैं इन दोनों के मनोनियां पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा प्रदेश प्रवक्ता विधान पार्षद नीरज कुमार ललन श्रॉफ संजय गांधी को बधाई दी गई है साथी आशा जताई गई की संगठन को यह दोनों नेता और मजबूत करते हुए प्रदेश के विकास में और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मजबूत कर बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता को बताने के साथ ही उसका लाभ भी दिलाएं।

चोरी के आरोप में एक चोर को किया गया गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर चोरी का कंगन बेचने जा रहे छोटी बदलपुरा से टिपू कुमार को गिरफ्तार किया। उसके पासे पुलिस ने चोरी के दो कंगन बरामद किया। बरामद सोने का कंगन विगत 15 दिसंबर को छोटीबदलपुरा निवासी रवीन्द्र कुमार सिन्हा के यहां चोरी हुए था पुलिस गिरफ्तार टिपू से पुछताछ में जुटी है। वही पुलिस ने जनरेटर चोरी मामले में फरार चल रहे सैदपुरा निवासी प्रमोद कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि विगत 15 दिसंबर को छोटीबदलपुरा निवासी रवीन्द्र कुमार सिन्हा के बंद घर का ताला तोड बदमाशो ने चोरी कर ली थी। जिसका छानबीन चल रहा था। इसी क्रम मे सूचना मिली कि एक युवक चोरी का कंगन बेचने जा रहा है। सूचना पर मोतीचौक के पास टिपू कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी गये कंगन बरामद किया गया है। टिपू पहले भी चोरी मामले में जेल जा चुका है। इस मामले में शामिल दो और चोर फरार है। जल्दी ही उसे भी गिरफ्तार किया जायेगा। उन्होने बताया कि जनरेटर चोरी मामले में प्रमोद कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत से भेज दिया गया है।

चाइना निमोनिया से निबटने को मेडिसिन व शिशु में 40 बेड सुरक्षित

26 को हो सकता दीदी की रसोई का उद्घाटन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

निमोनिया चाइन का प्रकोप देश में बढ़ा है। साथ ही कोरोना के नए वेरिएंट का मरीज का मिलना भी देश में शुरू हो गया है। ऐसे में नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भी इन दोनों बीमारी की चपेट में आए मरीजों के इलाज के लिए तैयार है। इस संबंध में अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर सरोज कुमार ने बताया कि निमोनिया चाइना के संबंधित खतरे को देखते हुए अस्पताल प्रशासन विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और चिकित्सकों के साथ बैठक कर लगातार समीक्षा कर रहा है। डेंगू लगभग समाप्त हो चुका है। अब डेंगू के मरीज न के बराबर आ रहे हैं। ऐसे में मेडिसिन विभाग में रहे 30 बेड के डेंगू वार्ड को ही निमोनिया चाइना से ग्रसित मरीज के इलाज के लिए सुरक्षित कर दिया गया है। इसके अलावा दस बेड शिशु विभाग में भी सुरक्षित रखा गया है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस परिसर में फिलहाल प्री फेब्रिकेटेड मेडिसिन वार्ड में बेड रिजर्व रखा गया है।

प्राचार्य डॉ उषा कुमारी, अधीक्षक डॉ राजीव रंजन, मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिन्हा, शिशु रोग के विभाग अध्यक्ष डॉ बिनोद कुमार सिंह, माइक्रोबायोलॉजी के एचओडी डॉ संजय कुमार, पैथो के डॉ सीपी जायसवाल सहित अन्य चिकित्सकों के साथ लगातार बीमारी को लेकर समीक्षा और मंथन किया जा रहा है।

इधर दीदी की रसोई के लिए उपाधीक्षक कार्यालय के सटे पश्चिम की ओर भवन बनाना है। यहां रहे पुराने भवन को तोड़ा दिया गया है। हालांकि इसके बनने में देर होगी। इस कारण से डीएस कार्यालय के दक्षिण में स्थित पाकशाला में ही दीदी की रसोई को फिलहाल शुरू करने की योजना है। इसे लेकर 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा इसका उद्घाटन किया जा सकता है। हालांकि अभी तक पूरी तरह से कार्यक्रम तय नहीं हो पाया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का दौरा हो रहा है।

प्रधानमंत्री की विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ नगर विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह ने किया स्वागत

आरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का नेतृत्व करते सदर विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह जी सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ आम्रपाली मार्केट, आरा एवं मारुती नगर कैंप कर वहां उपस्थित सभी लोगो से केंद्र सरकार की योजनाओं पर संवाद करते हुए विधायक जी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश में योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जो वंचित हैं उनके लिये यह मोदी गारंटी रथ यात्रा मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सभी को मजबूत भारत के निर्माण के लिए संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले चेहरा देखकर योजनाएं बनाई जाती रहीं। गैर भाजपा सरकारों के एजेंडे में गांव, गरीब, सामान्य नागरिक, महिलाएं और नौजवान शामिल नहीं होते थे। आज देश में गरीबों और जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, गरीबों के घर में निशुल्क शौचालय, जनधन अकाउंट योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम सम्मान निधि और पीएम स्वनिधि जैसी तमाम लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष लव पाण्डेय, नगर अध्यक्ष जीतू चौरसिया, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बबलू सिंह, मनदीप तिवारी, विकाश कुमार, मोनू कुमार, विनीत प्रताप सिंह, मिंटू सिंह, पिंटू सिंह, सुरेश बिन्द के समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

सरस मेला में भारतीय संस्कृति की झलक: बाइस्कोप देश की विरासत एवं संस्कृति से नई पीढ़ी को करा रहा है अवगत

प्रात :किरण संवाददाता

पटनाः आधुनिकता के इस दौर में सदियों पूरानी ग्रामीण शिल्प, हस्तकला एवं कलाकृतियों का क्रेज बिहार सरस मेला में देखने को मिल रहा हैं ' आम से लेके खास तक अपने घर झ दुकान के साज-सज्जा हेतु लिए ग्रामीण महिला उद्धमियों द्वाएवं स्वरोजगारियों द्वारा रा निर्मित उत्पाद एवं व्यंजनों की जमकर खरीददारी कर रहे हैं ' और यही वजह है कि मेला में खरीद-बिक्री का आंकड़ा उतरोत्तर वृद्धि कर रहा है। बिहार सरस मेला के चौथे दिन सोमवार 18 दिसंबर को लगभग 94 लाख 56 हजार रुपये के उत्पादों एवं व्यंजनों की खरीद-बिक्री हुई ' महज 4 दिनों में लगभग 2 करोड़ 15 लाख रुपये के उत्पादों की खरीद-बिक्री हुई है ' खरीद झबिक्री का आंकड़ा स्टॉल धारकों से लिए गए आंकड़ो पर आधारित होता है ' अनुमानतः मेला के चौथे दिन तक 2 लाख से ज्यादा लोग आये।

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति , जीविका के तत्वाधान में बिहार सरस मेला 15 से 29 दिसंबर 2023 तक गाँधी मैदान, पटना में सुबह 10 बजे से सायं 8 बजे तक आयोजित है '

बिहार समेत 22 राज्यों से आई स्वयं सहायता समूह से जुडी ग्रामीण महिला उद्यमी अपने-अपने प्रदेश की हस्तशिल्प, लोक कला , संस्कृति एवं व्यंजनों का प्रदर्शन एवं बिक्री कर रही है ' जीविका दीदियों द्वारा संचालित मधुग्राम से मध एवं शिल्पग्राम उत्पादक कम्पनी के स्टॉल से बड़े पैमाने परिधानों एवं हस्तशिल्प की प्रदर्शनी एवं बिक्री हो रही है। व्यंजन परिसर में जीविका दीदी की रसोई के साथ ही व्यंजनों के विभिन्न स्टॉल पर शुद्ध, देशी एवं पौष्टिक व्यंजन का लुत्फ आगंतुक उठा रहे हैं ' मक्के की रोटी , चने की साग, बरा मिठाई, खाझा , नीरा स्टॉल पर खजूर से बने बर्फी और गुलब जामुन, इमरती , आंवले ला लड्डू, बालूशाही, सहजन एवं मशरूम समेत अंत पारम्परिक अचार, तीसी के लड्डू, गुड़ का लड्डू और मछली तथा झींगा से बने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की खूब खरीद-बिक्री हो रही है ' खादी, सिल्क एम मलबरी से बने परिधान , कपड़े , साडी , दुपट्टा, पेटीकोट , ब्लाउज चादर, सोफा एवं टेबल कवर, तकिया आदि के प्रति आगंतुकों का क्रेज देखते ही बन रहा है ' इसके साथ कालीन, रनर, आसनी, सजावट के सामान , पावदानी भी खूब बिक रहे हैं ' टेराकोटा से बने घर- दुकान सजावट के उत्पाद , चीनी मिटटी एवं सेरामिक से बने किचेन के उत्पाद ग्रहणियों के लिए पहली पसंद बने हुए हैं ' लाह से बनी चूड़ियों के निर्माण का जीवंत प्रदर्शन एवं आगंतुकों के मन माफिक डिजाइन एवं साइज में लहठी एवं चूड़ी का जीवंत निर्माण एवं बिक्री जारी है ' मुज्जफरपुर से आई कुरैशा खातून लाह की लहठी एवं चूड़ियों का निर्माण कर रही हैं ' कुरैशा जी वर्ष 2019 से सहारा जीविका महिला स्वयं सहायता समूह से जुडी हैं ' समूह से दस हजार रूपया ऋण लेकर इन्होने चूड़ी निर्माण शुरू किया था ' अब वो स्थानीय स्तर पर तो चूड़ी एवं लहठी की बिक्री करती ही हैं रास्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित विभिन्न मेला एवं प्रदर्शनियों में भी चूड़ी एवं लहठी की बिक्री कर रही हैं ' जीविका के संबल एवं सहयोग से अब वो कुशल उद्यमी के तौर पर राष्ट्रीय पटल पर जाना- पहचाना चेहरा हैं ' अब वो चूड़ी एवं लहठी निर्माण का प्रशिक्षण भी देती हैं '

इसके साथ ही प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेमिनार, परिचर्चा, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक सरस मेला परिसर में आयोजित हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत मुख्य मंच पर सुशीला श्रीकला के कलाकारों ने लोक गीत एवं गजल की प्रस्तुति की ' लोक गायिका गुडिया गिरी एवं गायक शिवम् सागर द्वारा लोक गीत की प्रस्तुति की गई ' ह्लकौन दिशा में लेके चला रे बटोहियाह्व एवं ह्लजइसन सोचले रहनी वईसन धनिया मोर बाड़ी झसांवर ना गोर बाड़ी हो ह्लसमेत कई गीतों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झुमाया ' मंच संचालक श्री गुलाम रहे ' इसके पूर्व महिला एवं बाल विकास निगम के तत्वाधान में मंथन कला परिषद् के कलाकारों द्वारा नाटक बेटी बहादुर की प्रस्तुति की गई ' नाटक के माध्यम से दहेज उन्मूलन अभियान के प्रति दर्शकों को जागरूक किया गया ' कलाकारों में पूजा, अंजलि, रजनीकांत , रोहन, दीना नाथ, सज्जाद , अमन एवं प्रशांत आदि रहे ' नाटक के निर्देशक प्रमोद कुमार रहे ' तत्पश्चात कला संस्कृति एवं युवा विभाग के तत्वाधान में लोक गीत एवं सुगम संगीत का कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई ' कलाकारों में श्वेता और निशा ने लोक गीत एवं सुगम गीत के तहत ह्लए भैया हमके पढाई द , समाज में मान-सम्मान बढाई दह्व जैसे लोक गीतों ने पुराने संस्कृति की यादें ताजा कराई।

सेमिनार हॉल में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा सहकारी आन्दोलन में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के योगदान पर चर्चा हुई ' इस कार्यक्रम में श्रीमती श्वेता खुज्जुर द्वारा सहकारी आन्दोलन के विषय वस्तु और उसके प्रभाव पर प्रकाश डाला ' दुसरे पहर में जीविका द्वारा ज्ञान एवं कौशल का समागम का आयोजन किया गया ' इस कार्यक्रम के तहत जीविका के रोजगार थीम द्वारा रोजगार प्राप्त युवक-युवतियों ने अपना अनुभव बताया ' युवक-युवतियों के बीच क्विज कार्यक्रम भी आयोजित किया गया ' इस कार्यक्रम में श्रीमती रूचि सिंह, राज्य परियोजना प्रबंधक, श्रीमती नजिस बानो , राज्य परियोजना प्रबंधक और अरविन्द कुमार उपस्थित रहे ' कार्यक्रम के अंत में रोजगार प्राप्त युवक-युवतियों को श्री रंजित कुमार, मुख्य वित्त अधिकारी, जीविका ने प्रमाण झपत्र वितरित किया ' मंच संचालन श्रीमती शुभांगी , युवा पेशेवर , जीविका ने किया।

विभिन्न योजनाओं के प्रति आगंतुकों को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों एवं बैंकों के स्टॉल भी सुशोभित हैं । बच्चों के लिए फन जोन एवं पालना घर सजाये गए हैं ' आगंतुकों के लिए सरस मेला परिसर में कैशलेश खरीददारी की भी व्यवस्था की गई है ' जीविका दीदियों द्वारा संचालित ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से आगंतुकों एवं स्टॉल धारकों के लिए ग्राहक सेवा केंद्र की भी उपलब्धता है। बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ ही सतत जीविकोपार्जन योजना के बिहार में सफल क्रियान्वयन की झलक दिखेगी । अत्यंत गरीब परिवारों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान की बानगी भी सतत जीविकोपार्जन योजना समेत लगभग सभी स्टॉल पर प्रदर्शित हो रही है । बाइस्कोप के प्रति भी लोगों का क्रेज देखते ही बन रहा है ' सरस मेला परिसर में बने देशी सेल्फी जोन सहज ही लोगों को आकर्षित कर रहे हैं ' सरस मेला में स्वच्छता का खास ध्यान रखा गया है। साथ ही मेला परिसर में सिंगल युज प्लास्टिक पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं।

वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन

महाप्रबंधक खंडेलवाल ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

हाजीपुर। एमएसएमई सेक्टर में वेंडरों को बढ़ावा देने के उद्देय से भारत सरकार के एमएसएमई-डीएफओ के सहयोग से पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय हाजीपुर में वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में लगे सुक्ष्म, लघु और मध्यम इंटरप्राइजेज को वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम में आमंत्रित किया गया था। इसके तहत उद्यमियों के सहयोग से औद्योगिक प्रदर्शनी भी लगायी गयी ।इस अवसर पर महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। महाप्रबंधक ने उद्यमियों को रेलवे से जुड़े उत्पादों के उत्पादन हेतु प्रोत्साहित किया । यह देश के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई इकाईयों को नए बाजार सुविधा, नए बाजार श्रृजन, आदि के बारे मे जागरूकता, वेंडर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के बारे मे जागरूकता, बेहतर पैकेजिंग, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में नवीनतम चलन, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में भाग लेना, स्फूर्ति योजना, क्लस्टर विकास योजना, इत्यादि के बारे में वृहद रुप से जागरुक करना है।

सीनियर डिवीजन फुटबॉल लीग मैच में राज मिल्क एफसी ने शानदार जीत हासिल की

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत वीएन शर्मा इंस्टीच्यूट खेल मैदान, में चल रही लीग के दूसरे मैच में राज मिल्क के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। शुरूआती गेम में जोरदार मुकाबला पर 30 मिनट के बाद राज मिल्क के खिलाड़ी हावी रही। खेल के पहले हाफ में सन्नी टुडू द्वारा खेल के 38वें और 43वें म

उद्योगपतियो को उद्योग लगाने के लिए और सुविधाएं प्रदान की जायेगी : समीर

किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए किया जा रहा काम : सर्वजीत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि राज्य सरकार सूबे में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। दो दिवसीय इन्वेस्टर मीट के माध्यम से देश-विदेश की अनेको कम्पनियों ने 50 हजार 530 करोड़ का उद्योग लगाने के लिए पूंजी निवेश पर जो हस्ताक्षर किये हैं ये बिहार के लिए मील का पत्थर साबित होगा। साथ हीं साथ इससे बिहार के नौजवानों को नौकरियां और रोजगार मिलेगी। मंत्री मंगलवार को राजद प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को आयोजित सुनवाई कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार में और अधिक पूंजी निवेश के लिए उद्योगपतियो को उद्योग लगाने में मदद के लिए और सुविधाएं प्रदान की जायेगी। इसी के तहत बिहार में इंडस्ट्री पॉलिसी, आईटी पॉलीसी, पर्यटन पॉलीसी, कृषि पॉलीसी के माध्यम से कृषि, उद्योग और पर्यटन के क्षेत्र में निवेश के लिए लोगों को आकर्षित किया जायेगा। इन्होंने यह भी कहा कि बिहार में तीन बातें जुड़ जाये तो राज्य चैगुणा तरक्की करेगा जिसमें जल प्रबंधन समझौता को भारत सरकार आगे बढाये तो बाढ़ की आपदा से भी बिहार को बचाया जा सकता है। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और स्पेशल इकनॉमी जोन में बिहार को शामिल कर लिया जाय तो आर्थिक विकास को और गति मिल जायेगा। इस अवसर कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने कहा कि बिहार में कृषि विभाग ने पहली बार एक छत के नीचे किसानों को सभी तरह की सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रखंड स्तर पर कृषि क्लीनिक खोलने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है जिसका मुख्य उद्देश्य है किसानों को फसल उत्पादन संबंधित सभी सेवायें यथा मिट्टी जांच की सुविधा, बीज विश्लेषण, कीट व व्याधि प्रबंधन संबंधित सुझाव, पौधा संरक्षण संबंधित छिड़काव के लिए आवश्यक उपकरणों एवं तकनीकी सेवा विस्तार देकर किसानों के हित में उनलोगों के माध्यम से कार्य लिया जा रहा है जो कृषि कॉलेजों से पढ़कर निकले हैं, उन्हें कृषि क्लीनिक के कार्यों में लगाकर बिहार में कृषि तथा किसानों को आय का श्रोत बनाने का कार्य किया जा रहा है।

इससे किसानों को काफी लाभ होगा और उनके लिए भी वैसी हीं सुविधाएं खेती के लिए क्लीनिक उपलब्ध होगी जैसे प्रखंड स्तर पर पीएचसी अस्पताल के माध्यम से लोगों को ईलाज की सुविधा मिलती है। प्रदेश राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि अगले मंगलवार यानि 26 दिसंबर को सुनवाई कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ सुरेन्द्र प्रसाद यादव तथा सूचना एवं प्रोद्योगिकी मंत्री मो इसराइल मंसुरी जी उपस्थित रहेंगे। आगे यह भी बताया कि लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रतिवेदन मंत्री द्वय के समक्ष रखा जिसे सुनकर कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभाग और जिला के पदाधिकारियों को दी गई। इस अवसर पर राजद प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, प्रदेश महासचिव संजय यादव एवं डॉ प्रेम कुमार गुप्ता भी मंत्री द्वय के साथ सुनवाई कार्यक्रम में शामिल रहे। लिए केरल कांग्रेस एम से जोश के मणि, आरएसपी से एनके प्रेमचंद्रन और वीसीके से थिरुमावलावन, एमडीएमके से वाइको, केरल कांग्रेस जोसेफ से पीसी थॉमस, फॉरवर्ड ब्लॉक से देवराजन, एमएमके से मोहम्मद जवाहिरुल्लाह, केएमडीके से ई आर ईश्वरन और पीडब्लूपी से जयंत प्रभाकर पाटिल दिल्ली आएंगे।

नीतीश कुमार के अथक प्रयास से एकजुट हुआ विपक्ष : जमा

● कहा- मोदी सरकार को जनता की समस्याओं से कोई मतलब नहीं

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खां ने कहा कि हमारे नेता नीतीश कुमार के अथक प्रयास के बदौलत देशभर का विपक्ष एक मंच पर एकजुट हुआ है। मंगलवार को जनता दल यू मुख्यालय में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की शिकायतों को सुनकर उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सिर्फ बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता चाहती है कि नीतीश कुमार देश का नेतृत्व करें। देश के संविधान, लोकतंत्र और आपसी भाईचारा को बचाने के लिए देश की आम आवाम हमारे नेता नीतीश कुमार की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। उन्होंने कहा कि देश और दुनिया में हमारे नेता की छवि विकास पुरुष के तौर पर उभरी है। इतने लम्बे राजनीतिक जीवन के बाद भी उन्होंने कभी जाति और धर्म के नाम पर कोई विवादास्पद बयान नहीं दिया। सांसदों के निलंबन पर श्री जमा खां ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार को जनता की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। उन्हें सिर्फ अपने कुर्सी की चिंता है और वो जनता से झूठ बोलकर कुर्सी बचाए रखना चाहते हैं। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

विपक्षी सांसदों पर की गई कार्रवाई निंदनीय : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने विपक्षी 92 सांसदों को शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित करने की कार्रवाई की तीखे शब्दों में निंदा की है। भाकपा राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने बयान जारी कर कहा कि विपक्षी सांसदों पर हमला लोकतंत्र पर हमला है। संसद की सुरक्षा उल्लंघन का मामला उठाने पर सांसदों का सामूहिक निलंबन हमारे देश में लोकतंत्र के अस्तित्व पर सवालिया निशान है। भाजपा को संसद की सुरक्षा में अपनी विफलता स्वीकार करनी चाहिए। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि भाजपा सरकार में लोकतंत्र, और संविधान खतरे में है। संसद में हुए हमले पर जवाब देने के बजाए विपक्षी सांसदों पर कार्रवाई की जा रही है। भाजपा सरकार देश को तानाशाही रास्ते पर ले जा रही है। भाजपा को लोकतंत्र और संविधान में विश्वास नहीं है। भाकपा राज्य सचिव ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से सभी सांसदों का निलंबन वापस लेने की मांग की है।

विपक्षी दल के सांसदों के साथ अलोकतांत्रिक व्यवहार कर रही भाजपा : उमेश कुशवाहा

● बोलें- एक साथ 141 सांसदों का निलंबन इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी दल के सांसदों के निलंबन पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मोदी सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जनप्रतिनिधियों के संवैधानिक अधिकारों को सदन में रौंदा जा रहा है। संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर सवाल पूछ रहे विपक्षी सांसदों को अलोकतांत्रिक तरीके से निलंबित करना सीधे तौर पर देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा सदन के एक सत्र में अब तक कुल 141 सांसदो को निलंबित किया गया है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहली घटना है जब एक सत्र में इतनी बड़ी संख्या सांसदों को निलंबन हुआ है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार चाहती है कि देश का संसद विपक्ष विहीन हो जाए। ऐसा होने से भाजपा को संविधान बदलने में सहूलियत मिलेगी। मोदी सरकार द्वारा यह सारा प्रपंच सिर्फ. संविधान को बदलने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सदन में इतनी बड़ी घटना हो गई लेकिन देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने अब भी संसद में आकर बयान देने की हिम्मत नही जुटाई। और विपक्ष का सांसद अगर संसद की सुरक्षा को लेकर सरकार से सवाल पूछता है तो असंवैधानिक ढंग से उनकी आवाज को दबा दिया जाता है। श्री कुशवाहा ने कहा कि जनता द्वारा लोकतांत्रिक प्रक्रिया से सांसदों का चुनाव होता है। ताकि वो अपने क्षेत्र के जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाएं लेकिन उन्हें सदन में इस प्रकार से अपमानित करना भारत के लोकतंत्र का अपमान है। देश का विपक्ष जनता की आवाज होता है। विपक्ष को दबाना, जनता की आवाज को दबाने के बराबर है।

सांसदों का निलंबन लोकतंत्र की हत्या : भाई अरुण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार ने कहां कि केंद्र सरकार के ने100 से अधिक सांसदों का निलंबन कर स्वतंत्र भारत के इतिहास में एक नया काला इतिहास रचने का काम किया है जो कि लोकतंत्र की हत्या है। कहा कि आज के पहले किसी मुद्दे को लेकर इस प्रकार से सांसदों का निलंबन नहीं किया गया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार की तानाशाही का परिणाम पूरा देश देख रहा है। भारतीय जनता पार्टी की मंशा विपक्ष मुक्त संसद है, जिससे कि उसके किसी कदम का विरोध कोई नहीं कर सके। कहा कि भाजपा सरकार की इस कार्रवाई का राष्ट्रीय जनता दल भरपूर विरोध करता है। श्री कुमार ने कहा कि सांसदों का निलंबन अविलंब वापस हो।

स्थापना दिवस पर कांग्रेस करेगी लोस चुनाव का शंखनाद : अखिलेश

● स्थापना दिवस के अवसर पर 28 को समारोह का होगा आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कांग्रेस 2024 के लोक सभा चुनाव का शंखनाद करने जा रही है। इसके लिए बिहार कांग्रेस प्रदेश भर में पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 28 दिसम्बर को समारोह का आयोजन करेगी। ज्ञात हो कि देश की सबसे पुरानी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस उस दिन 138 साल पूरा कर 139वें में प्रवेश कर जायेगी। इस अवसर पर प्रदेश भर के सभी मतदान केन्द्रों, प्रखंडों, जिलों एवं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सुबह 9 बजे तक कांग्रेस का झंडा फहराने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके अलावा कांग्रेस नेता अपने कार्यकताओं एवं आम लोगों को सम्बोधित भी करेंगे। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने इसके लिए सभी मोर्चा संगठनों, सभी विभागों, सभी प्रकोष्ठों एवं सभी जिलों के अध्यक्षों को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं। इसमें प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों एवं प्रखंड मुख्यालयों में भी कांग्रेस का झंडा फहराया जाना है। प्रत्येक बूथ पर ऐसा करने के लिए खास तौर पर कहा गया है। प्रदेश अध्यक्ष डा सिंह ने कहा है कि सभी जिला, प्रखंड और मतदान केन्द्रों पर सुबह 9 बजे तक पार्टी का झंडा फहराने का आयोजन करें एवं कार्यकताओं और आम लोगों को सम्बोधित करें। उन्होंने बताया कि इस अवसर को यादगार बनाने के लिए पार्टी आलाकमान राष्ट्रीय स्तर पर नागपुर में हम तैयार हैं के युद्धघोष के साथ एक महारैली का आयोजन कर रही है। हमारा उद्देश्य कांग्रेस की विचारधारा को बढ़ावा देने एवं स्वतंत्रता संग्राम के साथ राष्ट्र निर्माण में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका का प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने प्रदेश भर के पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि हर स्तर पर खासकर मतदान केन्द्रों पर पार्टी का झंडा फहराने की तैयारी के लिए प्रारंभिक बैठक प्रारंभ कर दें। उन्होंने सबों को 20 दिसम्बर तक तैयारी बैठकों में भाग लेने का निदेश दिया है और इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों का लेखा-जोखा प्रदेश मुख्यालय को भेजने के लिए कहा है।

महाप्रबंधक खंडेलवाल की पहल से लंबित समस्या का एक सप्ताह के भीतर निराकरण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

रेलकर्मी के आश्रित रीमा कुमारी ने परिवाद निवारण के लिए निर्धारित तिथि 12 दिसंबर को महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल से मुलाकात कर पिछले कई महीनों से लंबित अपनी समस्या से महाप्रबंधक को अवगत कराया था। महाप्रबंधक ने रेलकर्मी के आश्रित की समस्या को काफी गंभीरता से लेते हुए रेलवे बोर्ड से समन्वय स्थापित कर सभी अड़चनों को दूर करते हुए कई महीनों से लंबित जटिल समस्या का महज एक सप्ताह के भीतर निराकरण किया । महाप्रबंधक के इस पहल से रेलकर्मियों में काफी हर्ष है। कर्मचारी कल्याण के प्रति महाप्रबंधक की यह पहल रेलकर्मियों को और अधिक निष्ठा के साथ कार्य निष्पादन हेतु प्रेरक का काम करेगा। विदित हो कि रेल से जुड़े स्टेक होल्डर की समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से उनकी समस्याओं के समाधान के लिए महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार को निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में रजिस्टर्ड करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं। इसी क्रम में मंगलवार को 04 रेलकर्मी/उनके आश्रित से महाप्रबंधक ने मुख्यालय, हाजीपुर में अपने कक्ष में मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं से अवगत हुए। महाप्रबंधक ने विस्तारपूर्वक उनकी समयाओं को सुना तथा प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की गयी । इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

खंडेलवाल ने की विभागाध्यक्षों के साथ बैठक

महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने मंगलवार को सुबह मुख्यालय में विभागाध्यक्षों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में कोहरे में संरक्षित रेल परिचालन, समय-पालन में आने वाली अड़चनों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। आज की बैठक में अपर महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश सहित सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे ।

बिवि के कुलपति के खिलाफ जाप ने किया राजभवन मार्च

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जन अधिकार पार्टी लो ने मंगलवार को बिहार विश्वविद्यालय में कुलपति के खिलाफ प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव प्रेमचंद सिंह और राजेश रंजन पप्पू के नेतृत्व में कार्यकताओं ने राजभवन मार्च किया, जिसे जिला प्रशासन द्वारा आयकर चौराहे पर रोक दिया गया। उसके बाद राकेश कुमार, प्रभात रंजन झा, आकाश सिंह राठौड़, चुन्नू सिंह और श्याम किशोर राय ने राजभवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। छात्रों की प्रमुख मांगे थी। राजभवन मार्च को सम्बोधित करते हुए जाप राष्ट्रीय महासचिव प्रेमचंद सिंह ने कहा कि बिहार विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा छात्रों का भविष्य चौपट किया जा रहा है। आने वाले समय में जन अधिकार पार्टी विश्वविद्यालय में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ राजव्यापी आंदोलन करेगी। राष्ट्रीय महासचिव राजेश रंजन पप्पू ने कहा कि छात्रों का भविष्य बर्बाद करने वाले कुलपति को इस्तीफा देना होगा। प्रदर्शन में राघवेंद्र कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव प्रेमचंद सिंह राष्ट्रीय महासचिव राजेश रंजन पप्पू प्रदेश प्रवक्ता अभिजीत सिंह पटना जिला अध्यक्ष सच्चिदानंद यादव, छात्र नेता गौतम आनंद, मनीष यादव, आजाद चाँद, प्रिया राज, दीपांकर, रौशन सहित सौकड़ों लोग शामिल थे।

बोली को भाषा में बदलने वाले अंगिका के दधीचि थे परमानंद पाण्डेय

जयंती पर साहित्य सम्मेलन में दोनों मनीषियों को दी गयी काव्यांजलि

● महाकवि रामचंद्र जायसवाल ने हिन्दी-काव्य को नूतन ऊर्जा दी

● डा राजवर्द्धन आजाद का हुआ अभिनन्दन, कवि अर्जुन प्रसाद सिंह को मिला स्मृति-सम्मान !

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अंग प्रदेश में बोली जाने वाली एक बोली को, भाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने वाले महाकवि डा परमानन्द पाण्डेय को अंगिका में वही स्थान प्राप्त है, जो खड़ीबोली में भारतेन्दु का है। इन्हें अंगिका का पाणिनि कहना भी अतिशयोक्ति नहीं है। पाण्डेय जी ने इसे संजीवनी दी और उत्कर्ष तक पहुँचाया। सच्चे अर्थों में वे अंगिका के दधीचि थे। उनका संपूर्ण जीवन एक संत-ऋषि की भाँति साहित्य और समाज की सेवा में व्यतीत हुआ। यह बातें मंगलवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में अंग-कोकिल परमानन्द पाण्डेय और महाकवि रामचंद्र जायसवाल की जयंती पर आयोजित समारोह और कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि पाण्डेय जी ने अंगिका का व्याकरण लिखा। महाकवि जायसवाल को स्मरण करते हुए डा सुलभ ने कहा कि रामायण और गीता को खड़ी बोली में उतारने का एक बड़ा श्रेय महाकवि को जाता है। प्रबंध-काव्य को उनसे बड़ा बल प्राप्त हुआ। इस वर्ष का महाकवि रामचंद्र जायसवाल स्मृति-सम्मान कवि अर्जुन प्रसाद सिंह को प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष तथा बिहार विधान परिषद में सद्यः मनोनीत सदस्य डा राजवर्द्धन आजाद ने उन्हें अंग-वस्त्रम, प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिन्ह और दो हजार एक सौ रूपए की सम्मान राशि देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व सम्मेलन की ओर से, डा आजाद का, विधान परिषद में मनोनीत किए जाने पर अभिनन्दन किया गया। उन्हें सम्मानित करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष ने कहा कि साहित्य, चिकित्सा और शिक्षा में अत्यंत मूल्यवान योगदान देने वाले डा आजाद का परिषद में मनोनयन, संपूर्ण प्रबुद्ध-समाज का सम्मान है।

अपने उद्गार में डा आजाद ने कहा कि महकवि परमानन्द पाण्डेय और रामचन्द्र जायसवाल जैसे कवियों ने देश और साहित्य के लिए अपना सारा जीवन अर्पित किया। साहित्य, जिसका अर्थ ही सबका हित करना है, समाज में प्राण और ऊर्जा भरता है। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, सुप्रसिद्ध संस्कृति-कर्मी पारिजात सौरभ, डा परमानंद पाण्डेय के सुपुत्र और कवि ओम् प्रकाश पाण्डेयह्लप्रकाशह्व, प्रो आनन्द मूर्ति, डा अंजनी राज, उदय कुमार मन्ना, अवध बिहारी सिंह, प्रो सुशील कुमार झा तथा बाँके बिहारी साव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। मुख्य अतिथि डा राज वर्द्धन आजाद, आज के सम्मानित कवि अर्जुन प्रसाद सिंह, कुमार अनुपम, जय प्रकाश पुजारी, यगेश कुशवाहा, ई अशोक कुमार, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, डा पंकज कुमार सिंह, डा पल्लवी विश्वास आदि कवियों और कवयित्रियों ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। वैशाली ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष शशि भूषण कुमार, कामिनी कुमारी, अमन वर्मा, अल्पना कुमारी, डा चंद्रशेखर आजाद, देव प्रकाश, ललन प्रसाद, मनोज कुमार भगत, नन्दन कुमार मीत आदि प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

रेल मुख्यालय में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

पटना। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में सभी विभागों के कार्यालय अधीक्षक, मुख्य कार्यालय अधीक्षकों, लिपिकों, आशुलिपिकों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए रेलेतर मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ अनिशा ने कहा कि हिंदी संघर्ष की भाषा है और उसका स्वरूप बदलता रहा है। हिंदी में कार्य करने के लिए परंपरागत माध्यमों के साथ नए माध्यमों को अंगीकार करना होगा। आज के दौर में कई ऐप हैं जो हिंदी सिखा रहे हैं और हिंदी का प्रचार-प्रसार बढ़ रहा है। भारतीय रेल पूरे देश को जोड़ता है और हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए स्वंय सबसे बड़ा माध्यम है। हमें हमारी मानसिकता को बदलना होगा और अपनी भाषा पर गर्व करना होगा। हमें अपनी भाषा में कट्टरता नहीं, उदार होना चाहिए। तकनीक का सदुपयोग हमें आगे बढ़ा सकता है, इसमें कोई संदेह नहीं है। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया और अपने-अपने विचार रखे।

मुआवजा भुगतान में बेवजह विलंब करने वाले अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री ने सख्त कार्रवाई करने का दिए निर्देश

● विभाग के अपर मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने की समीक्षा बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

रैयतों को मुआवजा भुगतान में विलंब को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग गंभीर है। रैयतों को मुआवजा भुगतान में विलंब के मुद्दे को विभागीय मंत्री आलोक कुमार मेहता ने भी गंभीरता से लिया है। मंत्री ने कहा कि वेबजह भुगतान में विलंब करने वाले अधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग के अपर मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने मंगलवार उन जिला भू-अर्जन पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछने का आदेश दिया जहां की परियोजना में मुआवजा का भुगतान 20 फीसदी से भी कम हुआ है और इस वजह से वहां परियोजना की प्रगति बाधित है। बैठक में सभी जिला भू अर्जन पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि दर को लेकर या किसी अन्य कारण से अगर रैयत मुआवजा लेने को अनिच्छुक है तो वहां रैयतों को निश्चित अंतराल पर 3 बार नोटिस दें। इसके बावजूद भी अगर लोग मुआवजे की राशि को लेने को लेकर अनिच्छुक हैं तो उस राशि को आर्बिट्रेटर या यायाधिकरण में जमा कर दिया जाए। बैठक में कई जिलों में जिला भू अर्जन पदाधिकारियों के पदस्थापित रहते भूमि सुधार उप समाहर्ता को काला बनाए जाने को मुद्दे को विभाग ने गंभीरता से लिया है। अपर मुख्य सचिव ने निदेशक भू अर्जन को निदेश दिया कि इस संबंध में एनएच और एनएचएआई को पत्र लिखा जाए कि जिला भू अर्जन पदाधिकारियों को काला यानि भू अर्जन हेतु सक्षम प्राधिकार बनाया जाए। जिस जिले में जिला भू अर्जन पदाधिकारी पदस्थापित नहीं हैं वहीं डीसीएलआर को सक्षम प्राधिकार बनाया जाए। बैठक में वंशावली के मुद्दे पर अस्पष्टता की वजह से मुआवजा भुगतान में विलंब का मसला भी उठा। इस संबंध में पंचायती राज विभाग को पत्र लिखकर अनुरोध करने का निर्णय लिया गया कि जबतक इस संबंध में अंतिम निर्णय नहीं लिया जाता है तबतक पुराने तरीके से वं शावली निर्माण की व्यवस्था ही चलने दिया जाए। पूर्व में सरपंचों द्वारा वंशावली बनाया जाता था किन्तु कुछ माह पूर्व पंचायती राज विभाग ने इसे बंद करने का आदेश दिया था। बैठक में एनएचएआई से संबंधित 65 से अधिक परियोजनाओं की समीक्षा की गई। सभी मामलों में मुआवजा भुगतान में तेजी लाकर अधियाची विभाग को जमीन का दखल कब्जा जल्द से जल्द सौंपने का निदेश दिया गया।

भू अर्जन से संबंधित सभी दस्तावेजों की स्कैनिंग कराकर सुरक्षित कर लें :

बैठक में अपर मुख्य सचिव ने सभी जिला भू अर्जन पदाधिकारियों को कहा कि वो भू अर्जन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों की स्कैनिंग कराकर उन्हें सुरक्षित कर लें। जिन दस्तावेजों की स्कैनिंग की जा रही है उनमें अधियाचना, अधिसूचना, अधिघोषणा, पंचाट, दखल-कब्जा सौंपने और मुआवजा भुगतान से संबंधित दस्तावेज शामिल हैं। फिलहाल विभाग द्वारा सभी जिलों के राजस्व संबंधी दस्तावेजों की स्कैनिंग का बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में रेलवे, मेट्रो, एसएसबी समेत राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई और सभी में मुआवजा भुगतान में तेजी लाकर परियोजना को समय से पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में विभाग के सचिव, जय सिंह, निदेशक भू अर्जन सुशील कुमार, सहायक निदेशक आजीव वत्सराज समेत सभी जिलों के भू अर्जन पदाधिकारी और सभी अधियाची विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

चतुर्थ कृषि रोड मैप में किसानों के लिए विकसित किया जा रहा है डिजिटल प्लेटफार्म

कृषि विभाग एवं माइक्रोसेव कंसटेनसी के बीच हुआ समझौता ज्ञापन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत एवं सचिव संजय कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में मंगलवार को कृषि भवन ` बिहार के किसानों के लिए एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म को विकसित करने के लिए कृषि विभाग एवं माइक्रोसेव कंसल्टेंसी के बीच समझौता ज्ञापन किया गया। इस समझौता ज्ञापन पर कृषि विभाग के तरफ से कृषि निदेशक डॉ आलोक रंजन घोष तथा माइक्रोसेव कंसल्टेंसी के तरफ से प्रबंध निदेशक मनोज कुमार शर्मा ने हस्ताक्षर किया। बिल एवं मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन की वरीय कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ श्रीवल्ली कृष्णन भी उपस्थित रहीं। चतुर्थ कृषि रोड मैप, 2023-28 में किसानों को सरल भाषा में डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सुविधा पहुँचाने के लिए कृषि में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित विस्तृत परियोजना के एक घटक एकीकृत डिजिटल फार्मर्स सर्विसेज के क्रियान्वयन हेतु शुरूआत की गई। इस एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से राज्य के किसान कृषि एवं संबद्ध विभागों की सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन कर पायेंगे। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नवीनत्तम तकनीकों का इस्तेमाल करके राज्य के किसानों को और बेहतर कृषि संबंधित सेवाएँ प्रदान की जायेगी। ज्ञातव्य हो कि कृषि विभाग द्वारा तृतीय कृषि रोड मैप के कार्यक्रमों में डेटा संग्रह प्रणाली विकसित की गई तथा किसानों को योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सुविधाएं प्रदान की गई। चतुर्थ कृषि रोड मैप में किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि सेवायें हेतु एक एकल प्लेटफॉर्म की आवश्यकता महसूस की गई है। डिजिटल फार्मर्स सर्विसेज के माध्यम से कृषि एवं संबद्ध विभागों की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन करने सहित अन्य सेवाएँ जैसे मौसम की जानकारी, कृषि सलाह संबंधित सेवाएँ, कृषि उत्पाद का बाजार मूल्य और वित्त सेवाएं आदि की दिशा में कार्य करेंगा। इस प्लेटफॉर्म पर सार्वजनिक, निजी और गैर लाभकारी सेवा प्रदाताओं को शामिल किया जायेगा, ताकि बिहार के किसान कृषि पारिस्थितिकी तंत्र में उपलब्ध सभी प्रकार की सुविधाओं का लाभ एक ही स्थान पर प्राप्त कर सके। इस प्लेटफॉर्म का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि कृषि संबंधित सभी संसाधनों को एक स्थान पर एकीकृत कर विकसित किया जाये। इस प्लेटफॉर्म में किसानों के लिए शिकायत निवारण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी तथा किस स्तर पर उनके आवेदन लंबित है, पर त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी। एकीकृत डिजिटल फार्मर्स सर्विसेज को विकसित करने के लिए बिल एवं मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा सम्पोषित किया जा रहा है। इस समझौता ज्ञापन के अवसर पर कृषि विभाग से उप निदेशक (शष्य), सूचना डॉ राजेश कुमार, सहायक निदेशक, (कृषि अभियंत्रण) शगुफ्ता अकबरी तथा माइक्रोसेव के पुनीत चोपड़ा, मितुल थपलियाल तथा अनुरोध गिरी उपस्थित थे।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई–निविदा सूचना

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा०/पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा नीचे लिखे हुए कार्य के संपादन हेतु सक्षम, अनुभवी, वैध विद्युत कन्ट्रेक्टर लाईसेन्स, तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय क्षमता धारक संवेदक से निम्न कार्य के लिए भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा संख्या एवं तिथि : ई.एल.–जी–एसपीजे–19–ईटी–23–24 (खुली), **क्रम सं० : 1. कार्य का नाम तथा स्थान :** एसएसई/(विद्युत)/सहरसा के अधिकार क्षेत्र में ABSS के तहत विभिन्न स्टेशनों पर नए/मौजूदा स्टेशन भवन के प्रावधान के साथ–साथ बेहतर यात्री सुविधाएं, उच्च स्तरीय प्लेटफार्म, पीपी शेल्टर, पुराने भवन के पुनर्निर्माण के साथ प्लेटफार्म की सतह में सुधार और 12 मीटर चौड़े FOB के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। **2. कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 2,49,67,252.46, **3. बयाने/निविदा सुरक्षा की राशि :** रु. 2,74,800.00 निविदा प्रपत्र का मूल्य :– शून्य, **4. प्रस्ताव की वैधता (दिन) :** 60 दिन, **5. निविदा बन्द होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय –** 05.01.2024 को 12:00 बजे तक। ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 05.01.2024 को 12:30 बजे। **6. वेबसाईट का विवरण जहाँ

संक्षिप्त खबरें

आत्महत्या के लिए मजबूर करने वालों पर कठोर कार्रवाई की मांग

दरभंगा भाकपा (माले) और इंसाफ मंच के नेता मकसूद आलम पप्पू खां ने बहेड़ा थाना के फरदाहा की नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर दो सालों से अवैध संबंध बनाने और बाद में पंचायत में शादी करने से इंकार करके आत्महत्या के लिए मजबूर करने वालों पर कठोर कार्रवाई की मांग किया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार ने उनसे मिलकर बताया कि उनकी बेटी को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया गया हैं। समाज में पंचायत और थाना में लिखित आवेदन देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो मजबूरन उसकी बेटी ने सुसाइड नोट लिख कर आत्महत्या कर ली। पप्पू खां ने कहा कि इंसाफ मंच व भाकपा(माले) पीड़ित परिवार के साथ हैं। जल्द ही इंसाफ मंच और ऐपवा की टीम फरदाहा जाकर घटना की जानकारी ग्रामीणों से मिलकर जानेगी और उसके बाद आगे की दिशा तय करेंगी।

पुलिस ने विदेशी शराब के साथ बाईक किया जब्त

मधुबनी खजौली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सुक्की साईफन से नेपाली निर्मित विदेशी शराब सहित बाईक जब्त कर लिया. पुलिस को देखते ही बाईक चालक बाईक छोड़ भागने में सफल रहा. पुअनि इंद्रदेव सिंह के लिखित आवेदन पर खजौली थाना में एफआईआर हुआ है. दर्ज एफआईआर के अनुसार पुलिस गस्त कर रही थी. उसी समय बाईक में शराब ले जाने की गुप्त सूचना मिली. पुलिस ज्योहीं सुक्की साईफन पहुंचा तो बाईक चालक बाईक छोड़ भागने लगा. पुलिस बल ने पीछा किया लेकिन वह भाग निकला. बाईक की तलाशी ली गई. बाईक के सीट के भीतर एवं झोला से 26 बोतल नेपाली निर्मित विदेशी शराब जब्त किया।. जिसमें एसी ब्लैक की ग्यारह बोतलें एवं मैगडोल नम्बर वन का पंद्रह बोतलें पाया गया. थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने बताया कि शराब तस्कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी होगी

प्रशासन ने चलाया सघन अतिक्रमण अभियान

मधुबनी नगर पंचायत प्रशासन के तत्वावधान में सोमवार की शाम सघन अतिक्रमण अभियान चलाया गया। आएईएस ईओ पार्थ गुप्ता के नेतृत्व में नप कर्मियो के लाव लश्कर के द्वारा मेन रोड में अतिक्रमण अभियान चलाकर हजारो रुपए वसूले गये। ईओ श्री गुप्ता ने बताया की सोमवार को उनके प्रशिक्षण का अंतिम दिन है। उन्होंने शहर के सभी बुद्धिजीवी व्यापारियों व लोगो से अपील किया कि शहर को सुन्दर व स्वच्छ बनाने के लिए अतिक्रमण अभियान मे सहयोग करे। उन्होंने कहा हम तो बस चंद दिनो के लिए प्रशिक्षण में आये है। प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी लोगो में शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में आगे आये। ताकि सभी के सहयोग से शहर अतिक्रमण मुक्त रहेगा। जबतक आप नही चाहेंगें तबतक शहर स्वच्छ व अतिक्रमण मुक्ति संभव नही है। अभियान मेनरोड के नप कार्यालय से शुरू होकर सुरेका अतिथि भवन तक चला। इधर अभियान से शहर में अतिक्रमण कारियो के बीच हड़कंप मची थी। अभियान में ईओ अमित कुमार समेत अन्य कर्मी मौके पर थे। बता दें कि नप द्वारा सड़क पर लगाये गये चार फीट का अतिक्रमित बोर्ड से लोग व दुकानदार परेशान है। जिसे नही सिफ्ट किया गया।

आंगनबाड़ी केंद्र का मुखिया द्वारा हुआ उद्घाटन

पुरैनी (मधेपुरा) ग्राम पंचायत राज पुरैनी अंतर्गत पिपरपाँती टोला वार्ड संख्या 2 में समेकित बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 56 में मुखिया विनोद कांबली के द्वारा फीता काट कर आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ किया गया। मौके पर श्रीमती बटनी देवी, वार्ड सदस्य, सरपंच उमेश सहनी, उपमुखिया सुभाष सहनी, सेविका शर्मिली देवी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

आपदा मित्र ने दिया एक दिवसीय धरना

मधेपुरा । बीएन मंडल स्टेडियम परिसर में जिले के सैकड़ों की संख्या में आपदा मित्र ने एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान जमकर प्रदर्शन की गई। बता दें आपदा मित्र बिहार के मुखिया नीतीश कुमार से विकास मित्र और टोला सेवक जैसे स्थाई तौर पर नियोजन की मांग करते हुए बताया कि हम लोग आपदा की प्रशिक्षण लेकर पटना से आए है और जब कभी जिले में कोई आपदा आ जाता है तो हम लोग आपदा से निपटने का हर संभव कार्य भी करते आ रहे हैं लेकिन हम लोगों को समय पर कोई रुपया नहीं मिलता है।

केंद्रीय श्रमिक संगठन सीटू के संस्थापक अध्यक्ष कॉमरेड बीटी रणदिवे के 119वें जन्म दिवस पर दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा श्रमिक संगठन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियनह्व सीटू ह्व के संस्थापक कॉमरेड बी टी रणदिवे के 119वें जन्मदिवस के अवसर पर दरभंगा जिला ट्रेड यूनियन कोआर्डिनेशन कमिटी ऑफ ट्रेड यूनियन्स एंड सर्विस एसोसिएशन की ओर से उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। लहेरियासराय स्थित अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के सभागार में ह्वसीटूह्व नेता कॉमरेड दिनेश झा की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कोआर्डिनेशन कमेटी के संयोजक फूल कुमार झा ने संबोधित करते हुए कहा कि कॉमरेड बी टी रणदिवे जिन्हें लोग बीटीआर के नाम से जानते हैं। देश में मजदूर आंदोलन के इतिहास में अग्रणी भूमिका के तौर पर जाने जाते हैं। देश की आजादी के बाद मुंबई में कपड़ा मिल में कार्यरत मजदूरों के अधिकारों के लिए शुरू हुआ उनका संघर्ष जीवन पर्यंत चलता रहा और पूरी जिंदगी शिद्दत के साथ मजदूर वर्गों के हितों के लिए संघर्षों में सक्रिय रहे। कर्मचारी नेता अरविंद कुमार राय ने बी टी रणदिवे को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश में मजदूर वर्गों के लिए होने वाले आंदोलनों के इतिहास के नवरत्नों में से एक थे। इस अवसर पर सीटू के बिहार राज्य कमेटी सदस्य सत्य प्रकाश चौधरी ने कॉमरेड बी टी रणदिवे को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बीटीआर एक महान श्रमिक नेता, अद्भुत प्रतिभा के धनी मार्क्सवादी चिंतक एवं मजदूरों के प्रति समर्पित क्रांतिकारी व्यक्तित्व थे, जिन्होंने केंद्रीय श्रमिक संगठन सीटू ह्वकी स्थापना कर भारतीय मजदूर वर्ग के क्रांतिकारी संघर्ष को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का सफल कार्य किया। इस अवसर पर महासंघ के पूर्व अध्यक्ष फकीरा पासवान ने कहा कि कॉमरेड बी टी रणदिवे महान श्रमिक नेता के साथ-साथ प्रखर स्वतंत्रता सेनानी थे। इस अवसर पर तारा कांत पाठक,अश्विनी कुमार झा,मो. ईशा खां,अजय कुमार अनल,राजीव कुमार,हरे राम झा, वीरेंद्र कुमार पासवान, आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

व्यवसायियों की अपनी सुरक्षा हेतु आर्म्स लाइसेंस निर्गत करें राज्य सरकार : अर्जुन गुप्ता

प्रात : किरण संवाददाता

पटना :- अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भाजपा नेता अर्जुन गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राज्य सरकार से बिहार के व्यवसायियों को उनकी आत्म सुरक्षा हेतु ज़िला में कैम्प लगा उन्हें आर्म्स लाइसेंस निर्गत करने की माँग की श्री गुप्ता ने कहा कि सरकार को सबसे ज्यादा टैक्स देने वाला व्यक्ति अगर अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित रहता है यह सभी समाज के लिए चिंता का विषय है क्योंकि एक व्यावसायिक समाज ही होता है जो समाज के हर वर्ग के सुख और दुःख दोनों में सहयोग करने का काम करता है लेकिन जब जब बिहार में महागठबंधन की सरकार बनती है यह समाज काफी सहमा हुआ होता है यह सच्चाई भी है अभी जब से बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी है तब से बिहार में सबसे ज्यादा हत्या व्यावसायिक वर्ग की ही हुई है जिससे बिहार के व्यावसायिक वर्ग काफी सहमा हुआ है लगातार बिहार के व्यवसायियों की हत्या होना और उनके आरोपी अपराधियों कि गिरफ़्तारी नहीं होना कही न कही सरकार की संरक्षण को भी बढ़ावा देता है ऐसे में बिहार के प्रमुख व्यवसायी वर्ग अब बिहार से पलायन को मजबूर हो रहे है श्री गुप्ता ने कहा की पिछले तीन माह में लगभग तीन दर्जन व्यवसायियों की हत्या कर दी गई है जबकि प्रत्येक ज़िला में सैकडो व्यवसायीयो की उनके आत्मा रक्षा हेतु आर्म्स लाइसेंस कि अनुज्ञप्ति कार्यालय का शोभा बढ़ाने का काम कर रहा है ऐसे में राज्य सरकार को तत्काल एक आदेश निकाल बिहार के व्यवसायियों को उनकी आत्मा रक्षा हेतु उन्हें आर्म्स लाइसेंस निर्गत करने का आदेश सभी ज़िला पदाधिकारी को देना चाहिए जिससे की बिहार में व्यावसायिक वर्ग अपनी सुरक्षा स्वयं कर सके

शिव नाडर विश्वविद्यालय ने नामांकन प्रक्रिया किया प्रारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

भारत के सबसे युवा इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस शिव नाडर विश्वविद्यालय ने 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। विश्वविद्यालय अपने चार स्कूलों में इंजीनियरिंग, प्राकृतिक विज्ञान, प्रबंधन एवं उद्यमिता, और मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान के लिए आवेदन स्वीकार कर रहा है। आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट (www.snu.edu.in) पर उपलब्ध है। विश्वविद्यालय ने 12वीं कक्षा में अपने स्कूलों में शैक्षणिक प्रदर्शन में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले छात्रों के लिए 2024-25 के लिए एक नई छात्रवृत्ति भी शुरू की है। छात्रवृत्ति संबंधी विवरण इस वेबसाइट लिंक https://snuadmissions.com/ पर उपलब्ध हैं।डॉ. अनन्या मुखर्जी, कुलपति, शिव नाडर विश्वविद्यालय, दिल्ली-एनसीआर ने कहा आगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए प्रवेश शुरू हो गया है और हम प्रतिभाशाली छात्रों को अपने चुने हुए क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित करते हैं। शैक्षणिक उत्कृष्टता के अलावा, हमारा संस्थान नवाचार, अनूठी सोच और समग्र भावनात्मक एवं शारीरिक विकास को बढ़ावा देता है। शिव नाडर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस के पास एक बेहद सफल कैरियर डेवलपमेंट सेंटर है। पिछले साल, विश्वविद्यालय के स्नातकों को गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, गोल्डमैन साच्स, पीडब्लूसी यूबीएस पालो ऑल्टो, सिलिकॉन लैब्स, मैकिन्से, एलएंडटी एयरबस, होंडा, जे के टायर्स आदि सहित प्रमुख कंपनियों द्वारा नौकरी प्रदान की गई थी। शिव नाडर विश्वविद्यालय के बहुत से स्नातकों को भारत और विदेशों में शीर्ष संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता है और कुछ अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद पीएचडी प्रोग्राम में सीधे प्रवेश प्राप्त करते हैं। यह विश्वविद्यालय की चार वर्षीय स्नातक अनुसंधान डिग्री के महत्व और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी प्रतिभा को निखारने की हमारी क्षमता को दशार्ता है। 2011 में स्थापित, शिव नाडर विश्वविद्यालय 286 एकड़ के विशाल आवासीय परिसर में फैला हुआ है, जिसमें 3000 से अधिक छात्र और 250 से अधिक संकाय सदस्य रहते हैं। 2022 में इसे श्इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंसश का दर्जा दिया गया। विश्वविद्यालय के पास अपने-अपने क्षेत्र के कार्य का बेहतरीन अनुभव रखने वाले विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित संकाय सदस्य हैं। यहां कक्षाओं से आगे जाकर 50 से अधिक क्लबों और सोसाइटियों के साथ सीखने के अवसर मिलते हैं। कुछ लोकप्रिय क्लबों में स्थायित्व के लिए सहयोगी डिजाइन, मॉडल संयुक्त राष्ट्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, फोटोग्राफी, रोबोटिक्स और कई अन्य शामिल हैं। विश्वविद्यालय में खेल और शारीरिक तंदुरुस्ती को सीखने और विकास का एक अभिन्न हिस्सा माना जाता है। यह छात्रों के लिए उपलब्ध विश्वस्तरीय खेलकूद की सुविधाओं और विभिन्न गतिविधियों का घर है। इनमें 90,000-वर्ग फीट का भव्य इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और 5,71,410 वर्ग फीट का आउटडोर अंतरराष्ट्रीय मानक वाला खेल मैदान और स्क्वैश, बैडमिंटन, घुड़सवारी प्रशिक्षण की सुविधाएं शामिल हैं।

भाजपा सोशल मीडिया मुख्यालय प्रभारी बने सतीश कुमार दास

प्रात : किरण संवाददाता

पटनाः भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश द्वारा सोशल मीडिया प्रभारीयों की सूची जारी की गई। जिसमे श्री सतीश कुमार दास को बिहार मुख्यालय प्रभारी नियुक्त किया गया । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपी । मुख्यालय प्रभारी (सोशल मीडिया प्रकोष्ठ)की। जिसके बाद उपस्थित प्रदेश कार्यकारिणी के कई सदस्यों ने उन्हें बधाईयां दी। सोशल मीडिया प्रभारी की नियुक्ति के बाद सतीश कुमार दास ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उनको सौंपी है वह इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण भाव के साथ निभाएंगे और गरीबों के हित के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुचाना उनकी जिम्मेदारी है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने भाजपा के जिला एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। मौके पर प्रदेश संयोजक अनमोल सोवित, कला संस्कृति प्रकोष्ठ के पटना महानगर अध्यक्ष मिथुन कुमार और विकाश मेहता ने हर्ष व्यक्त किया।

बलिप्रथा शुरू होने से मां श्याम भक्तों में खुशी की लहर

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा मिथिलांचल के प्रसिद्ध मां श्यामा माई मंदिर परिसर में बलि प्रदान पर मां श्यामा मंदिर न्यास समिति के द्वारा रोक लगाने के निर्णय से भक्तों के बीच आक्रोश फैलता ही जा रहा था। मां श्यामा भक्त न्यास समिति के फैसले के विरूद्ध आंदोलन शुरू कर दिया। जिसके देखते हुए माँ श्यामा न्यास समिति ने श्यामा मंदिर में बलि प्रथा रोक का निर्णय शर्तो के साथ वापस लिया है। शर्तो के अनुसार बलि प्रथा में मंदिर प्रशासन की कोई भूमिका नही होगी। भक्त निजी व्यवस्था कर मंदिर परिसर में बलिप्रदान कर सकते है। मंदिर प्रशासन बलि प्रथा को लेकर ना तो कोई कर्मी देगा, ना ही इसके बदले किसी प्रकार का शुल्क लिया जाएगा। उक्त बातें की जानकारी देते हुए माँ श्यामा न्यास समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र मोहन झा ने कहा कि बली प्रथा का विरोध या समर्थन न्यास समिति नहीं करती है। जिनकी जैसी श्रद्धा है वो कर सकते है। इसके लिए कोई भी शुल्क नहीं लिया जायेगा। बली प्रदान के लिए किसी प्रकार का कोई व्यक्ति मंदिर के द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जायेगा। मां श्यामा न्यास समिति शांति पुर्वक बली प्रदान को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। वही उन्होंने कहा कि जो लोग इस बलिप्रथा का समर्थन या विरोध कर रहे है। उनको किसी प्रकार का ठेस इस निर्णय से नहीं पहुंचेगा। क्योकि समिति ने सबको ध्यान मे रख कर निर्णय किया है। यह निर्णय दरभंगा मां श्यामा माई न्यास समिति बोर्ड का है। बता दें यह मंदिर दरभंगा महाराज रामेश्वर सिंह की चिता पर है। यहां तांत्रिक पद्धति से माता काली की पूजा-अर्चना की जाती है। इस चिता भूमि पर वैवाहिक व मांगलिक कार्यक्रम होते हैं। शक्ति पीठ की तर्ज पर शास्त्रानुसार यहां बलि प्रदान करने की परंपरा है, जिसे नव गठित न्यास समिति ने रोक दिया था। इधर बलि प्रदान पर रोक के बाद श्रद्धालुओं में आक्रोश गहराने लगा था। मां श्यामा भक्त सड़को पर उतरकर बलिप्रथा को पुनः बहाल करने की मांग करने लगे। जिसे देखते हुए न्यास समिति ने बलिप्रथा नियम में कुछ बदलाव करते हुए रोक हटा लिया है। यह निर्णय दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रौशन के साथ बैठक के बाद, कुछ नियम में बदलाव के बाद लिया गया है।

किसानों को लंबित फसल क्षतिग्रस्त अनुग्रह अनुदान देने की मांग

दरभंगा बहेड़ीप्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष स्थित धरनास्थल पर मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता महेश चन्द्र चौधरी उर्फ आशाराम चौधरी के नेतृत्व में अटहर दक्षिणी पंचायत के वर्ष 2018 की ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को लंबित फसल क्षतिग्रस्त अनुग्रह अनुदान देने की मांग को लेकर आमरण अनशन शुरू किया गया।

इस अवसर पर अनशनकारियों के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि चार वर्षों से ओलावृष्टि प्रभावित 8 सौ से अधिक कृषकों के लिए आवंटित 25 लाख रुपए से अधिक फसल क्षतिग्रस्त अनुग्रह अनुदान की राशि का 4 वर्षों से नही मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने कहा कि तेलहन, दलहन व रब्बी की अन्य फसलों के उत्पादक किसानों के लिए आवंटित उक्त राशि का 4 वर्षों से प्रखंड नजारत में रखना निंदनीय है।श्री चौधरी ने राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस कथन पर कि राज्य के खजाना पर पहला अधिकार आपदा प्रभावितों का है का कार्यरूप नही दिया जाना प्रशासनिक पदाधिकारियों के निकम्मेपन का प्रमाण बताया।

किसान समन्वयक द्वारा पीक एण्ड चुज के आधार पर कुछ किसानों को आपदा कि राशि देकर अधिकांश किसानों का लंबित रखना जाँच का विषय बनता है।अनशन पर आशाराम चौधरी के साथ, जगन्नाथ राय, रामविनोद राय, दया यादव, रामकृपाल राय, मो॰ सुभराती, राजगीर यादव, सुशील कुमार मंडल, हरेराम दास, रामचंद्र महतो, मो॰ मुस्तकीम, जयराम मुखिया, सुनील कुमार यादव व लालबाबु यादव बैठे हुए थे।इस बीच मांग की गंभीरता को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी शिल्पी कुमारी के हस्तक्षेप से प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी विश्वनाथ चौधरी , किसान समन्वयक शंभूनाथ झा, विवेकानंद सिंह, मिथिलेश की उपस्थिति में एक सप्ताह के भीतर प्रभावित किसानों को फसल क्षतिग्रस्त अनुग्रह अनुदान की राशि बैंक खातों में भेज देने के आश्वासन पर शाम में अनशनकारियों ने अनशन समाप्त कर दिया।

चार व्याख्यान माला का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा । दर्शनशास्त्र विभाग, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के तत्वावधान में मंगलवार को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अंतर्गत संचालित भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित व्याख्यान-माला का आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत चार व्याख्यान आयोजित होगा। राष्ट्र-निर्मीण के लिए व्यक्ति-निर्माण आवश्यक : प्रो. मनोज कुमार प्रथम व्याख्यान सामाजिक परिवर्तन एवं राष्ट्र-निर्माण के वक्ता प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि राष्ट्र मात्र एक भौगोलिक इकाई नहीं है, बल्कि यह एक भावनात्मक संरचना है। राष्ट्र का तात्पर्य है राष्ट्र के नागरिक या लोग। यदि किसी राष्ट्र के सभी नागरिकों का राष्ट्र के प्रति भावनात्मक लगाव नहीं हो, तो वह सही मायने में राष्ट्र नहीं कहला सकता है। उन्होंने कहा कि भारत में विभिन्न भाषाओं, धर्मों एवं सम्प्रदायों के लोग रहते हैं। हमारे बीच कई प्रकार की विभिन्नताएँ हैं। इसके बावजूद भारत एक राष्ट्र है। क्योंकि हम सभी भारतवासियों में एकात्मबोध है। उन्होंने कहा कि सही मायने में राष्ट्र का विकास तभी होगा, जब राष्ट्र के आमलोगों का विकास होगा। अतः समाज एवं सरकार की नीतियों का निर्धारण आम लोगों को केंद्र में रखकर करने की जरूरत है। आम लोगों के लिए हितकारी हो प्रौद्योगिकीः प्रो. विजय कुमार द्वितीय व्याख्यान प्रौद्योगिकी दर्शन के वक्ता प्रो. विजय कुमार ने कहा कि प्रौद्योगिकी प्रत्येक युग में रही है और उससे समाज का गहरा संबंध रहा है। हमने सभ्यता के विकास के क्रम में मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न प्रौद्योगिकियों का सहारा लिया है। लेकिन आज प्रौद्योगिकी मनुष्य जीवन को नियंत्रित एवं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रौद्योगिकी का मुख्य इस्तेमाल सैनिक उद्देश्यों एवं आर्थिक लाभ के लिए किया जा रहा है। इसके कारण बेरोजगारी एवं विषमता बढ़ी है और इससे मानव-जीवन एवं प्राकृति-पर्यावरण पर भी संकट के बादल छाए हैं। अतः हमें वैसी प्रौद्योगिकी की जरूरत है, जो लाभ आम लोगों के लिए हितकारी हो। दूसरों के लिए जीने का संदेश देती है भारतीय संस्कृति : प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी तृतीय व्याख्यान भारतीय संस्कृति में निहित नैतिक मूल्य के वक्ता प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के लिए जीने का संदेश देती है। इसमें सभी मनुष्यों एवं संपूर्ण चराचर जगत के कल्याण की कामना की गई है। यह वसुधैव कुटुंबकम्-एवं सर्वेभवन्तु सुखिनः का आदर्श प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि संस्कृति वास्तव में निरंतरता का नाम है। भारतीय सांस्कृतिक परंपरा अपने नैतिक मूल्यों के कारण आज भी सतत विकासमान है। प्रकृति पर निर्भर है हमारा संपूर्ण जीवन : प्रो. नरेश प्रसाद तिवारी चतुर्थ व्याख्यान पर्यावरण-नैतिकता विषयक था। इसके वक्ता प्रो. नरेश प्रसाद तिवारी ने कहा कि हमारा संपूर्ण जीवन प्रकृति पर निर्भर है। हम प्रकृति- पर्यावरण से ही प्राणवायु ऑक्सीजन लेते हैं और अन्न-जल ग्रहण करते हैं। हमारे जन्म से लेकर मृत्युपर्यंत तक की सभी जरूरतें प्रकृति-पर्यावरण से ही पूरी होती है। उन्होंने कहा कि प्रकृति- पर्यावरण का संरक्षण हम सबों का नैतिक दायित्व है। इसके लिए हमें भारतीय परंपरा में निहित आध्यात्मवाद को जीवन में अपनाना होगा। हमें यह समझना होगा कि संपूर्ण चराचर जगत एक ही ईश्वर का अंश है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव, स्वागत भाषण मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष शंकर कुमार मिश्र, संचालन दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर और धन्यवाद ज्ञापन गणित विभागाध्यक्ष ले. गुड्डू कुमार ने किया। तकनीकी व्यवस्था शोधार्थी द्वय सौरभ कुमार चौहान एवं सारंग तनय ने संभाला। इस अवसर पर डॉ. अनिल तिवारी (सागर), डॉ. अजीत कुमार ठाकुर (मुंगेर), डॉ. उषा सिन्हा, डॉ. सिद्धेश्वर काश्यप, डॉ. रौशन कुमार, डॉ. हिमांशु शेखर सिंह, गौरव कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

अगले 5 दिनों तक न्यूनतम तापमान में नहीं होगा बदलाव

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 24 .0 एवं 8.0 डिग्री सेल्सियस रहा। मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान के अनुसार 20से 24दिसम्साबर तक अगले 5दिनो में न्यूनतम तापमान 8 से 10,डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की सम्भावना है। अधिकतम तापमान 21से 23 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। इस अवधि में आसमान में हल्के बादल छाए रह सकते हैं। मौसम शुष्क रहेगा। पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 3-4 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की संभावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 85 प्रतिशत तथा दोपहर में 45 से 55 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि सब्जियों में निकाई-गुड़ाई एवं आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। सब्जियों की फसल जैसे मटर, टमाटर, बैगन, मिर्च में फल छेदक कीट का प्रकोप दिखने पर स्पिनोसेट 48 ई०सी०/ मि०ली० प्रति 4 ली० पानी या क्वीनलफॉस 25 ई०सी० दवा का 1.5 से 2 मि०ली० प्रति लीटर की दर से छिड़काव करें। गेहूँ की 21-25 दिनों की फसल में प्रति हेक्टेयर 30 किलोग्राम नेत्रजन उर्वरक का व्यवहार करें। पहली सिंचाई के बाद गेहूं की फसल में कई प्रकार के खर-पतवार उग आते है। यह गेहूं की बुआई के 30 से 35 दिनों के बाद की अवस्था है। इन खरपतवारों का विकास काफी तेजी से होता है और ये गेहूँ की बढ़वार को प्रभावित करती है जिससे उपज प्रभावित होता है। इन सभी प्रकार के खरपतवारों के नियंत्रन हेतु सल्फोसल्फ्युरॉन 33 ग्राम प्रति हेक्टर एवं मेटसल्फ्युरॉन 20 ग्राम प्रति हेक्टर दया 500 लीटर पानी में मिलाकर खड़ी फसल में पर छिड़काव करें। गेहूँ की पिछात किस्मों की बुआई करें। इसके लिए एचयूडब्लू 234 डब्लूआर 544, एच० आई० 1563. राजेंद्र गेहूं-1 एच डी 2967 तथा एचडब्लू 2045 किस्में इस क्षेत्र के लिए अनुशंसित है। प्रति किलोग्राम बीज को 2.5 ग्राम बेबीस्टीन की दर से पहले उपचारित करें। पुनः बीज को क्लोरपायरिफॉस 20 ई०सी० दवा का 8 मि०ली० प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें। बुआई के पूर्व खेत की जुताई में 40 किलोग्राम नेत्रजन, 40 किलोग्राम फॉसफोरस एवं 20 किलोग्राम पोटास प्रति हेक्टेयर डालें जिन क्षेत्रों में फसलों में जिंक की कमी के लक्षण दिखाई देती हो वैसे क्षेत्रों के किसान खेत की अन्तिम जुताई में जिंक सल्फेट 25 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से व्यवहार करें। छिटक विधि से बुआई के लिए प्रति हेक्टेयर 150 किलोग्राम तथा सीड डील से पंक्ति में बुआई के लिए 125 किलोग्राम बीज का व्यवहार करें बुआई पूर्व खेतों की हल्की सिंचाई अवश्य करें ताकि बीजों का समुचित जमाव सुनिष्चित हो सके।

दो दिवसीय सीपीएसई स्तर विक्रेता विकास कार्यक्रम सह औद्योगिक प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के अंतर्गत एमएसएमईझ्रविकास कार्यालय, पटना द्वारा पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर के साथ संयुक्त रूप से पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, रेल मंत्रालय, भारत सरकार, हाजीपुर के सभागार में दो दिवसीय (19 एवं 20) बिहार राज्य के उद्योग संघों, चैम्बर्स एवं समीपवर्ती जिले में कार्यरत उद्यमियों के सहयोग से सीपीएसई स्तर विक्रेता विकास कार्यक्रम सह औद्योगिक प्रदर्शनी का कार्यक्रम का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समीर कुमार महासेठ, मंत्री, उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हेमंत कुमार, प्रधान मुख्य सामाग्री प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, रेल मंत्रालय, भारत सरकार, हाजीपुर सम्मलित हुए ककार्यक्रम में विशिस्ठ अतिथि के रूप में सुमन कुमार गुप्ता, वैज्ञानिक ई व निदेशक, भारतीय मानक बिउरो, पटना, सत्यप्रकाश, उप-महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, पटना, इंडियन ऑइल कापोरेंशन लिमिटेड, बरौनी, पावरग्रिड, पटना, व्हील प्लांट, बेला , एनटीपीसी, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारिगण, अन्य संबन्धित राज्य सरकार, केंद्र सरकार , बैंक, उद्योग संघो इत्यादि के वरिष्ठ अधिकारिगण की गरिमामय उपस्थिती व सहभागिता रहीक कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यालय के निदेशक प्रदीप कुमार , आई॰ई॰डी॰एस॰ द्वारा की गई क कार्यक्रम में अन्य अतिथि के रूप में श्याम भीमसरिया, अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती, पटना, आशीष रोहतगी, उपाध्यक्ष, बिहार उद्योग संघ , पटना, साधना झा, ट्रजरर, बिहार महिला उद्योग संघ , पटना एवं अन्य एमएसएमई हितधारक कार्यक्रम मे सम्मलित कार्यक्रम मे सम्मलित हुए एवं उनके द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। कार्यक्रम के उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए समीर कुमार महासेठ, मंत्री, उद्योग विभा , बिहार सरकार ने बिहार राज्य के एमएसएमई उद्यमियों के लिए कार्यक्रम को लाभकारी बताया एवं वर्तमान वैश्विक परिस्थिति में प्रतिस्पर्धा में अपने को सक्षम बनाने हेतु एक कदम बताया।

काकोरी कांड के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शहीद खुदीराम बोस स्मारक स्थल पर काकोरी कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजली समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी व साहित्यकार हरिकिशोर प्रसाद सिंह ने की। काकोरी के शहीदों की शहादत को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी आन्द

संक्षिप्त खबरें

महिला प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

रिविलगंज। प्रखंड के पंचायत उप चुनाव में खाली दो ग्राम पंचायत सदस्य पद एवं चार ग्राम कचहरी पंच पद पर एक एक महिला प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया था और सभी महिला प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। ग्राम पंचायत इनई वार्ड संख्या 07 से ग्राम पंचायत सदस्य पद पर संजू देवी, मुकरेड़ा पंचायत वार्ड संख्या 11 से ग्राम पंचायत सदस्य पद पर पिंकी देवी , खैरवार पंचायत वार्ड संख्या 01 से ग्राम कचहरी पंच पद पर पिंकी देवी एवं खैरवार पंचायत वार्ड संख्या 03 से ग्राम कचहरी पंच पद पर नागेश्वरी देवी , मुकरेड़ा पंचायत के वार्ड संख्या 05 से ग्राम कचहरी पंच पद पर पुनम देवी और कचनार पंचायत के वार्ड संख्या 14 ग्राम कचहरी पंच पद पर गुड्डी देवी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। मालूम हो कि प्रखंड के पंचायत चुनाव में दो ग्राम पंचायत सदस्य पद और चार ग्राम कचहरी पंच पद रिक्त थे जिसपर उपचुनाव हुआ और सभी पदों पर एक एक महिला प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया था और सभी निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं।

निर्धन, निःसहाय के बीच ठंड से निजात दिलाने हेतु कंबल का किया गया वितरण

छपरा कार्यालय। कड़ाके की ठंड से निजात दिलाने हेतु गरीब निः सहाय व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा कोषांग के माध्यम से कंबल का वितरण जिला पदाधिकारी, सारण अमन समीर के आदेशानुसार प्रारंभ किया गया। जिला पदाधिकारी के आदेश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी छपरा सदर, मढ़ौरा एवं सोनपुर के द्वारा रात्रि काल में स्वयं क्षेत्र भ्रमण कर जरूरतमंद गरीब निः सहाय व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जिला पदाधिकारी महोदय ने प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन शाखा को शीतलहर के दौरान आम जनों के सुविधा हेतु प्रमुख चौक- चौराहा पर अलाव जलाने हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

बालू लदी ट्रक के धक्के से ट्रांसफार्मर ध्वस्त, भीषण हादसा टला

भेल्दी(सारण)।छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर सरायबक्स पलमवा पुल के समीप बालू से लदी एक ट्रक के धक्के से ट्रांसफार्मर पूरी तरह ध्वस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर पलमवा पुल के समीप एनएच के किनारे लगे ट्रांसफार्मर में बालू से लदी एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे ट्रांसफार्मर पोल समेत धाराशायी हो गया।पोल समेत ट्रांसफार्मर गिरते ही लोग इधर-उधर भागने लगे।जिस समय ट्रांसफार्मर गिरा उस समय बिजली उपलब्ध थी।हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और भीषण हादसा टल गया।

पार्षद विजया देवी के भसुर तथा पूर्व सरपँच पद के उम्मीदवार का निधन

माँझी। नगर पंचायत की मुख्य पार्षद विजया देवी के भसुर तथा माँझी पूर्वी पँचायत से सरपँच पद के पूर्व प्रत्यासी मिथिलेश यादव उर्फ डुलू यादव 65 वर्ष का पटना में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। सोमवार को माँझी श्मसान घाट पर मृतक का दाह संस्कार सम्पन्न हो गया। मुखाग्नि मृतक के ज्येष्ठ पुत्र मनोज कुमार यादव ने दी। उनकी शव यात्रा में रिविलगंज नगर पंचायत की मुख्य पार्षद के प्रतिनिधि मुकेश कुमार यादव, विट्टू कुमार राय, मुन्ना सिंह, मनोज प्रसाद, बबलू शर्मा, डॉ के डी यादव, पिन्टु ओझा तथा परमहंस प्रसाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। मृतक को दो पुत्र व दो पुत्री हैं जिनकी शादी हो चुकी हैं।

हथियार के साथ दो अपराधियों को पुलिस ने खदेड़ कर किया गिरफ्तार

गड़खा। गड़खा थाना क्षेत्र के मिठेपुर जिमेदारी टोला बगिचा में अवैध हथियार के साथ जुटे दो अपराधियों को गड़खा पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। अपराधी की पहचान गड़खा थाना क्षेत्र के मिठेपुर गांव के रंधीर कुमार राय वही दुसरा परसा थाना क्षेत्र के पतेहपुर गाँव निवासी शुभम कुमार सिंह के रूप मे हुई दोनो के पास से एक देशी बंदूक व तीन जिन्दा कारतूस व एक खोखा बरामद हुआ।थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के व्यान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष अरूण कुमार सिंह ने कहा है की मै क्षेत्र भ्रमण पर निकला था जैसे ही एनएच 722 फुर्सतपुर के पास पहुंचा तो सुचना मिला की मिठेपुर जिमेदारी टोला बगीचा मे कुछ अपराधी जुटे हुए है व अपराध की योजना बना रहे है।जिसकी सुचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए। गस्ती पर निकले गड़खा थाना के पुअनी प्रमोद सिंह के साथ मै उक्त जगह पर पहुँचा तो पुलीस की गाड़ी देख अपराधी भागने लगे।भाग रहे अपराधिओ मे से दो को पुलिस बल के सहयोग से खदेड़ कर पकड़ लिया गया। अपराधी मिठेपुर गांव निवासी रणधीर कुमार के पास से तीन कारतूस जिसमे से दो जिन्दा व एक खोखा चोरी के मोटरसाइकिल बरामद हुआ।वही शुभम कुमार सिंह के पास से एक नाली देशी बंदूक एक जिन्दा कारतूस व दो मोबाइल बरामद हुआ। पुछताछ के क्रम मे इन लोगो ने बताया की भागे हुए अपराधी गड़खा थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव निवासी अप्पू अंसारी, अलोनी गाँव के राजा शर्मा थे अन्य दो को नही पहचानते है।

जब्त बालू के ट्रकों को रखने हेतु जमीन की उपलब्धता संबंधित अंचल अधिकारी सुनिश्चित करें : जिला पदाधिकारी

जब्त अवैध बालू वाले ट्रकों को नीलाम करने हेतु जिला नीलाम समिति गठित करने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।मंगलवार को जिला पदाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा अवैध बालू के कारोबार को रोकने हेतु की जा रही छापामारी के क्रम में जब्त अवैध बालू से लदे ट्रकों को सड़कों पर लगाकर रखने पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई ।उन्होंने बैठक में बताया कि इससे यातायात के संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है ।इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिला के सभी अंचलाधिकारियों को जब्त ट्रकों को रखने हेतु जमीन का चयन कर अविलंब प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। चयनित जमीन पर रखे गए ट्रकों की नीलामी हेतु जिला नीलाम समिति के गठन हेतु प्रस्ताव देने का भी निर्देश जिला खनन पदाधिकारी को दिया गया। ताकि तत्काल कानूनी प्रक्रिया का अनुपालन कर अवैध बालू के साथ ट्रकों को भी निस्तारित किया जा सके। तत्काल सड़कों पर लगे ट्रकों को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ करने का सख्त निर्देश दिया गया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि सरकार के द्वारा जिला को राजस्व वसूली हेतु 99 करोड़ 48 लाख का वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।इसके तहत नवंबर 2023 माह तक का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। वित्तीय वर्ष के समाप्ति के पूर्व वार्षिक लक्ष्य की प्राप्ति कर ली जाएगी। जानकारी दी गई कि वर्ष 2023 में 15 दिसंबर 2023 तक अवैध बालू के कारोबार के विरुद्ध कुल 883 एफ आई आर दर्ज की गई ।इसके तहत कुल 893 गिरफ्तारी एवं 3476 वाहन जप्त किए गए हैं । बैठक में पुलिस अधीक्षक सारण डॉ गौरव मंगला ने सभी थाना प्रभारी को जप्त वाहनों की सूची एवं अध्यतन स्थिति की जानकारी अविलंब देने का निर्देश दिया। बैठक में जिला खनन टास्क फोर्स समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

67 वीं राष्ट्रीय विद्यालय प्रतियोगिता फुटबॉल अंडर-17 बालिका प्रतियोगिता 2023-24 का किया जाएगा आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण जिले में आगामी 25 दिसंबर से 29 दिसंबर 2023 तक 67वीं राष्ट्रीय विद्यालय प्रतियोगिता फुटबॉल अंडर- 17 बालिका प्रतियोगिता 2023 -24 का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से लगभग 35 टीमों के साथ लगभग 800 प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है ।सारण, छपरा जिले में इस तरह से बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की जा रही है प्रतियोगिता के आयोजन को सफल बनाने के निमित आज दिनांक 19दिसंबर 2023 को 1:00 बजे अपराह्न से जिला पदाधिकारी सारण श्री अमन समीर की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में बैठक आहूत की गई ।बैठक में पंकज कुमार राज निदेशक सह सचिव बिहार राज्य खेल प्राधिकरण भी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी महोदय ने प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस संबंध में सभी तैयारियां को स समय पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बताया गया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु विभिन्न कोषांगो का गठन कर लिया गया है ।गठित होने वाले विभिन्न कोषांग के वरीय पदाधिकारी एवं प्रभारी पदाधिकारी के द्वारा विभिन्न कार्यो को ससमय संपादित किया जाएग। फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु राजेंद्र स्टेडियम, जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय एवं मढ़ौरा अनुमंडल अवस्थित खेल के मैदान को तैयार किया जा रहा है ।मैदान को तैयार करने में तकनीकी विभागों से भी सहयोग प्राप्त किया जा रहा है। खिलाड़ियों के आवासन, खान-पान एवं आवागमन हेतु सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतियोगिता के आयोजन हेतु बनाए गए मानक परिचालन प्रकिया का अक्षरशः अनुपालन करने का भी निर्देश जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा दिया गया ।25 दिसंबर को उद्घाटन समारोह राजेंद्र स्टेडियम सारण छपरा में आयोजित किया जाएगा। सेमीफाइनल मढ़ौरा एवं छपरा में आयोजित करने के साथ-साथ फाइनल प्रतियोगिता छपरा में आयोजित की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

माँझी की प्रखंड प्रमुख कमला देवी के दो वर्ष के कार्यकाल पूरा होते ही राजनीतिक सरगर्मी हुआ तेज

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। माँझी की प्रखंड प्रमुख कमला देवी के दो वर्ष के कार्यकाल पूरा होते ही विपक्ष उनके ऊपर हमलावर हो गया है तथा उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लगाने की तैयारी में कमर कसकर तैयार है। पक्ष और विपक्ष दोनों खेमों की हो रही गोलबन्दी से पछिया हवा से उतपन्न ठण्ड के बीच माँझी में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। दोनों खेमों के सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक उठापटक और जोर आजमाइश चरम पर है। एक तरफ सत्तापक्ष अपनी कुर्सी बचाने में कोई कसर नही छोड़ना चाहता है जबकि विपक्षी गुट प्रखण्ड प्रमुख को अपदस्थ करने की फिराक में दिन रात एक किये हुए है। सत्तापक्ष की कमान प्रखण्ड प्रमुख कमला देवी के पुत्र राजेश कुमार प्रसाद तथा विपक्षी गुट की कमान ललिता देवी के पति संतोष कुमार माँझी खुद सम्भाले हुए हैं। दोनों को माँझी एकमा विधानसभा चुनाव में शामिल प्रमुख नेताओं का परोक्ष अपरोक्ष समर्थन मिल रहा है। सत्तापक्ष तथा विपक्षी खेमें के सूत्रों ने दावा किया है कि 34 सदस्यीय प्रखंड पँचायत समिति में से बहुमत से अधिक समिति सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। बताते हैं कि सत्तापक्ष से जुड़े समिति सदस्य दूसरे प्रदेश में जाकर पहले से ही भूमिगत हो चुके हैं। उधर विपक्षी गुट ने भी दावा किया है कि अविश्वास प्रस्ताव लगाने के लिए जरूरी बहुमत वाले उनके समिति सदस्य जिले में ही किसी गुप्त स्थान पर कैम्प किये हुए हैं।

नवनिर्मित शिव मंदिर के प्रांगण में होगा भगवान शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की बैठक आयोजित

माँझी। माँझी प्रखंड क्षेत्र के घोरहट मझवलिया में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्रांगण में होगा भगवान शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ। आगामी भगवान शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर सेवानिवृत्ति शिक्षक श्री लाल बाबू सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी। इसमें बताया कि 51 सदस्ययी कमेटी बनाकर यज्ञ के लिए हनुमान जी का झंडा रोपण होगा।

उक्त कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर अवध बिहारी मिश्रा ने किया। इस दौरान महायज्ञ में होने वाले व्यय तथा सहयोग राशि पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। इस पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने यथा संभव मदद देने का आश्वासन दिया। इसमें विशेष रूप से पं हरेन्दर मिश्र, श्री नरेन्द्र प्रताप मिश्र, अखिलेश्वर मिश्र, भुखल यादव, डॉ विवेकानंद तिवारी, आचार्य अनुप मिश्र, ललन सिंह, ललन साहनी, नाजीर सिंह, यमुना यादव, राधेश्याम मिश्र, रामनरेश प्रसाद व कन्हैया यादव सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में मुखिया प्रतिनिधि शैलेश्वर मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

बिहार की जनता भाजपा, महागठबंधन से है त्रस्त, चाहती है नया विकल्प- जन सुराज

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। बीते पंद्रह महीने से बिहार के गांवों में पदयात्रा कर रहे जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा है कि बिहार के लोग राजद-जदयू, भाजपा और कांग्रेस की शासन व्यवस्था से त्रस्त है। बिहारियों को मालूम है कि उक्त सरकारों ने अपने अपने कार्यकाल में बिहार की शिक्षा,खेती, रोजगार और पलायन रोकने के लिए कुछ भी नहीं किया। यही कारण है कि बिहार के 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग राज्य में नया राजनीतिक विकल्प चाहते हैं। उक्त जानकारी मंगलवार को जारी एक बयान में जन सुराज,सारण के मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने दी। उन्होंने बताया कि प्रशांत किशोर ने कार्यकताओं से जन सुराज की सोंच को घर घर जाकर पहुंचाएं और लोगों से महात्मा गांधी के सपनों का बिहार बनाने में भागीदार बनाएं। लोग चाहते हैं कि अगर बिहार में सुधार होना है तो राज्य में नया विकल्प बनना चाहिए। क्योंकि यहां के लोग पिछले 30 सालों से लालू, नीतीश और भाजपा को देख और समझ चुके हैं। यहां की जनता त्रस्त हो गई है। जनता देख रही है कि उनके जीवन में सुधार नहीं हो रहा है, लोगों को रास्ता नहीं दिख रहा है कि किसको वोट दें।

प्रशांत किशोर कहते हैं सामान्य आदमी अकेले तो पार्टी बना नहीं सकता है। ऐसे में जन सुराज वह अभियान है जो लोगों की ताकत को एकजुट कर रहा है। सभी लोग मिलकर वह विकल्प बनाएं जो बिहार में हर व्यक्ति खोज रहा है।

हमने अपने जीवन में चुनाव रणनीतिकार के रूप में उसके माध्यम से दस साल तक जो काम किया है उसके तहत पार्टियों और नेताओं को सलाह देते थे कि कैसे वो अपनी पार्टी को संगठित कर सकें, कैसे चुनाव लड़कर जीत सकते हैं। जो काम हम पहले दल और नेता के लिए करते थे, वही काम अब बिहार के लोगों के लिए कर रहे हैं कि कैसे लोग एक साथ आएं और नया दल बनाएं। मेरी सलाह से नेता जीते और नेता के बच्चे जीत गए। अब मेरा मानना है कि मेरी सलाह से बिहार की जनता जीतेगी और उनका जीवन सुधरेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रामपुकार मेहता, महासचिव अभय सिंह, अभियान समिति के जिला संयोजक मुन्ना भवानी, सह संयोजक राहुल सिंह,महिला अध्यक्ष कांति देवी भी मौजूद थे।

लोक सभा चुनाव की तैयारी मे जुटा प्रशासन, उपद्रवियों को किया जा रहा चिन्हित

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर (सारण) प्रखंड कार्यालय मे मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कपूर्री ठाकुर ने बनियापुर थानाध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान सहजितपुर थानाध्यक्ष जीत मोहन कुमार एव स्थानीय निर्वाचन कार्य मे लगे कर्मियों के साथ एक बैठक कर आसन्न लोक सभा चुनाव कार्य की तैयारियों का समीक्षा किया ,जहा उन्होंने शामिल पदाधिकारियो एव कर्मियों से तैयारियों का जायजा लेते बताया कि आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप एक एक बिन्दुओ पर तैयारी करनी है ।एक एक बूथों का सघन जाँच कर हर बिन्दुओ पर बूथ को अपडेट कर लेना है ।वही लोक सभा क्षेत्र के सभी बूथों को चिन्हित करते संवेदनशील ,अतिसंवेदनशील बूथों तथा बूथ क्षेत्र मे गड़बड़ी फैलाने वाले असमाजिक तत्वों की पहचान कर लेना है ।वही बने 20 सेक्टरों मे हर हाल मे सुरक्षित शांतिपूर्ण मतदान हो इसकी पुरी तैयारी कर लेना है ।कही भी कोई असमाजिक तत्व जो मतदान बाधित करता है ।उसकी पूर्व मे ही पहचान कर लेना है ।वही थानाध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान ने बीडीओ से बाहरी और पूर्व के चिन्हित उपद्रवियों की पहचान से संबंधित कई तथ्यों पर चर्चा किया। 2024 के लोक सभा चुनाव से संबंधित सभी पहलुओं पर चर्चा करते स्थानीय प्रशासन मुस्तैदी के साथ आयोग के निदेर्शानुसार अभी से लोक सभा चुनाव की तैयारियों मे जुट गयी है

शिक्षा पदाधिकारी ने प्रधानाध्यापकों व विज्ञान शिक्षकों के साथ किया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर (सारण) प्रखंड मुख्यालय स्थित बी आर सी भवन पर बी ई ओ रामनाथ बैठा की अध्यक्षता मे प्रधानाध्यापको एव विज्ञान शिक्षकों के साथ एक बैठक आयोजित किया जहा बी ई ओ ने संबोधित करते कहा कि विज्ञान शिक्षक प्रोजेक्ट के माध्यम से गतिविधियों पर आधारित शिक्षा पर फोकस करे,,ताकि छात्र छात्राए खुद प्रोजेक्ट बना सके,गतिविधोयो को स्वय कर सके,वही आयोजित गतिविधियों ऐप पर लोड भी करना है ।बी ई ओ ने विज्ञान शिक्षकों को दीक्षा ऐप की चर्चा करते उन्हे लोड कर विभिन्न गतिविधियो को कराकर ऐप पर लोड करेंगे,बीइओ ने सुरक्षित शनिवार व अन्य गतिविधियों को वाट्सअप और पोर्टल पर लोड करने के मामले शिथिलता पर नराजगी व्यक्त किया ।वही जी ओ बो के खाता खोलने , पाठ टिका संधारण,दक्ष अभियांन तथा रूटीन,तथा समय सारणी का अनुपालन पर विशेष ध्यान देने की बात बैठक मे कही ।वही आश्मोह्म्द् शैलेन्द्र पाण्डेय सदन प्रसाद प्रमोद कुमार राजीव पाठक आदि प्रशिक्षकों ने विज्ञान शिक्षकों को पी बी एल साहित कई विन्दुओ पर प्रशिक्षण दिया।

अपहृत अधिकारी का साजिशकर्त्ता निकला ड्राइवर व उसका भाई

करोड़ों का होना था डील, वैशाली व सारण पुलिस की तत्परता से अपराधी हुए नाकाम

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। शिक्षा विभाग के अधिकारी का अपहरण कांड की साजिश का आखिरकार खुलासा हो ही गया ।,अपहरण कांड की साजिश अधिकारी के ड्राइवर व उसके भाई ने मिलकर रची थी, जो करोड़ों का डील होना था। सारण व वैशाली पुलिस की तत्परता से अपहरणकर्त्ता का प्लान फेल हो गया, और अधिकारी को सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अपहर्त वैशाली जिला शिक्षा विभाग के कार्यक्रम समन्वयक डॉ उदय कुमार उज्जवल के लिखित आवेदन पर सोनपुर थाने में प्राथमिक दर्ज कर ली गई है। बता दें कि एडीपीसी के उपयोग वाला वाहन किराए पर ली गई, वाहन चालक वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र के समसपुरा गांव निवासी शुभम कुमार एवं उसके भाई कन्हैया कुमार के साथ ही चार अज्ञात को आरोपित किया गया है। अधिकारी द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार शनिवार की शाम 8:00 तक हाजीपुर शिक्षा भवन में अपने कार्यालय में वीसी में शामिल थे। इसके बाद चालक शुभम कुमार के साथ पटना के लिए प्रस्थान कर गए। गंडक पुल पार करने के बाद लगभग 1 किलोमीटर आगे बढ़ने पर दो बाईक पर सवार चार बदमाशों ने ओवरटेक कर आगे से वाहन को घेर लिया, और बदमाशों ने चालक से डांटते हुए कहा कि कैसे गाड़ी चलाते हो।

जबकि दूसरा बदमाश पीछे का गेट खोल कर मेरे पास आ गया और मारपीट करने लगा। इसी क्रम में दूसरी तरफ का गेट खोलकर एक और बदमाश अंदर घुस गए तथा दोनों मिलकर मुझे कस कर पकड़ लिया। अपहरण कर्त्ता अधिकारी को लेकर हाजीपुर पहुंचे और पीएनबी एटीएम के पास ले गए, जहां से रुपए निकालने का प्रयास किया लेकिन अपराधी असफल रहे। अपराधियों ने अधिकारी को हाजीपुर में घुमाते हुए सुनसान जगह पर ले गए। वहीं पर चालक को गाड़ी से नीचे उतार दिया और बाईक लेकर आया युवक के साथ ड्राइवर चला गया। एडीपीसी का गाड़ी लेकर अपहरणकर्त्ता महुआ की ओर बढ़ने लगे, इसी बीच सेंदुआरी गांव के नजदीक मौका मिलने पर धक्का- मुक्की दिया तो गेट खुल गया और अधिकारी नीचे गिर गए। अपराधियों ने अधिकारी को पकड़ने के लिए झपट्टा मारा, लेकिन अधिकारी उठकर चिल्लाते हुए भागने लगे। अपराधियों ने एडीपीसी का सरकारी लैपटॉप,मोबाइल फोन एवं 5000 नगद के अलावा एटीएम व आधार कार्ड आदि अपने साथ लेकर चलते बने ।फिलहाल पुलिस मामले को गहनता से जांच कर रही है, पुलिस का कहना है कि अन्य अपराधिओं की पहचान कर जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

विभिन्न कार्यालयों में पदस्थापित कार्यालय परिचारी को उच्चतर वर्ग में किया गया पदोन्नत

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। ज़िलाधिकारी अमन समीर के द्वारा बताया गया कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त अधिसूचना में निहित अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था के तहत सारण समाहरणालय अन्तर्गत विभिन्न कार्यालयों में पदस्थापित कार्यालय परिचारियों को उच्चत्तर पद निम्नवर्गीय लिपिक के विहित वेतनमान (वेतन स्तर-02) सहित, अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार दिया गया है। जिनमें वरियता क्रमांक मूल कोटि 47- आत्मा सहाय,- ललितेश्वर कुमार,64- जय प्रकाश कुमार, 85- पवन कुमार साह, 88- रवि कुमार, 89- अभिनेष कुमार, 90-छोटू कुमार पाण्डेय एवं 95- सूर्य प्रकाश राय शामिल है।

जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि यह आदेश सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त अधिसूचना में निहित शर्तो के अधीन है। उच्चत्तर पद के साथ विहित वेतनमान का आर्थिक लाभ निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर उनके पदस्थापन कार्यालय में योगदान की तिथि से अनुमान्य होगा। निर्धारण के अनुसार अकार्यकारी प्रभार की यह व्यवस्था माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन सिविल अपील संख्या-4880/2017, बिहार सरकार बनाम अन्य में पारित होने वाले अंतिम आदेश के फलाफल से प्रभावित होने की शर्त पर अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार प्रदान की जा रही है।

चौकीदार के साथ मारपीट के मामले में पुलिस सब इंस्पेक्टर गया जेल

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर (सारण) बनियापुर थाना मे पदा स्थापित पी इस आई को चौकीदार के साथ मारपीट के मामले मे जेल भेज दिया गया है। मामले मे थानाध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान ने बताया है कि थाना कांड संख्या 456/23 के नामजद पुलिस सब इंस्पेक्टर राम बाबू राय को चौकीदार के साथ मारपीट के मामले मे गिरफ्तार के जेल भेज दिया गया है।

कई गाड़ियों का होगा मार्ग परिवर्तन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल अन्तर्गत 19 से 24 दिसम्बर,2023 को छपरा यार्ड रिमाडलिंग, छपरा-गौतमस्थान विद्युतीकरण के साथ 09 किमी रेल खण्ड के दोहरीकरण तथा छपरा-छपरा कचहरी के मध्य तीसरी रनिंग लाइन के कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नान इण्टरलॉकिंग एवं नान-इन्टरलॉकिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, रि-शिड्यूलिंग,शार्ट ओरिजिनेशन/शार्ट टर्मिनेशन एवं नियंत्रण व पुनर्निर्धारण निम्नवत किया जायेगा।

ज्ञातव्य हो कि रेल प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु छपरा जं. का यार्ड रिमाडलिंग कार्य किया जा रहा जिसके पूर्ण हो जाने पर लाइन क्षमता में वृद्धि होगी। परिणामस्वरूप पहले से अधिक गाड़ियों को प्लेटफार्म पर लिया जा सकेगा और लम्बी दूरी की गाड़ियों के यात्रियों को प्रतीक्षा नहीं करनी होगी। छपरा जंक्शन पर तीन नये प्लेटफार्म उपलब्ध होंगे तथा यात्रियों की सुविधा के लिये कुल आठ अदद प्लेटफार्म उपलब्ध हो जाएंगे, जिससे और अधिक यात्री गाड़ियों का संचलन करना संभव हो सकेगा। छपरा जंक्शन का गुड्स यार्ड, जो अब तक नॉन इंटरलॉक था और मैनुअली गाड़ियों को संचालित किया जाता था, वह इंटरलॉक हो जायेगा जिससे अधिक गुड्स गाड़ियों को अपेक्षाकृत कम समय में रिसीव एवं डिस्पैच किया जा सकेगा। परिणामस्वरूप मालगाड़ियों के संचलन समय में कमी आयेगी।

यात्री गाड़ियों का संचालन और अधिक सुचारू हो जायेगा तथा ट्रेन परिचालन सम्बद्ध होगा जिससे समयपालन में सुधार होगा। गौतम स्थान और छपरा कचहरी की तरफ से आने वाली यात्री गाड़ियों को प्लेटफार्मो के अभाव में आउटर पर रोकने आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे यात्रियों के समय की बचत के साथ बहुत सुविधा होगी। परिणामस्वरूप यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा मिलेगी।

शार्ट टर्मिनेट /ओरिजनेट कर चलायी जाने वाली गाड़ीः दिनांक 19.12.2023 से 08.01.2024 तक सोनपुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 05247 सोनपुर-छपरा मेमू स्पेशल का आंशिक समापन छपरा कचहरी में किया जायेगा तथा यहीं से यह 05248 छपरा-सोनपुर मेमू स्पेशल बनकर सोनपुर के लिए खुलेगी ।

लायंस क्लब ने नव पदस्थापित एसडीएम एवं थानाध्यक्ष को किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के अध्यक्ष लायन शम्भु प्रसाद चौरसिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सचिव लायन पवन किशोर कुशवाहा, कोषाध्यक्ष लायन मोहम्मद निजामुद्दीन, उपाध्यक्ष लायन गणेश धनोठिया, क्लब मेंबरशिप चेयरपर्सन लायन पंकज वर्णवाल एवं मिडिया प्रभारी सह एलसीआइएफ कॉर्डिनेटर लायन विमल सर्राफ ने नव पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी आईएएस शिवाक्षी दीक्षित एवं थानाध्यक्ष सुनील कुमार से एक औपचारिक एवं शिष्टाचार मुलाकात कर अनुमंडल पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। पिछले सराहनीय कार्य से प्रेरित होकर लायंस क्लब ऑफ रक्सौल, डिस्ट्रिक्ट 322 ई के प्रतिनिधमंडल ने दोनों पदाधिकारियों को अपने कार्य के प्रति प्रतिबद्धता एवं उत्साहवर्धन के लिए सम्मान पत्र देते हुए लायंस क्लब की सामाजिक कार्यो में अपनी सक्रियता से अवगत कराया।

संबंधित पदाधिकारीगण भी रक्सौल शहर की ज्वलंत समस्याओं को लायंस क्लब व अन्य समाजसेवी संस्थाओं के साथ सामंजस्य बैठा कर, दुरुस्त करने पर अपनी सक्रियता का पूर्ण भरोसा दिया। औपचारिक मुलाकात के पश्चात कर्तव्यनिष्ठ पदाधिकारियों को अध्यक्ष चौरसिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। जिसकी जानकारी मिडिया प्रभारी बिमल सर्राफ ने दी।

छात्र छात्राओं ने परसा में संचालित माँ राधिका आईटीआई में स्किल के जानकारी के लिए किया विजिट

प्रात : किरण संवाददाता

परसा ।नवोदय विद्यालय देवती दरियापुर के छात्र छात्राओं ने परसा में संचालित माँ राधिका आईटीआई में स्किल के जानकारी के लिए विजिट किया ।इस दौरान दर्जनों छात्र छात्राओं ने आईटीआई में प्रशिक्षण देने के लिए लगाई गई उपकरण के कार्य की जानकारी आईटीआई निदेशक नीतीश कुमार के जानकारी हासील किया ।इस संबंध में नवोदय विद्यालय के शिक्षक एस के श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार की नई शिक्षा नीति के अनुसार विद्यालय के छात्र छात्राओं को स्किल देभपलमेंट के लिए आईटीआई का विजिट करा प्रशिक्षण दिलाने का निर्देश जारी किया गया है ।सरकार के निर्देश के आलोक में परसा में संचालित वेस्ट आईटीआई माँ राधिका आईटीआई का चुनाव किया गया ।और मंगलवार की विद्यालय के 11 वी के साइंस के छात्र छात्राओं का आईटीआई का विजिट कराया गया ।विजिट के दौरान आईटीआई में दिए जाने वाले सभी प्रकार की प्रशिक्षक के लिए लगाया गया उपकरण के संबंध में बारीकी से निदेशक द्वारा जानकारी दिया गया ।जिससे छात्रों को स्किल के संबंध में जानकारी हासिल हुई ।वही निदेशक नीतीश कुमार ने कहा कि सकुशल संचालित आईटीआई को नवोदय विद्यालय द्वारा विजिट के लिए चयनित किया गया ।इसके लिए विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया ।निदेशक ने कहा कि छात्रों को स्किल से सम्बन्धित सभी जानकारी साझा किया गया ।वही स्किल से संबंधित जानकारी हासिल कर छात्र छात्र भी काफी प्रसन्न दिखे।

भटकी 13 वर्षीय नाबालिग लड़की को नेपाल ले जाते हुए इरशाद खान गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। भारत नेपाल सीमा बने मैत्री पुल रक्स

सम्पादकीय

कांग्रेस का क्राउड-फंडिंग

भाजपा से असहमत लोग विकल्प के तौर पर कांग्रेस को नहीं, बल्कि इंडिया गठबंधन को देख रहे हैं। ऐसे में इस गठबंधन की तरफ से चंदा उगाहने की मुहिम छेड़ी जाती, तो उसका न सिर्फ प्रतीकात्मक प्रभाव होता, बल्कि कुछ सियासी असर भी हो सकता था। कांग्रेस ने अब सीधे जनता से चंदा उगाहने का फैसला किया है। आम तौर पर राजनीति में इसे एक बेहतर रास्ता समझा जाता है। इससे पार्टियां थैलीशाहों पर निर्भर होने से बचती हैं, जबकि इस माध्यम से चंदा देने वाले लोगों से उनका जीवंत रिश्ता भी बनता है। इससे चंदा देने वालों के प्रति उनकी एक न्यूनतम जिम्मेदारी बनने की संभावना भी जगती है। दुनिया भर में चुनावी लोकतंत्र पर थैलीशाहों का शिकंजा कस गया है, जिससे ये व्यवस्थाएं धनिक-तंत्र में तब्दील हो गई है। अमेरिका में 2016 में जब बर्नी सैंडर्स डेमोक्रेटिक पार्टी का राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की होड़ में उतरे, तो उन्होंने छोटे चंदों को अपने अभियान की खास पहचान बताया। उनकी टीम ने तब एलान किया था कि सैंडर्स को लाखों छोटे चंदे मिले और उस रकम का औसत सिर्फ 18 डॉलर था। यह दीगर बात है कि सैंडर्स की व्यापक लोकप्रियता के बावजूद अंततः थैलीशाहों और उनके लॉबिस्ट्स ने उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार नहीं बनने दिया।बहरहाल, अब भारत में कांग्रेस ने इस मॉडल को अपनाने का फैसला किया है, तो सामान्य स्थितियों इसका स्वागत किया जाता। लेकिन अब आम चुनाव में सिर्फ चार महीने बचे हैं। इस समय भाजपा से असहमत लोग विकल्प के तौर पर कांग्रेस को नहीं, बल्कि इंडिया गठबंधन को देख रहे हैं। ऐसे में अगर इस गठबंधन की तरफ से चंदा उगाहने की मुहिम छेड़ी जाती, तो उसका न सिर्फ प्रतीकात्मक प्रभाव होता, बल्कि कुछ सियासी असर भी देखने को मिल सकता था। परंतु कांग्रेस ने फिर अकेला चलने का नजरिया अपनाया है। हाल के विधानसभा चुनावों में यह नजरिया नाकाम रहा। इसके बावजूद लगता नहीं कि कांग्रेस नेतृत्व ने कोई सबक सीखा है। वरना, वह खुद को विपक्षी एकता के हिस्से के रूप में पेश करती। तब वह 19 दिसंबर की इंडिया की बैठक में क्राउड-फंडिंग का प्रस्ताव लाती और सहमति बनने पर यह मुहिम पूरे गठबंधन की तरफ से शुरू की जाती। इससे भाजपा विरोधी समूहों में उत्साह पैदा होता और उनके बीच उद्देश्य की एकता भी उत्पन्न होती। मगर कांग्रेस की सोच अलग है। वह अपने हितों से आगे नहीं देख पाती।

संसदीय लोकतंत्र के काले दिन वापस.....

राकेश अचल

कोई दोषी नहीं। कोई जिम्मेदार नहीं। भारत की संसद की किस्मत ही खराब है जो उसे अपने एक चौथाई सदस्यों को निलंबित कर अपना कामकाज चलाना पड़ रहा है। चूंकि ये सब पहले भी हो चुका है इसलिए मौजूदा संसद के पीठाधीश्वर के ऊपर आप कोई आरोप नहीं लगा सकते, ज्यादा से ज्यादा इतना कह सकते हैं कि इस बार संसद पहले से ज्यादा बधिर और असहिष्णु है। लोकतंत्र के लिए ये अच्छे लक्षण नहीं हैं। वर्ष 2023 संसदीय इतिहास में एक कुटिल व्यवहार के लिए सदा याद किया जाएगा। संसद के प्रति मेरे मन में अपार आस्था है और हर भारतीय के मन में होना चाहिए, क्योंकि ये संसद ही है जिसे हम न सिर्फ लोकतंत्र का मंदिर मानते हैं बल्कि हमारा यकीन है कि इसी मंदिर में की गयी प्रार्थनाओं से हम भारतीयों की तमाम कामनाएं पूरी होतीं है। दुर्भाग्य से यही संसद पहले बहरी हुई और अब निर्मम तथा असहिष्णु भी हो गयी। मौजूदा संसद अब तक अपने 100 सदस्यों के विरुद्ध निलंबन और निष्कासन की कार्रवाई कर चुकी है। राज्य सभा के 45 और लोकसभा के 33 सदस्यों को पूरे सत्र के लिए निलंबित किया जा चुका है। देश की संसद कोई प्राइमरी की कक्षा नहीं है, लेकिन उसे प्राइमरी की कक्षा बना दिया गया ह। संसद की कार्रवाई का संचालन करने वाले पीठाधीश्वर अब ईश्वर से भी ऊपर हो गए हैं। उनके मन में दया-धर्म बचा ही नहीं है। वे संसद में प्रतिरोध के लिए रत्ती भर गुंजाइश नहीं देना चाहते। सांसद में पहले भी हंगामे होते थे लेकिन सदन चलने वाले अंत तक हार नहीं मानते थे, उस समय संसद की कार्रवाई भी तब स्थगित की जाती थी जब की पानी सर के ऊपर न हो जाये, लेकिन आजकल तो संसद शुरू होते ही स्थगित हो जातीहै। सांसदों को डाटने-फटकारने, मार्शल बुलाने का कोई मौका ही इस्तेमाल नहीं किया जाता। पल भर में सांसदों के नामों की एक फेहरिस्त आती है और सभी को निलंबित करने का ऐलान कर दिया जाता है। संसद द्वारा की जारही इस निर्मम कार्रवाई के बारे में टीका-टिप्पणी करने पर आपको अतीत की याद दिलाई जाएगी कि राजीव गांधी के काल में भी तो 63 सांसदों को निलंबित किया गया था ! यानि जो राजीव गांधी के शासनकाल में हुआ वो ही सब मोदी के शासन काल में होना चाहिए अन्यथा सत्तारूढदल की नाक कट जाएगी ! ये तर्क-कुतर्क करने वाले नहीं जानते कि राजीव गाँधी के शासनकाल में सांसदों को मात्र एक सप्ताह के लिए निलंबित किया गया था लेकिन इस बार ऐसी स्थिति नहीं है। इस बार लोकसभा से जिन सांसदों को निलंबित किया गया है, उनमें से 30 संसद के पूरे शीतकालीन सत्र तक निलंबित रहेंगे। बाकी तीन- के. जयकुमार, विजय वसंत और अब्दुल खालिक को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है. इन तीनों पर स्पीकर के पोडियम पर चढ़कर नारेबाजी करने का आरोप है।

इसी तरह, राज्यसभा से जिन 45 सांसदों को आज सस्पेंड किया गया है, उनमें से 34 को पूरे सत्र और 11 को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है।

सांसदों के खिलाफ कार्रवाई करना पीठाधीश्वरों का विशेषाधिकार है, उसे लेकर कोई उन्हें चुनौती नहीं दे सकता, लेकिन जनता के पास ये अधिकार है कि वो अपने चुने हुए सांसदों के खिलाफ की गयी कार्रवाई पर अपना असंतोष जाहिर करे। दरअसल इस समय संसद को ध्वनिमत से चलने की कोशिश की जा रही है। सांसद में बहस-मुबाहिसे के लिए, प्रतिरोध के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। जो बोलेगा उसे निलंबित कर दिया जाएगा, उसकी सदस्यता येन-केन रद्द कर दी जाएग। फिर खूब खटखटाते रहिये अदालतों के दरवाजे। ये सब प्रतिपक्ष के सांसदों के साथ हो रहा है। किसी सदन में सत्ता पक्ष के किसी एक संसद को निलंबित किया गया ? पीठाधीश्वर अपने-अपने सदन के संरक्षक और मुखिया होते है। और वे भूल गए हैं कि मुखिया-मुख जैसा होता है यानि खान-पान में एक ादेश को रामराज की और ले जाने वाले लोग भूल गए कि - मुखिआ मुखु सो चाहिऐ खान पान कहुँ एक।

पालइ पोषइ सकल अँग तुलसी सहित बिबेक।। संसद में आजकल का परिदृश्य देखकर कोई भी सदन कि संरक्षकों कि विवेक पर सवाल खड़े कर सकता है। पिछले दिनों इसी संसद में चार युवाओं ने तानाशाही , बेरोजगारी और उत्पीड़न कि खिलाफ प्रदर्शन करने कि लिए अपने प्राण दांव पर लगा दिए। यदि यही काम सदन के सदस्यों को करने दिया जाता तो कोई बाहरी व्यक्ति कोनों सदन में अनाधिकार प्रवेश कर सदन की गरिमा से खिलवाड़ करता ? लेकिन इस विरोध प्रदर्शन को सदन की गरिमा और सुरक्षा से न जोड़कर साजिशों से जोड़ा जा रहा है। प्रदर्शनकारियों कि मुद्दों पर सदन में और सदन के बाहर बात करने कि लिए कोई तैयार नहीं है। सांसदों को निलंबित करना सदन कि संचालकों का विशेषाधिकार है इसलिए कोई भी इसे चुनौती नहीं दे सकता।सांसदों का निलंबन पहली बार नहीं हुआ है। लेकिन सांसदों कि साथ लगातार निलंबन को औजार बनाया जाना चिंताजनक है। पहली बार नहीं है जब इतनी बड़ी संख्या में सांसदों को निलंबित किया गया है। आंकड़े देखें तो पिछले 10 साल में लोकसभा और राज्यसभा के 154 सांसद निलंबित हो चुके हैं चुके हैं। इसमें उन सांसदों के नाम भी शामिल हैं, जिन्हें एक से ज्यादा बार निलंबित किया गया था। गोदे मुरहारी और राजनारायण उन सांसदों में से हैं जिन्हें उनके आचरण कि लिए पूरे सत्र में निलंबित रखा गया था। लेकिन अब ये अतीत भी बहुत पुराना हो गया है। इसकी यादें धूमिल पड़ चुकी हैं। आपको याद होगा कि संसद की सुरक्षा में चूक के मामले को लेकर विपक्ष लगातार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग पर अड़ा हुआ है। ऐसे में सदन में हंगामे के कारण विपक्षी दल के सांसदों के खिलाफ कदम उठाया गया। र्ध्धानमनतरि और गृहमंत्री सदन में इस मुद्दे पर कोई ब्यान नहीं दे रहे जबकि सदन के बाहर वे सब कुछ कह रहे है। इन दोनों का आचरण संसद की गरिमा और विशेषाधिकार के खिलाफ नहीं माना जाता। सामूहिक निलंबन के बाद विपक्ष को दोहरा झटका लगा है। एक तो उनके सांसद सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं हो पाएंगे इसके अलावा लोकसभा में इंडिया गठबंधन की ताकत 50 फीसदी तो राज्यसभा में 33 फीसदी कम हो जाएगी। और यही सत्तारूढ़ दल का असल मकसद है। कल्पना कीजिये की यदि 303 सीटें हासिल करने वाली पार्टी का अभी ये हाल है और यदि खुदा न खास्ता इसी दल को 400 सीटें मिल जाएँ तो संसद का क्या हाल होगा ? बहुमत का इतना दुरूपयोग तो राजीव गांधी ने भी नहीं किया था जबकि उनके दल को उस समय 404 सीटें मिलीं थीं। अगले कुछ महीनों में शायद फरवरी में ही देश में लोकसभा कि नए चुनाव होना हैं इसलिए ये मौका है की देश की जनता उसे चुने जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कि खिलाफ न हो, जो असहिष्णु न हो, जो संसद को बहरा न बनाये।

प्रधानमंत्री मोदी का सुशासन और साकार होता आमजन का सपना

प्रधानमंत्री का कहना है कि सुशासन राष्ट्र की प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हमारा मंत्र, उद्देश्य व सिद्धांत नागरिकों को प्राथमिकता देने का है। मेरा सपना सरकार को लोगों के समीप लाने का है, ताकि वे प्रशासनिक प्रक्रिया के सक्रिय भागीदार बन सकें। सरकारी कामकाज की प्रक्रिया को आसान कर आसानी से सुशासन सुनिश्चित किया जा सकता है। उनका यह भी कहना है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां के नागरिक शासन का हिस्सा बनने के लिए अत्यधिक उत्साहित हैं। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में, निर्णय लेने की प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी होना बहुत महत्वपूर्ण घटक है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न पहलों और सुधारों के बारे में लिखते रहते हैं। उनके शब्दों में- 130 करोड़ भारतीयों ने फैसला किया है कि वे भारत को आत्मानिर्भर बनाएंगे। आत्मनिर्भरता पर हमारा जोर, वैश्विक समृद्धि में योगदान करने की दृष्टि से प्रेरित है। हमारी सरकार एक ऐसी सरकार है, जो प्रत्येक भारतीय का ध्यान रखती है और उसके लिए चिंतित रहती है। हम लोक-केंद्रित और मानवीय दृष्टिकोण से प्रेरित हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र से प्रेरित होकर हमारी सरकार ने लोक-समर्थक शासन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए हैं, जो गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित समुदाय की मदद करते हैं।

डॉ. सौरभ मालवीय
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के शासनकाल के दस वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। उन्होंने 26 मई, 2014 को प्रथम बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के पश्चात घोषणा की थी कि उनकी सरकार जनहित के लिए तथा अन्तयोदय के लिए कार्य करेगी। उन्होंने अपनी घोषणा में जो शब्द कहे, उस पर वह शत-प्रतिशत खरे सिद्ध हुए। उनके अब तक के संपूर्ण कार्यकाल पर दृष्टि डालें तो यह सेवा एवं सुशासन पर ही केंद्रित रहा है। प्रधानमंत्री का कहना है कि सुशासन राष्ट्र की प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हमारा मंत्र, उद्देश्य व सिद्धांत नागरिकों को प्राथमिकता देने का है। मेरा सपना सरकार को लोगों के समीप लाने का है, ताकि वे प्रशासनिक प्रक्रिया के सक्रिय भागीदार बन सकें। सरकारी कामकाज की प्रक्रिया को आसान कर आसानी से सुशासन सुनिश्चित किया जा सकता है। उनका यह भी कहना है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां के नागरिक शासन का हिस्सा बनने के लिए अत्यधिक उत्साहित हैं। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में, निर्णय लेने की प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी होना बहुत महत्वपूर्ण घटक है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न पहलों और सुधारों के बारे में लिखते रहते हैं। उनके शब्दों में- 130 करोड़ भारतीयों ने फैसला किया है कि वे भारत को आत्मानिर्भर बनाएंगे। आत्मनिर्भरता पर हमारा जोर, वैश्विक समृद्धि में योगदान करने की दृष्टि से प्रेरित है। हमारी सरकार एक ऐसी सरकार है, जो प्रत्येक भारतीय का ध्यान रखती है और उसके लिए चिंतित रहती है। हम लोक-केंद्रित और मानवीय दृष्टिकोण से प्रेरित हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र से प्रेरित होकर हमारी सरकार ने लोक-समर्थक शासन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए हैं, जो गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित समुदाय की मदद करते हैं।

वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी अन्तयोदय के मूल तत्वों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस समयावधि में उन्होंने विश्वभर के अनेक देशों में यात्राएं करके उनसे संबंध प्रगाढ़ बनाने का प्रयास किया है। इससे विश्व के अनेक देशों के साथ भारत के संबंध बेहतर हुए तथा उनके साथ अनेक रक्षा एवं व्यापारिक समझौते भी हुए। उन्होंने देश में लोगों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक विकास के लिए अनेक जनकल्याण की योजनाएं प्रारम्भ की हैं। मोदी सरकार ने विकास का नारा दिया तथा विकास को ही प्राथमिकता दी। विगत में जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश के सभी वर्गों के लिए बिना किसी पक्षपात के कार्य किया है, उससे जनता के मध्य एक सकारात्मक संदेश गया है। विपक्षी दल आरंभ से ही भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों के मन में विष घोलने का कार्य करते आए हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के शीर्ष नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी विशेषकर नरेन्द्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाए। किन्तु जनता ने भारतीय जनता पार्टी को अपना अपार जनसमर्थन दिया। प्रधानमंत्री मोदी को जनसाधारण का विश्वास, समर्थन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। परिणामस्वरूप जनता ने केंद्र की कांग्रेस सरकार को सत्ता विहीन करके भारतीय जनता पार्टी को केंद्र की बागडौर सौंप दी। नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तथा उन्होंने जनकल्याण के कार्यों की गंगा प्रवाहित कर दी। इसका परिणाम भी उत्साहजनक रहा। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सराहनीय बहुमत दिलाया। इस बार भी मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बने। उन्होंने अपने जनकल्याण के कार्यों की गति को और अधिक तीव्र कर दिया। उनके कार्यों की देश ही नहीं, अपितु विश्वभर में सराहना होने लगी।

विगत मई में अपने कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने एक पुस्तिका भी जारी की, जिसमें सरकार द्वारा करवाए गए जनकल्याणकारी कार्यों का लेखा-जोखा था। इसके अनुसार सरकार ने देश के 80 करोड़ लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करवाई। जनधन योजना के अंतर्गत लोगों के 48.27 करोड़ खाते खोलकर उन्हें वित्तीय सेवाओं से जोड़ा गया। सुखद बात है कि इनमें से लगभग 26.54 करोड़ खाते महिलाओं के खोले गए। इस प्रकार महिलाओं को वित्तीय अधिकार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 133 करोड़ लोगों के आधार को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से जोड़ा गया था तथा उन्हें लगभग 25 लाख करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की गई। बेघर लोगों के लिए ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत 2.5 करोड़ आवासों का निर्माण करवाया गया। विशेष बात यह है कि इन आवासों में से लगभग 70 प्रतिशत में महिलाओं का नाम है अर्थात किसी में वे स्वयं स्वामी हैं तथा किसी में उनकी भागीदारी संयुक्त रूप से सम्मिलित है। इससे महिलाओं को सम्मान मिला तथा उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। अब वे केवल घर की लक्ष्मी ही नहीं हैं, अपितु स्वामी भी हैं। महिलाओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए 11.72 करोड़ शौचालयों का निर्माण करवाया गया। इसके अतिरिक्त 6.5 करोड़ सामुदायिक शौचालयों का निर्माण करवाया गया। इस प्रकार देशभर के 4335 कस्बों एवं ग्रामों को खुले में शौच से मुक्ति दिलाई गई।

महिलाओं के स्वास्थ्य के दृष्टिगत उन्हें चूल्हे के धुएं से छुटकारा दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 9.6 करोड़ एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। विगत मार्च में सरकार ने सिलेंडर पर 200 रुपये का अनुदान एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। पूर्व में महिलाओं को दूर से जल लाना पड़ता था, इसलिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत 8.67 करोड़ घरों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करवाई गई। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 69 प्रतिशत महिलाओं को लाभान्वित किया गया। इस योजना के अंतर्गत विनिर्माण, प्रसंस्करण, व्यापार या सेवा क्षेत्र में गैर-कृषि क्षेत्र में लगे आय सृजित करने वाले सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपये तक के सूक्ष्म ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है।

मोदी सरकार ने कृषकों के कल्याण के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए हैं। देशभर के 11.39 करोड़ छोटे कृषकों को प्रधानमंत्री किसान निधि के माध्यम से प्रत्येक वर्ष छह हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं। इसके साथ ही 37.59 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। इसमें प्राकृतिक आपदा के कारण फसल नष्ट होने पर सरकार द्वारा किसानों को क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है। राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के अंतर्गत 1.37 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सरकार ने बेरोजगारी को कम करने के लिए विशेष पग उठाए, जिसके परिणामस्वरूप युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सका। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2017 से जनवरी 2023 तक 10 लाख सरकारी नौकरियां प्रदान करने अभियान चलाया। लगभग 4.78 करोड़ नए सदस्यों ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की सदस्यता ली। स्टार्ट अप इंडिया के अंतर्गत 10.1 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा किए

क्या विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल हैं?

चाहे वह नोटबंदी हो, जीएसटी हो या रातोंरात लागू किया गया कोरोना लॉकडाउन–सबसे आम जनता की खासी फजीहत हुई। देश में सरकारें और ज्यादा तानाशाह होती जा रही हैं और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं पर तरह–तरह की रोकें लगाई जा रही हैं। हंगर इंडेक्स में देश की गिरती हुई स्थिति और लोगों की बढ़ती परेशानियाँ बहुत कुछ बता रही हैं। भाजपा सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 को कश्मीर से हटा दिया है। हमें बताया गया था कि इससे अतिवाद कम होगा। मगर ऐसा कुछ हुआ नहीं। देश भर में मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर हमले जारी हैं और अलग–अलग स्थानों पर ईसाईयों के खिलाफ भी हिंसा हो रही है। इस पृष्ठभूमि में विपक्षी पार्टियों ने इंडिया गठबंधन का गठन किया। ऐसा कहा जा रहा था कि यह गठबंधन हमारे संविधान में निहित आइडिया ऑफ इंडिया को संरक्षित रखने का प्रयास करेगा। सन 2024 के लोकसभा चुनाव के सिलसिले में इस गठबंधन से बहुत उम्मीदें थीं। मगर ऐसा लगता है कि विधानसभा चुनावों के नतीजों ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। कांग्रेस के राज्य–स्तरीय नेतृत्वों ने मनमानी करते हुए गठबंधन के अन्य दलों की उपेक्षा की। इससे दूसरी पार्टियाँ काफी नाराज हो गईं और गठबंधन के और मजबूत होने की राह बाधित हो गयी।

राम पुनियानी
लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

हाल में संपन्न राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों में कई कारणों से पूरे देश की भारी दिलचस्पी थी। भाजपा पिछले दस सालों से केंद्र में सत्ता में है और उसने जो नीतियाँ लागू की हैं, उनका देश पर भयावह प्रभाव पड़ा है। चाहे वह नोटबंदी हो, जीएसटी हो या रातोंरात लागू किया गया कोरोना लॉकडाउन-सबसे आम जनता की खासी फजीहत हुई। देश में सरकारें और ज्यादा तानाशाह होती जा रही हैं और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं पर तरह-तरह की रोकें लगाई जा रही हैं। हंगर इंडेक्स में देश की गिरती हुई स्थिति और लोगों की बढ़ती परेशानियाँ बहुत कुछ बता रही हैं। भाजपा सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 को कश्मीर से हटा दिया है। हमें बताया गया था कि इससे अतिवाद कम होगा। मगर ऐसा कुछ हुआ नहीं। देश भर में मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर हमले जारी हैं और अलग-अलग स्थानों पर ईसाईयों के खिलाफ भी हिंसा हो रही है। इस पृष्ठभूमि में विपक्षी पार्टियों ने इंडिया गठबंधन का गठन किया। ऐसा कहा जा रहा था कि यह गठबंधन हमारे संविधान में निहित आईडिया ऑफ इंडिया को संरक्षित रखने का प्रयास करेगा। सन 2024 के लोकसभा चुनाव के सिलसिले में इस गठबंधन से बहुत उम्मीदें थीं।

मगर ऐसा लगता है कि विधानसभा चुनावों के नतीजों ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। कांग्रेस के राज्य-स्तरीय नेतृत्वों ने मनमानी करते हुए गठबंधन के अन्य दलों की उपेक्षा की। इससे दूसरी पार्टियाँ काफी नाराज हो गईं और गठबंधन के और मजबूत होने की राह बाधित हो गयी। कांग्रेस केवल तेलंगाना में जीत हासिल कर सकी और हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में उसे हार का सामना करना पड़ा। ये नतीजे चौंकाने वाले हैं क्योंकि अधिकांश एग्जिट पोल्स ने भविष्यवाणी की थी कि इन राज्यों में कांग्रेस का प्रदर्शन कहीं बेहतर रहेगा। इसलिए, कांग्रेस की हार एक पहेली बन गयी है। यह सही है कि यदि कांग्रेस का अन्य राष्ट्रीय एवं छोटे दलों के साथ गठबंधन होता तो उसका प्रदर्शन बेहतर होता। फिर भी, इन राज्यों में उसकी हार का तर्कसंगत स्पष्टीकरण नहीं दिया जा सकता। लोकसभा चुनाव के लिए अपनी रणनीति बनाते समय इस पहलू पर इंडिया गठबंधन के सदस्यों को ध्यान देना होगा।

इन परिणामों का एक पक्ष यह भी है कि अधिकांश दक्षिण भारत भाजपा मुक्त हो गया है। कुछ टिप्पणीकारों का तर्क है कि भाजपा की हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति के प्रति समर्थन मुख्यतः हिन्दी-भाषी राज्यों या काऊ बेल्ट तक सीमित है। कांग्रेस और अन्य दलों को इस बात तथ्य की ओर भी ध्यान देना चाहिए कि उसके तमाम दावों के बावजूद भाजपा की स्थिति बहुत मजबूत नहीं है। यदि हम इन पांच राज्यों में डाले गए कुल वोटों की बात करें तो कांग्रेस को 4।92 करोड़ वोट मिले हैं जबकि भाजपा को 4।81 करोड वोट ही हासिल हुए हैं। इसके अलावा मिजोरम, जहां अभी तक एनडीए गठबंधन की सरकार थी, भी उसके हाथ से निकल गया है।

कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं का मनोबल टूटने के बारे में भी कयास लगाए जा रहे हैं। यह कार्यकताओं की त्वरित प्रतिक्रिया हो सकती है। लेकिन समय बीतने के साथ पार्टी कार्यकता, तेलंगाना की जीत और प्रतिद्वंद्वी भाजपा की तुलना में अच्छे खासे अधिक वोट हासिल करने को लेकर दुबारा जोश में आ सकते हैं। समय के साथ निराशा का भाव समाप्त हो जाएगा क्योंकि नेतृत्व स्थिति का सामना करने का हर संभव प्रयास कर रहा है। ह्यभारत जोड़ो यात्राह्न इस दिशा में एक बड़ा कदम थी। पर्दे के पीछे कई कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों और जोश पुनर्जीवित होने से पार्टी के उत्साह पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशा की जा सकती है।

महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि क्या वे सभी दल, जो इंडिया गठबंधन में शामिल थे, एक बार फिर गठबंधन के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करेंगे? चुनाव के नतीजों से इंडिया गठबंधन को धक्का लगा है। इन तीन बड़े राज्यों में कांग्रेस की हार से कांग्रेस नेतृत्व चिंतन करेगा और उन गलतियों को सुधारने का प्रयास करेगा जिनके चलते गठबंधन के अन्य सदस्य नाराज हैं। विपक्षी दल यह अच्छी तरह जानते हैं कि वे अलग-अलग रहकर भाजपा की विशालकाय चुनावी मशीनरी का मुकाबला नहीं कर सकते। भाजपा के पास मानव संसाधन और धन प्रचुर मात्रा में हैं और उसमें दादागिरी करने की भी बहुत क्षमता है। मीडिया भी केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी के चरणों में नतमस्तक है।

विपक्षी दलों को यह एहसास भी है कि भाजपा अकेली नहीं है। उसे आरएसएस के प्रचारकों और स्वयंसेवकों की पूरी सहायता उपलब्ध है। वे यह भी जानते हैं कि आरएसएस के सहयोगी संगठन वीएचपी, एबीव्हीपी, बजरंग दल, वनवासी कल्याण आश्रम और उससे जुड़ी अन्य संस्थाएं हर चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। चुनावी बांडों से प्राप्त अकूत धन, हिन्दू राष्ट्रवादी विचारधारा को एनआरआई का समर्थन और बड़े उद्योग समूह, जिन्हें भाजपा बहुत तरह की छूटें दे रही हैं, सब भाजपा के मददगार हैं। इस तथ्य से भी वे अवगत हैं।

विपक्षी दलों को यह अहसास भी है कि भाजपा देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने की ओर ले जाना चाहती है। वह खुलकर और दबे-छुपे ढंग से भारतीय संविधान के मूल्यों को कमजोर कर रही है। ईडी, आयकर विभाग व सीबीआई का विपक्षी पार्टियों के नेताओं को प्रताड़ित करने में जिस तरह दुरुपयोग किया जा रहा है, वह भी इन पार्टियों को एक साथ लाने में मददगार होगा। हाँ, सभी को कुछ खोने और कुछ पाने के लिए तैयार रहना होगा। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व, विशेषकर राहुल गाँधी और मल्लिकार्जुन खडगे, मिलकर चुनाव लड़ने के लिए जरूरी त्याग करने के लिए तैयार हैं। विधानसभा चुनावों में वे भले ही राज्य स्तरीय नेतृत्व को सभी पार्टियों के साथ सहयोग करने के लिए राजी न कर पाए हों लेकिन लोकसभा चुनाव में ऐसा नहीं होगा। राहुल गाँधी ने कहा है कि विपक्ष को एक रखने के लिए कांग्रेस कोई भी त्याग करने के लिए तैयार है। उन्होंने बिलकुल ठीक कहा है कि आने वाला आम चुनाव केवल चुनाव न होकर वैचारिक युद्ध होगा। अभी ऐसा लग सकता है कि विभिन्न विपक्षी दल अलग-अलग दिशा में भाग रहे हैं। मगर सम्भावना यही है कि लोकसभा चुनाव की औपचारिक घोषणा से पहले ही इंडिया गठबंधन की मजबूत बना लिया जायेगा और वह भाजपा-आरएसएस की विघटनकारी राजनीति से मुकाबला

लालू, नीतीश, अखिलेश कैसे रोकेंगे मोदी का तूफान

हरिशंकर व्यास

देश के बाकि क्षत्रप नेताओं की तरह लालू प्रसाद और नीतीश कुमार, अखिलेश यादवसभी इस मुगालते में हैं कि भाजपा ने राज्यों के चुनाव में कांग्रेस को हराया है, इंडिया नहीं हारी है। लालू और नीतीश का दूसरा मुगालता है कि बिहार बाकी राज्यों से अलग है, वहां नरेंद्र मोदी का जादू नहीं चलने वाला है। तीसरा मुगालता है कि जाति गणना का मुद्दा भले मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में नहीं चला हो लेकिन बिहार में चलेगा। चौथा भ्रम है कि भाजपा भले कांग्रेस को हरा ले लेकिन प्रादेशिक क्षत्रपों को हराने में उसे मुश्किल आती है। पांचवां भ्रम है कि 2015 के विधानसभा चुनाव में जैसे भाजपा को हराया था उसी तरह 2024 में भी हरा देंगे। इस तरह के और भी कई भ्रम होंगे, जिनके आधार पर राजद, जदयू, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों का दावा है कि कुछ भी हो जाए भाजपा बिहार में नहीं जीत सकती है। इसलिए दोनों पुराने क्षत्रप इस भरोसे में हैं कि उनको किसी की जरुरत नहीं है। वे अपने जाति गणना और आरक्षण बढ़ाने के मुद्दे पर भाजपा को हरा देंगे। इस वजह से दोनों प्रादेशिक क्षत्रप कांग्रेस को किनारे करने और तीन-चार सीटें देकर निपटाने की राजनीति कर रहे हैं। उनको लग रहा है कि जब राजद और जदयू साथ हैं तो किसी और की जरूरत नहीं है। लेकिन क्या सचमुच ऐसी स्थिति है ? क्या सचमुच बिहार बाकी राज्यों से अलग है या भाजपा प्रादेशिक पार्टियों को नहीं हरा सकती है ? क्या 2015 के विधानसभा चुनाव की तरह ही 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा जाएगा? सबसे पहले तो लालू प्रसाद और नीतीश कुमार दोनों को यह समझना होगा कि जब लोकसभा चुनाव की बात आती है तो कोई राज्य अलग नहीं रह जाता है, खास कर उत्तर भारत में हिंदी पट्टी के राज्य। सब एक जैसी लहर में बहते हुए होते हैं। दूसरे, यह भी समझना होगा कि प्रादेशिक क्षत्रप विधानसभा चुनाव में भले भाजपा का मुकाबला कर लेते हों लेकिन लोकसभा चुनाव में मोदी और भाजपा की लहर के आगे कहीं नहीं टिकते हैं। बिहार में छह पार्टियों के गठबंधन की सरकार में शामिल पार्टियों को बिहार के आंकड़ों से ही इसे समझने की जरूरत है।बिहार में लालू प्रसाद और नीतीश कुमार मिल कर सिर्फ एक बार 2015 में विधानसभा चुनाव लड़े थे। दोनों पार्टियां एक साथ मिल कर कभी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ी हैं। लेकिन भाजपा एक बार जदयू से अलग होकर भी लोकसभा का चुनाव लड़ चुकी है। यह अलग बात है कि उ

संक्षिप्त खबरें

दिनदहाड़े ग्रिल व्यवसायी से पाँच लाख की छिनतई

मुजफ्फरपुर। काजी मोहम्मद पुर थाना क्षेत्र के माड़ीपुर पावरहाउस चौक के समीप स्थित बैक के पास से सोमवार की दोपहर बाइक सवार दो अपराधियों ने एक गेट ग्रिल निमार्ता व्यवसायी तौकीर आलम से 5 लाख रुपए झपट कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी नगर अवधेश दीक्षित व काजी मोहम्मदपुर थाना पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। अपराधियों की पहचान के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगालने में लगी है। पुलिस ने बताया कि अपराधियों की करतूत कैमरे में कैद हो गई है, जिसके माध्यम से अपराधियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। उधर लूट के शिकार हुए व्यवसायी ने बताया कि वे बैक से 5 लाख का चेक कैश कराकर निकले थे, इसी दौरान बैक के पास मोबाइल चलाने के बहाने उनकी रेकी कर रहे अपराधियों ने उनके बैक से बाहर निकलते ही झपट्टा मारकर रुपए से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए।

भारी मात्रा में शराब बरामद , दो गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। जिले की सकरा पुलिस ने एक श्मशान घाट से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है।इस मामले में दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दो बोलेरो भी जब्त किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सकरा थाना अंतर्गत विशुनपुर मुरार स्थित शमसान घाट पर कुछ शराब तस्कर इक्कठा है, जो बड़ी मात्रा में शराब का भंडारण व परिवहन करने वाले है। प्राप्त सूचना पर थानाध्यक्ष सकरा एवं पु0अ0नि रविकांत कुमार द्वारा अपनी टीम के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 बोलेरो वाहन पर लदे एवं पास की झाड़ी में छिपाकर रखे कुल शराब - 990.720 लीटर विदेशी शराब के साथ अभियुक्त रामबाबु पिता ब्रजनन्दन राय ग्राम - सरमस्तपुर, एवं शम्भु कुमार उर्फ एस0पी0 पिता- बैजनाथ महतो ग्राम - सकरा फरीदपुर दोनों थाना- सकरा को गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में सकरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई कि जा रही है।

एसएसबी जवानों ने एक युवक को देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

● वारदात को अंजाम देने के फिराक में था आरोपी

मधुबनी मधुबनी जिले के भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात 48 वीं बटालियन एस एस बी मुख्यालय जयनगर के कार्यवाहक कमांडेंट चंद्रशेखर के निदेर्शानुसार उप कमांडेंट संतोष कुमार निमोरिया को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ई समवाय जानकीनगर के समवाय प्रभारी निरीक्षक सामान्य चंद्रशेखर ठाकुर के नेतृत्व में गठित टीम के नाका प्रभारी सहायक उप निरीक्षक बसदेव द्वारा सीमा पर गश्त लगा रहे एस एस बी जवानों ने एक युवक को देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। ये युवक भारत के स्तंभ संख्या-277/1 के रास्ते चोरी-छुपी अवैध रास्ते से नेपाल से भारत के सीमा में प्रवेश कर रहे थे। तभी सीमा पर तैनात एस एस बी जवानों ने उसे रुकने के लिए आवाज दिया। आवाज सुनते ही युवक नेपाल की ओर भागने लगा तभी जवानों ने उसे खदेड़ कर धर दबोचा। जिसके बाद गिरफ्तार युवक को जानकीनगर कैम्प में लाया गया। इसके बाद युवक को पूछताछ करने के बाद इस संदिग्ध युवक कि पहचान राजू चौधरी उम्र 36 सुपुत्र कामेश्वर चौधरी गाव गम हरिया वार्ड न 13 डाक घर बिसौल पुलिस थाना हरलाखी जिला मधुबनी बिहार को एक मोटरसाईकल 01 देसी कट्टा 02 जिंदा कारतुस 8 एम एम एक मोटरसाइकल एवं मोबाइल साथ गिरफ्तार किया है। उक्त गिरफ्तार युवक एवं संदिग्ध हथियारों को अग्रिम कार्रवाई हेतू बासोपट्टी थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया। बासोपट्टी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर के न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेज दिया गया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि यह युवक पड़ोसी मुल्क नेपाल से अवैध रूप से देशी कट्टा लेकर भारत के सीमा में प्रवेश कर के किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में था।

शिविर के छठे दिन शिविरार्थियों ने किया साफ-सफाई एवं पौधारोपण

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा । ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के एनएसएस प्रथम इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन शिविरार्थियों ने साफ-सफाई एवं पौधारोपण किया। इस अवसर पर पूर्व कुलपति प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी एवं पटना के प्रो. नरेश प्रसाद तिवारी ने भी शिविरार्थियों को स्वच्छता एवं पर्यावरण के महत्व की जानकारी दी। प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने बताया कि शिविरार्थियों को वार्ड नंबर -4 के लोगों के बीच सर्वेक्षण करना है। कम-से-कम पांच फार्म भरकर जमा करने के बाद प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। बुधवार को शिविर का समापन होगा। आयोजन सचिव डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि शिविर में पचास चुने हुए स्वयंसेवक- स्वयंसेविकाएँ भाग ले रहे हैं। इनमें लवली कुमारी, खुशबू कुमारी, निभा कुमारी, निधि कुमारी, निकेश कुमार, राम रूपेश कुमार, अनुपम कुमारी, श्वेता कुमारी संजना कुमारी, नैना कुमारी, अंकित कुमार, रविका काजमी, मंजेश कुमार, हेमंत कुमार, सिंटू कुमार, मंटू कुमार, कृष्णा कुमारी, आरती कुमारी, रोशनी खातून, अभिलाषा कुमारी, काजल कुमारी, राकेश कुमार, रोहित कुमार, राहुल कुमार, बाबुल कुमार, मुकेश कुमार, कुंदन कुमार, आशीष कुमार आदि शामिल हैं।

ठंड से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी किया एडवाइजरी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकारण ने बढ़ते ठंड को लेकर जनहित में एडवाइजरी जारी किया है। इसमें बच्चे बुजुर्ग,एवं बीमार लोगों को आगाह करते हुए कहा गया है कि बुजुर्ग लोगों, नवजात शिशुओं और बच्चों की देखभाल करें, साथ ही अकेले रहने वाले लाचार व निःसहाय बुजुर्ग व दिव्यांग लोगों की सहायता करें। बिजली की खपत को कम करें, रूम हीटर का प्रयोग आवश्यकता पड़ने पर ही करें। जब भी रूम हीटर का प्रयोग करें तो वेंटिलेशन का पर्याप्त ध्यान रखें। पालतू जानवरों की विशेष हिफाजत की सलाह देते हुए कहा गया है कि अपने पशुओं को ठंढ़ के मौसम में घर के अंदर रखें व उन्हें कंबल से ढ़क दें। पशुबाड़े को बायुरोधी बनायें।. शराब या अन्य नशायुक्त पेय का सेवन न करें, यह शरीर के तापमान को कम करता हैं। वास्तव में यह आपके रक्त वाहिकाओं, विशेष रूप से हांथों में हाईपोथर्मिया के जोखिम को बढ़ा सकता है। ठंढ़ लगे हुए अंग पर तेल की मालिश न करें, इससे त्वचा को नुकसान पहुँच सकता है। शरीर में कंपकंपी को नरजअंदाज न करें। यह पहला संकेत है कि शरीर की गर्मी कम हो रही है। घर के अंदर रहें। यदि कपड़ा गीला या बहुत ठंढ़ा हो तो कपड़े बदल दें। कंबल, कपड़ा, तौलिया या चाद से शीर को गर्म करने का प्रयास करें। शरीर के तापमान को बढ़ाने में मदद करनले के लिए गर्म पेय लें। ठंढ़ से प्रभावित व्यक्ति को तब तक कोई तरल पदार्थ न दें जब तक वह पूरी तरह से सामान्य न हो जाए। शीतलहर के सम्पर्क में आने से हाईपोथर्मिया हो सकता है। शरीर के तापमान में कमी, जिससे कंपकंपी, बोलने में कठिनाई, नींद न आना, कड़ी मांसपेशियां, सांस में भारीपन, कमजोरी या बेहोशी जैसे लक्षण हो सकते हैं। हाईपोथर्मिया एक प्रकार की मेडिकल इमरजेंसी है, इस स्थिति में हाईपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति को जितनी जल्दी को सके तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएँ। फसलों को शीतलहर के प्रभावों से बचाने के लिए व उपचारात्मक उपाय करें। शीतलहर के बाद फास्फोरस और पोटेशियम उर्वरकों का प्रयोग फसलों की जड़ों के विकास को पुनः सक्रिय करेगी और फसल को शीतलहर के प्रभावव से तेजी से उबरने में सहायता करेगी। शीतलहर के दौरान हल्की और सतह की निरंतर सिंचाई करें। पानी की सिंचाई शीतलहर के कारण संभावित क्षति से पौधे की रक्षा करती है। स्प्रिंकलर सिंचाई से पौधों में होने वाले रोगों को कम करने में सहायता मिलेगी क्योंकि पानी की बूंदों का संघनन पौधों की रक्षा करती है।

पामा पंचायत में भीषण आग लगने से 8 घर में 30 लाख से अधिक की संपति जलकर राख

प्रात : किरण संवाददाता

पतरघट/सहरसा। जिले के पतरघट ओपी क्षेत्र के पामा पंचायत के वार्ड नंबर 4 में सोमवार के शाम 7 बजे खाना बनाने के क्रम मे चूल्हे की निकली चिगारी से लगी भीषण आग जिसमें 8 घर जलकर राख होनी की खबर सामने आयी हैं, जिससे घर मे रखा नकदी ,बर्तन ,जेबरात ,कापरा ,फर्निचर, सहित घर मे रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

घटना की जानकारी अगनीशमन टीम मिलने पर लगभग घंटो देर बाद पहुची ,अग्नीशमन टीम तब तक ग्रामीण के करी मस्कतक के आग पर काबु पाया गया ,तब तक आग ने 8 घर को अपने चपेट मे ले लिया ,जिससे लगभग 30 लाख की समप्ती जलकर राख होनी की पीड़ित गृह श्वामी ने बताया है,आग लगने का कारण बताया कि वो चूल्हे पर खाना बनाने के दौरान पानी लाने चापाकल पर गई थी।

इसी दौरान आग लग गई। पीड़ित गृह श्वामी भुवन यादव पिता ,वही ग्रामीण का माने तो कहना है

अगर पतरघट अगनीशमन टीम उपलब्ध होता तो आज इतना नुकसान नहीं होता,ग्रामीण का मांग है कि पतरघट मे भी अग्नीशमन टीम हो , यादव,विकाश यादव, मुकेश यादव, रविन्द्र यादव, तीनो का पिता चंददेशवारी यादव, अनिल यादव पिता भुवन यादव, सुनील यादव, पीता भूवन यादव, रामबिलाश यादव वो कैलाश यादव दोनो का पिता देवकृष्ण यादव, इस बावत सीओ सुक्रांत राहुल ने कहा कि अग्निपीड़ितों की जांच के लिए हल्का कर्मचारी दीपक कुमार शर्मा को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं।

प्रतिवेदन मिलते ही विधिसंगत कार्रवाई कर सरकारी स्तर से सहयोग किया जाएगा। मौके पर मौजूद मुखिया विनोद कुमार उर्फ पप्पू यादव, उप मुखिया शैलेंद्र यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रंजीत साह,श्यामलाल यादव,वार्ड सदस्य एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

अतिक्रमण के कारण प्रतिदिन लगता है जाम, राहगीरों को होती है परेशानी

प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) शहर में जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है। लोग जाम से काफी त्रस्त हो गये है। नपं प्रशासन भी समस्या के समाधान मे दिलचस्पी नही दिखा रही है। दुर्गा स्थान चौक पर थोड़ी - थोड़ी देर में जाम लग रहा है। घंटो वाहन जाम मे फंसे रहे। इसके बाद स्थानीय पुलिस के हस्तक्षेप से जाम हटाया गया। बता दे कि दुर्गा स्थान चौक पर स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या से लोगों को जूझना लाजमी है। प्रतिदिन चारों ओर जाने वाले लोगों को जाम की समस्या से जुझना नियति बन गई है। जबकि शहर के हाट बाजार के पास प्रतिदिन जाम लगने के कारण घंटो आवागमन बाधित होता है। हालांकि पिछले कुछ माह पूर्व नगर पंचायत और स्थानीय प्रशासन के द्वारा हाट बाजार में जाम की समस्या के समाधान में कठोर कदम उठाया गया था। जिससे आवागमन करने वाले लोग जाम की समस्या से निजाद पाये थे। इस अभियान का कुछ दिनों तक हाट बाजार के अलावे अन्य चौक-चौराहों पर असर भी रहा। लेकिन धीरे-धीरे स्थायी और फुटकर दुकानदारों ने मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण फैला दिया है। जिस कारण प्रतिदिन लोग सड़क जाम मे फंसकर परेशान होते है। शहर में टेम्पो स्टैंड नहीं होने के कारण मुख्य मार्ग पर यत्र-तत्र वाहन लगाए जाते हैं, जो सड़क जाम लगने का मुख्य कारण है। कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि फुटकर दुकानदार, कुछ स्थायी दुकानदारो के द्वारा अतिक्रमण फैला दिया जाता है। साथ हीं सड़क पर दुकानों के आगे यत्र तत्र टेम्पो और अन्य वाहनो के लगने से प्रतिदिन जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। एम्बुलेंस, स्कूली वाहन सहित आवश्यक कार्यो से आवाजाही करने वालो को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अहियापुर में गला रेत कर युवक की हत्या, घर से कुछ दूर फेंका मिला शव

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । अहियापुर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक 37 वर्षीय व्यक्ति का हत्या कर फेंका गया शव बरामद किया गया। शव मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के घर से कुछ ही दूरी पर फेंका गया शव पुलिस ने बरामद किया। मृतक की पहचान 37 वर्षीय धर्मेंद्र सहनी के रूप में हुई है।पुलिस ने इस मामले में शक के आधार पर मृतक के दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। यहाँ को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही इस निर्मम हत्या की जांच के लिए एफएसएल और डॉग स्क्वायड को टीम को भी लगाया गया है। उपर पटना को लेकर मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। इस मामले में अहियापुर पुलिस का कहना है कि घटना की जांच पड़ताल के दौरान मौके से एक चाकू बरामद किया गया है। वहीं शव की तलाशी के दौरान मृतक की जेब से एक अंडा- ट्रे का टुकड़ा भी मिला है। पुलिस के अनुसार मृतक का दाहिने हाथ का नस कटा हुआ तथा गला रेता हुआ पाया गया है। आशंका है कि गला रेतने से पहले उसके साथ मारपीट की गई होगी। उसके बाद उसके दाहिने हाथ के नस को काट दिया गया है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे मृतक की भांजी ने बताया कि उसके मामा की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। के काम नहीं करते थे, उनका मकान बन रहा था। उसने कहा कि मामा की इस तरह से निर्मम हत्या की गई है, जैसे उनसे किसी को कोई गहरी दुश्मनी हो। घटना के बाद से मृतक के परिवार वाले काफी डरे सहमे है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया दुश्मनी में निर्मम हत्या किए जाने का मामला प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. परिजन के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

चिकित्सा पदाधिकारी के अद्यक्षता में डॉक्टर एवं स्वास्थ कर्मियों की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली सीएचसी के सभागार में मंगलवार को सीएचसी सहायक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. साहिद एकवाल के अद्यक्षता में डॉक्टर एव स्वास्थ कर्मियों की बैठक किया गया. इस दौरान दौरान सीएचसी सहायक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. साहिद एकवाल ने कहा कि प्रखंड़ क्षेत्र के 14 पंचायत में चिन्हित 0 से 5 वर्ष के जन्म जात बहरापन बच्चों का 20 दिसंम्बर को सुवह 9 वजे सदर हास्पिटल मधुबनी में स्व. डॉक्टर एस. एन. मेहरोत्रता मेमोरियल ईएनटी फाउंडेशन कानपुर द्वारा आयोजित निः शुल्क जांच शिविर में इलाज किया जाएगा. इस दौरान आयुष चिकित्सक डा. रमेश पासवान ने बताया कि क्षेत्र के एएनएम आशा कार्यकर्ता आगन बाड़ी सेविकाएं एव वच्चों के अभिभावकों से अपील किया कि अपने अपने पोषक क्षेत्र ऐसे बच्चों छूटे हुए है उस वच्चों चिन्हित कर शिविर में भेजने का निर्देश दिया.उन्होंने कहा मुख्यमंत्री बाल हिर्दय योजना के तहत 0 से 16 वर्ष वैसे वच्चे जो जन्म जात हिर्दय रोग से ग्रस्त है उनके लिए भी आईजीआईसी पटना में 5 से 7 जनवरी 024 तक आयोजित शिविर में भाग लेकर अपना समुचित इलाज कराबे. डा. रमेश पासवान ने कहा कि प्रखंड़ क्षेत्र के सभी पंचायत में वैसे जिन वच्चों को आरबीएस के रैफरल कार्ड नही बना है वैसे वच्चों सामुदायिक सवस्थ केंद्र खजौली में पहुँच कर आरबीएस के टीम से बनाने की पहल करें. इस मौके पर सीएचसी सहायक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. साहिद एकवाल, डा. कुमार मुकेश, डा. जितेंद्र कुमार, एएनएम सीता सुमन सहित अन्य स्वास्थ कर्मी मौजूद थे.

बीएनएमयू मेन गेट पर कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक का किया पुतला दहन

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा । भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में पीजी सेकंड सेमेस्टर के परीक्षा केंद्र को विश्वविद्यालय मुख्यालय से बाहर करने एवं कॉमर्स कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ अरबिंद कुमार द्वारा छात्र नेताओं पर फर्जी मुकदमा, लाठी चार्ज, गर्ल्स कैंडिडेट्स के साथ अभद्र व्यवहार आदि के विरोध में बीएनएमयू के मेन गेट पर कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक का पुतला दहन किया गया। संयुक्त छात्र नेताओं ने कुलपति ऑफिस के सामने जमकर नारेबाजी की एवं उसके बाद विश्वविद्यालय के मेन गेट पर पुतला दहन किया। मौके पर संयुक्त छात्र संगठन के नेताओं ने एक स्वर में कहा कि बीएनएमयू में कुछ भी ठीक नहीं है। 55 लाख का कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम गायब है। केंद्रीय स्टोर में समान पहुँचा ही नहीं, और हो भुगतान हो गया। प्रभारी कुलपति प्रो राजनाथ यादव कई महीने से बीएनएमयू को झांकने तक नहीं आये हैं। विश्वविद्यालय को शिक्षा माफिया ही चला रहे हैं। छात्र नेताओं ने कहा कि परीक्षा नियंत्रक प्रो. शशिभूषण आनन फानन में सभी नियम परिनियम को ताक पर रखकर स्टूडेंट्स के भविष्य से लगातार खिलवाड़ कर रहे हैं। पीजी सेकंड सेमेस्टर का एडमिट कार्ड 14 दिसम्बर की रात 8 बजे यूआईएमएस पोर्टल पर जारी करवा के 15 दिसम्बर से सैद्धांतिक परीक्षा लेने के चक्कर में हजारों स्टूडेंट्स का एडमिट कार्ड में स्टूडेंट्स नेम, पिता का नाम, माता का नाम, रजिस्ट्रेशन नंबर आदि गलत ही है। एडमिट कार्ड में अशुद्धि रहने से स्टूडेंट्स काफी चिंतित हैं। यूआईएमएस स्टूडेंट्स का हर सेमेस्टर में आर्थिक शोषण कर रहा है, परीक्षा नियंत्रक मौन हैं। कई स्टूडेंट्स का पीजी फर्स्ट सेमेस्टर का रिजल्ट पेंडिंग है, पेंडिंग रिजल्ट सुधार कर फिर से फॉर्म भरने का मौका दिया जाए।विश्वविद्यालय स्तर पर विश्वविद्यालय मुख्यालय के नॉर्थ कैम्पस स्थित परीक्षा भवन में पीजी समेत सभी तरह की परीक्षा ली जाए। छात्र नेताओं पर से फर्जी एफआईआर वापस लिया जाए एवं जेल में बंद हमारे दो साथियों को अविलंब रिहा करवाया जाए। क्या है मामला बताया गया कि बीएनएमयू के परीक्षा विभाग ने इसबार पीजी सेकंड सेमेस्टर का परीक्षा केंद्र विश्वविद्यालय मुख्यालय से बाहर निजी बीएड कॉलेज में बनाया था, संयुक्त छात्र संगठन ने इसका विरोध किया एवं मांग किया कि पीजी सेकंड सेमेस्टर का परीक्षा केंद्र पूर्व की भांति नॉर्थ कैम्पस के परीक्षा भवन में ली जाए। शिक्षा माफियाओं के चंगुल में फंसी कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक तानाशाही दिखाते हुए लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे संयुक्त छात्र संगठनों की मांगों पर पुनर्विचार करने के बजाय एडमिट कार्ड जारी कर परीक्षा लेने की घोषणा कर दी। संयुक्त छात्र संगठन के नेताओं ने कॉमर्स कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर पहुँचकर धरना पर बैठ गए एवं परीक्षा नहीं लेने का अनुरोध किया। कॉमर्स कॉलेज के प्राचार्य ने पुलिस प्रशासन को बुलाकर लाठीचार्ज करवा दिया एवं निर्दोष 18 छात्र नेताओं पर एफआईआर दर्ज करवा कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने गर्ल्स स्टूडेंट्स के साथ अभद्र व्यवहार किया। संयुक्त छात्र संगठन के नेताओं में काफी आक्रोश व्याप्त है। मौके पर संयुक्त छात्र संगठन के छात्र राजद, छात्र जाप, एनएसयूआई, छात्र जदयू, आइसा, बिभिएम सहित अन्य छात्र नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

टायफाइड के कारण एवं निवारण पर आयोजित हुआ सेहत संवाद

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा । ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के सौजन्य से संचालित सेहत केंद्र के तत्वावधान में मंगलवार को सेहत संवाद श्रृंखला का छठा संवाद आयोजित किया गया। इसका विषय टायफाइड : कारण एवं निवारण था। इस अवसर पर इमर्जेंसी मेडिकल यूनिट, पंडित मदन मोहन मालवीय हॉस्पिटल, दिल्ली सरकार, दिल्ली के इंचार्ज डॉ. एम. एस. प्रियदर्शी ने कहा कि टाइफाइड और पैराटाइफाइड बुखार क्रमशः साल्मोनेला सेरोटाइप्स टाइफी और पैराटाइफी के कारण होने वाली प्रणालीगत, जानलेवा बीमारियां हैं। उन्होंने बताया कि टाइफाइड और पैराटाइफाइड बुखार के लक्षणों में तेज बुखार, कमजोरी, पेट में दर्द, सिरदर्द, दस्त या कब्ज, खांसी और भूख न लगना शामिल हैं। उन्होंने बताया कि टाइफाइड और पैराटाइफाइड बुखार आमतौर पर दूषित भोजन पा पानी के सेवन से फैलता है। शुद्ध भोजन और जल प्रथाओं का पालन करना टाइफाइड और पैराटाइफाइड बुखार की रोकथाम में मदद करने के लिए सबसे अच्छा तरीका है। टीकाकरण भी टाइफाइड बुखार की रोकथाम में भी मदद कर सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य कैलाश प्रसाद यादव ने की। संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के शोधार्थी सारंग तनय ने किया। अतिथियों का स्वागत दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर और धन्यवाद ज्ञापन शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान ने किया। इस अवसर पर डॉ. राजीव रंजन, आलोक कुमार, अंकित, माधव कुमार, मदन गोपाल, प्रतिभा कुमार, मनोज ठाकुर, मनोज कुमार, गजेश कुमार, डॉ. आर एस यादव, किरण, प्रशांत कुमार, शमा परवीन, भावेश कुमार, नंदकिशोर, अभिनंदन कुमार, राजेश कुमार, प्रिंस कुमार, तपेश कुमार, प्रियंका, श्याम प्रिया, तनुज आनंद, अभिनंदन कुमार, लवली झा, सौरभ कुमार, शिव रानी, उजाला झा, शैलेश कुमार, दिवाकर कुमार, आशीष कुमार, मो. गुलाम, सृष्टि जायसवाल, डॉ. रजनीश कुमार, काजल, आर्यन राज, डॉ. अंजु प्रभा, चंदन कुमार, गौरव सिंह, नंदनी कुमारी, मोना कुमारी, राधा, श्वेता, प्रीति, प्रिया, गौरव राज, भानु यादव, सुमति कुमारी, रोजी, आरती कुमारी, पल्लवी राय, प्रशांत कुमार, सूरज कुमार, किशोर, सोनम गुप्ता, मौसम कुमारी, राघव कुमार झा, सोनू भारद्वाज, मोनू रजक, लक्ष्मण, विक्रम कुमार, धीरज, नीतिश, सीटीजी, सुरभि भारती, अभिषेक कुमार, अभिलाषा, प्रशांत कुमार, ज्योति कुमारी आदि उपस्थित थे।

बहु आयामी व्यक्तित्व के कवि थे ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शब्द शब्द जीवन राग - जैसी कृति के रचनाकार ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर द पार्क में आयोजित स्मृति पर्व में मुख्यअतिथि बीआरएबीयू की अवकाश प्राप्त हिंदी विभागाध्यक्ष कवयित्री और आलोचक डॉ पूनम सिन्हा ने कहा कि ब्रजकिशोर बाबू की रचनाओं में जो विविधताएं मिलती हैं वह उनके बहुआयामी व्यक्तित्व के कारण है। आग और राग का अद्भुत संतुलन है उनकी कविताओं में। मन के भावों को सुंदर शिल्प और समृद्ध भाषा में प्रस्तुत करने का उनका कौशल अनुकरणीय है। उन्होंने देशज शब्दों का प्रयोग बड़ी ही कुशलता से अपने गीतों में किया है। परंपरा में निष्ठा होने के साथ ही प्रगति के हिमायती ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह का जीवन अल्प रहा लेकिन उन्होंने जितना काम किया वह समाज, साहित्य, संस्कृति और मनुष्यता के लिए महत्वपूर्ण है। अध्यक्षीय उद्गार में डॉ संजय पंकज ने कहा कि डॉ ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह का हिंदी जगत में धूमकेतु की तरह आना हुआ। उनका जीवन बड़ा ही संघर्ष पूर्ण रहा। लोहिया के चिंतन से प्रभावित होकर उन्होंने समाजवादी विचारधारा से जुड़कर बेनीपुरी, जयप्रकाश नारायण, रामजन्म ओझा जैसे विचारकों के साथ काम किया। वे सच्चे समाजसेवी, इमानदार जनप्रतिनिधि और व्यापक जीवन अनुभव के कवि थे। उनकी कविताओं में जीवन का उल्लास, उत्साह और राग है। ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत कवि गीतकार डॉ विजय शंकर मिश्र ने विषय प्रवेश कराते हुए ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह के व्यक्तित्व-कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि वे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी कविताओं का शास्त्रीय पक्ष मजबूत और लोक पक्ष व्यापक है। गीतों को पढ़ने से पता चलता है कि वे संगीत के जानकार थे इसीलिए उन्हें रागों में बांधना आसान है। जनता के दुख दर्द को अनुभूत करते हुए ब्रजकिशोर बाबू ने जीवन-संघर्ष की कविताएं लिखी हैं। वे स्वच्छंदतावादी धारा के महत्वपूर्ण कवि थे। युवा कवयित्री डॉ अनु ने कहा कि हम अपने रचनाकर्म को पूर्वज रचनाकारों के अध्ययन से ही विकसित और समृद्ध करते हैं। ब्रकिशोर प्रसाद सिंह की रचनाएं सहज संवाद करती हुई मन को छूती हैं। युवाकवि श्यामल श्रीवास्तव ने कहा कि ओज, शौर्य और पराक्रम के कवि ब्रजकिशोर बाबू प्रेम, प्रकृति और राष्ट्रीय चेतना के भी कुशल शब्दकर्मी थे । इस अवसर पर ललितेश्वर प्रसाद सिंह, सर्वेश्वर प्रसाद सिंह, प्रणय कुमार, मधु मंगल ठाकुर, डॉ श्रीनारायण प्रसाद सिंह, अविनाश तिरंगा उर्फ ऑक्सीजन बाबा, प्रेमभूषण, अनिल मिश्रा, प्रो ब्रजेश कुमार, अखिलेश राय, सियाराम तिवारी, सुधांशु राज, राकेश कुमार सिंह, समीर, अभय आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। स्वागत संबोधन में कवि-पुत्र डॉ केशव किशोर कनक ने कहा कि मेरे लिए यह स्मृति पर्व आशीर्वाद और प्रेरणा है। पिता की यादों को मैं उनकी सेवा तथा रचनाओं के माध्यम से आत्मसात करके बचाने का विनम्र प्रयास कर रहा हूं। संचालन करते हुए डॉ विजय शंकर मिश्र ने ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह के कई गीतों को सस्वर प्रस्तुत किया।

निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सकड़ा-पहड़पुर पंचायत के पंचायत भवन में मंगलवार को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभ आरंभ पंचायत कि मुखिया नीलू भारती ने किया। इस मौके पर अपने संबोधन में मुखिया ने कही कि पंचायत क्षेत्रों में जागरूकता की वजह से लोग नियमित इलाज नहीं करा पाते हैं, जिसका दुष्परिणाम काफी घातक होता है। कोई अस्वस्थ या बीमार न रहे, इसलिए अपने नीजीकोष से नेत्र से संम्बधित रोग के उपचार के निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया है, बताया कि इस चिकित्सा शिविर में रोगियों के नेत्रों की जांच, परामर्श और दवाईयों के साथ ही शुगर एवं बीपी की जांच की निःशुल्क व्यवस्था कराई गयी थी। इस शिविर में 80 नेत्र रोगियों की आंखों की जांच मिथिला आंख अस्पताल खगड़िया के चिकित्सक डॉ ध्रुवकांत साह और डॉ शायन कुमार के द्वारा की गयी और इनमें से 32 नेत्र रोगियों को मोतियाबिन्द पाये जाने पर निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चुना गया। उन्होंने बताया कि इन सभी मरीजों का ऑपरेशन, चश्मा, दवाई व खाना आदि सभी निःशुल्क होगा। मौके पर ग्रामीण, हरेराम यादव, सूर्यनारायण राय, जागेलाल राय, विषम्भर राय, उमेश राय, धवेन्द्र राय उप प्रमुख, प्रमोद कुमार, मौषम कुमार, भावेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

पुलिस जिला बॉल बैडमिंटन टीम का होगा चयन : सचिव

नवगछिया (भागलपुर)। आगामी 21 से 23 दिसंबर तक कुशाहा आश्रम हाजीपुर वैशाली में आयोजित 30वीं बिहार राज्य सीनियर महिला व पुरुष बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिये नवगछिया पुरुष व महिला टीम का चयन प्रक्रिया को लेकर बिहपुर के रेलवे मैदान प्रांगण में खेल प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी राज्य प्रवक्ता सह नवगछिया पुलिस जिला बॉल बैडमिंटन संघ के जिला सचिव ज्ञानदेव कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि चयन निर्णायक समिति में सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी राकेश कुमार साह के द्वारा किया जायेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज कुमार लाल, जीबी कॉलेज के क्रिड़ा परिषद के अध्यक्ष सह संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. दिव्य प्रियदर्शी मौजूद रहेंगे।

फरार वारंटी अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

नवगछिया। झंडापुर ओपी थाना पुलिस ने देर रात गुप्त सूचना के आधार पर मरवा गांव में दबिश दे फरार वारंटी अभियुक्त आशुतोष झा पिता आनंदी झा को उसके घर से गिरफ्तार कर मेडिकल जाँच के साथ न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

15 वर्ष पुरानी वाहन का नवीकरण शुरू

मुंगेर। जिला परिवहन विभाग की ओर से 15 वर्ष पुरानी वाहनों को 5 वर्ष के लिए फिर से रेनवाल करना शुरू कर दिया है। इस संबंध में मोटर यान निरीक्षक दिव्य राज ने कहा कि जिन वाहनों का 15 वर्ष समय अबधि पूरा हो गया है, वैसे वाहन मालिक 5 वर्ष के लिए अपनी वाहन का नवीकरण करा सकते हैं। इसके लिए जरूरी कागजात की आवश्यकता होगी । वाहन मालिक उन्हें अपने साथ लेकर आए और अपने गाड़ी को 5 वर्ष के अवधि के लिए नवीकरण करा ले। वाहन मालिकों को किसी तरह की सुविधा नहीं होगी। पुरानी वाहन मलिक इस लाभ को उठा सकते हैं।

कारोबारी फरार, 106 पीस टेट्रा पैक शराब बरामद

मुंगेर। सोमवार के दिन पुलिस ने रामपुर भिखारी मोहल्ले में छापेमारी कर 106 पीस टेट्रा पैक शराब बरामद किया है थाना अध्यक्ष ने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मोहल्ले में अंग्रेजी शराब की डिलीवरी होने वाली है पुलिस ने मुकेश से शराब बरामद किया हालांकि कारोबारी भागने में सफल रहा।

मारपीट में दो महिला जख्मी

मुंगेर। नगर क्षेत्र के कादरगंज गांव में पड़ोसी से हुए मामूली विवाद में जमकर मारपीट की घटना घटी। इसमें एक ही परिवार की दो महिलाएं शांति देवी और फूलों देवी जख्मी हो गई । स्वजनों ने उसे ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। दोनों का इलाज किया गया दोनों खतरे से बाहर हैं इस सम्बन्ध में पीड़ित पक्ष की ओर से थाना में एक आवेदन दिया गया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है, दोषी व्यक्ति को बक्सा नहीं जाएगा।

दो लोगों पर मुकदमा दर्ज, मारपीट का आरोप

मुंगेर। जिले के हवेली खड़गपुर अनुमंडल क्षेत्र के शामपुर थाना के लक्ष्मीपुर में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में राजा रंजन सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी के आवेदन पर दो लोगों पर शामपुर थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्यवाही की जाने की थाना अध्यक्ष ने जानकारी दी है।

डीजे संचालक पर मुकदमा दर्ज

मुंगेर। जिला के टेटिया बम्बर थाना क्षेत्र के राजाडीह गांव के डीजे संचालक रघुवीर मंडल व रंजीत मंडल ने अपने कर्मचारी छोटू मंडल के साथ जमकर मारपीट किया। इस संबंध में छोटू मंडल की मां सुनीता देवी ने टेटिया बंबर थाना में एक आवेदन देकर डीजे संचालक पर मुकदमा दर्ज कराया है। घटना और आवेदन देने की पुष्टि थाना अध्यक्ष ने किया है।

21 दिसंबर को किया जाएगा जॉब कैंप का आयोजन

मुंगेर। श्रम संसाधन विभाग के जिला नियोजनालय मुंगेर के परिश्रर में आगामी 21 दिसंबर को जब कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप का आयोजन 11:00 बजे से 4:00 बजे शाम तक होना सुनिश्चित है। इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैंप में नियोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना आवेदन या बायोडाटा जमा कर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। जॉब कैंप में भाग लेने वाले आवेदक कार्यालय में आकर एनसीएस पोर्टल पर निबंध आवश्यक कर ले। इसकी जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी मोहम्मद तौसीफ क्याम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि ई-करेक्ट प्राइवेट लिमिटेड ने डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के लिए आठवीं, दसवीं और बारहवीं पास युवा अभ्यर्थी जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है ,आवेदन दे सकते हैं उन्होंने यह भी बताया कि डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के लिए कुल पद की संख्या 15 है। चयनित अभ्यर्थी सदर मुंगेर, जमालपुर, तारापुर ,धरहरा प्रखंड में नियोजित होंगे।

ठीक होने गए वाहन का कटा चालान, ऑनलाइन व्यवस्था की खुलीपोल

यह मानवीय भूल हुई है, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में बदलाव से हुई है गलती : यातायात डीएसपी

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिलेभर में ट्रैफिक व्यवस्था को पालन करने व उनके उलंघन के मामले को लेकर यातायात नियमों में बदलाव के साथ अब वाहन चालकों का ऑनलाइन चालान काटने का प्रावधान लागू कर दिया गया है, वही इस निगम के तहत कुछ ऐसे वाहनों का भी चालान काटा जा रहा है जो कई सप्ताह से गेराज में पड़े रहने का मामला सामने आया हैं। मिली जानकारी के मुताबिक उन वाहनों के चालक किसी अन्य राज्यों में ट्रेन की सफर कर रहे हैं, या फिर कही बाहर चल रहे हैं।

वही इस नये तकनीक विधि प्रयोग का ऐसा मामला सामने आया है कि चार पहिया वाहन चालक के विरुद्ध हेलमेट का चालान काटा गया है, तो कहीं दो पहिया वाहन की जगह चार पहिया वाहन का चालान काटकर लोगों को मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से मैसेज भेजा जा रहा है। ये वाक्य घटित होने का मामला कही और नही बल्कि स्मार्ट सिटी भागलपुर में देखने को मिली है। ऐसे कवायद शुरू किये

जाने के बाद से अब अगर आप स्मार्ट सिटी के सीमा में कदम रख रहे हैं तो हो जाए सतर्क क्योंकि अब यातायात पुलिस की निगरानी चप्पे चप्पे पर है, अगर आप कार या बाइक चलाने का शौक रखते हैं तो आप सावधान हो जाइए, आपको हम डरा नहीं रहे हैं, बल्कि सतर्क कर रहे हैं। दरअसल भागलपुर स्मार्ट सिटी में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जो कि आपको हैरान व चौका देगी, भागलपुर के स्मार्ट सिटी शहर का खिताब स्मार्ट सूची में शामिल होने के बाद से शहर को कई तरह से स्मार्ट करने की कवायद की जा रही है। जिसमें एक ट्रैफिक नियमों के तहत ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की कवायद शुरू कर दी गई है।

वही ट्रैफिक व्यवस्था के तहत अब स्मार्ट सिटी में वाहनों के चालकों के पास पुलिस किसी भी तरह के नियम उलंघन मामले को लेकर चलान हेतू विवाद नही करेगी और न ही आपको रोकने की कोई कवायद में लगेगी, अब पुलिस द्वारा नियमों के बदलाव के साथ वाहन चालकों के चलान की मुहिम यातायात पुलिस प्रशासन द्वारा ऑनलाइन चालान के प्रावधान के तहत ऑटोमेटिक काटा जा रहा है, जिसका मेसेज संबंधित वाहन चालकों के मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से सूचना भेजा जा रहा है। वही इन गतिविधियों से यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर लगाम कसाना शुरू कर दिया गया है, लेकिन ऑनलाइन की व्यवस्था शुरू किये जाने से चालान काटने की प्रक्रिया लोगों पर भारी पड़ते दिख रही है।

ऐसा ही एक मामला भाजपा के युवा नेता कुश पांडे से संबंधित जानकारी प्राप्त हुई है, जिनकी कार काफी दिनों से ठीक होने के लिए गैरेज में पड़ी हुई है और कुश पांडे इन दिनों वैष्णो देवी की यात्रा पर चल रहे हैं और उन्हें बाइक का चालान उनके कार के नंबर को अंकित करते हुए उनके मोबाइल फोन पर चलान का मैसेज भेजा गया है।

जिसके बाद भाजपा नेता ने वीडियो जारी कर यातायात पुलिस प्रशासन के कारनामे को उजागर किया है। वही इस पूरे मामले पर यातायात डीएसपी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि यह मानवीय भूल हुई है, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में हुए बदलाव और नए पुलिस कर्मियों को पदस्थापित किया गया है, जिससे भूलवश ऐसी गलती हो जा रही है, गलती बस जिन्हें भी इस तरह का चलान के साथ जुमार्ना किया जा रहा है। वह आवेदन देकर सुधार करवा सकते हैं, उन्हें कोई फाइन नहीं देना पड़ेगा। अब सवाल यह है कि इस व्यवस्था के जद्दोजहद में दूर प्रदेश के सफर करने वाले वाहन चालकों को पुलिस की गलती का खामियाजा भुगतना इस कदर हावी हो सकता है ये शायद उन्हें भी नही पता है।

गृह रक्षकों का विस्तार को ले हुई बैठक

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। स्थानीय सेंडिस कंपाउंड के मैदान प्रांगण में बिहार गृह रक्षा वाहिनी जिला शाखा भागलपुर में गृह रक्षकों का विस्तार को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन जिलाध्यक्ष अखालेश्वर प्रसाद यादव की अध्यक्षता में संपन्न किया गया।

बैठक के क्रम में वरीय उपाध्यक्ष पवन यादव, सचिव-विभाष कुमार झा, कार्यालय सचिव शंकर प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष श्री सुधीर पंडित, संगठन सचिव श्री गणेश मिश्रा तथा बासुकी कुमार यादव, विनोद कुमार यादव सघ की संस्थापक शिवनारायण साह ने बैठक को संबोधित किया, साथ ही सरकार से गृह रक्षकों के द्वारा चलाये गये, आन्दोलन का पालन करते हुए 1994 के विधान सभा, विधान परिषद के द्वारा परिविधिक राज्यपाल के समक्ष लम्बित मामले पर जोड़ दिया गया है। जिसकी सूची अनिवारण जल्द इस कार्य को निष्पादित किये जाने की मांग की है, साथ ही गृह रक्षा कर्मियों ने कहा है कि मांगो को अगर जल्द पूरा नहीं किया गया तो संघ आन्दोलन के लिए बाध्य हो जायेगें, जिसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। वही उन्होंने कहा कि झारखण्ड को राज्य दिया गया है और बिहार में मामला लम्बित रखा गया है, इसकी घोर उपेक्षा की। संघ के जिला सचिव ने कहा कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के द्वारा सिंगल बेंच और डबल बेंच के द्वारा समान काम का समान सुविधा देने की आदेश जारी किये गये है, जो जारी आदेश लम्बित है उसे यथाशीघ्र बिहार सरकार के स्तर से लागू करने हेतू माँग की है। वही गृह रक्षकों की पेंशन एवं सेवा निवृति लाभ को सामूहिक रूप से वितरण करने की भी मांग की है। वही बैठक का जिला अध्यक्ष एवं जिला सचिव के द्वारा धन्यवाद उद्बोधन के साथ कार्यक्रम को समाप्त किया।

आगामी 21 दिसंबर को आरएसएस प्रमुख का होगा भागलपुर के कुप्पा घाट में आगमन: महामंत्री

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आगामी 21 दिसंबर को आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत का भागलपुर आगमन होना सुनिश्चित है। वही उनके आगमन की तैयारी को लेकर महर्षि मेंही आश्रम कुप्पाघाट प्रांगण में संतों द्वारा जोड़ सौर से किया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का आगामी 22 दिसंबर को 9:30 बजे सुबह भागलपुर के महर्षि मेंही आश्रम कुप्पाघाट प्रांगण में पहुंच कर महर्षि मेंही आश्रम में रह रहे आचार्य व साधू सन्यासियों से मिलकर कई बिंदुओं पर वार्ता करेंगे, साथ ही महर्षि मेंही पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म ह्लमहर्षि मेंही एक व्यक्तित्व एक विचारह्व का लुक आउट जारी करेंगे। वही आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के आगमन को लेकर संतो द्वारा तैयारी जोरों पर है। वही उनके आगमन की अधिसूचना जारी होने के बाद से जिला पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र इलाके सहित उनके संबंधित कार्यक्रम स्थलों की जांच व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की तैयारियों में जुट गई हैं। गौरतलब हो कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत आगामी 22 दिसम्बर की सुबह 9:30 बजे सुबह कुप्पाघाट परिसर में पहुंचकर महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज और संत सेवी महाराज के समाधि स्थल पहुंचकर पुष्पांजलि करेंगे, उसके बाद संतमत प्रवचन प्रसाल में पहुंचकर लोगों को संबोधित करेंगे, फिर महर्षि मेंही पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म महर्षि ह्लमेंही एक व्यक्तित्व एक विचारह्व का लुक आउट जारी करेंगे।उसके बाद कुप्पाघाट के आचार्य व साधु संतों से कई बिंदुओं पर वार्ता करेंगे। उक्त आशय की जानकारी अखिल भारतीय संतमत सत्संग महासभा सह महर्षि मेंही आश्रम कुप्पाघाट के महामंत्री दिव्य प्रकाश ने दी है।

वार्षिक अधिवेशन सह समीक्षा बैठक का किया भव्य आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिलेभर में समाज के बीच पिछड़ी व दबी कुचली महिलाओं को स्वालंबी बनाने के साथ साथ महिलाओं को समाज के मुख्य धाराओं से जोड़ने की मुहिम को लेकर माँ आनंदी संस्था ने एक मिसाल कायम की है। हालांकि संस्थान की संस्थापिका प्रिया सोनी ने मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा की पहल की शुरूआत करते हुए अपने बलबूते पर जिले भर में अपनी पहचान को सार्थक रूप से जरूरतमंद लोगों के बीच कई कार्यक्रम के माध्यम से स्थापित करने से पीछे नहीं रही और लाख मुश्किलों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़ती रही हैं। उनके इस हौशला को देख अन्य महिलाओं के बीच एक नयी चेतना मिली है। मिस प्रिया के इस हौशला को देख अन्य महिलाओं के बीच जीवन जीने की सोच को बदलने में सहयोग देने के लिए आगे बढ़ी है। इसी कड़ी में संस्था की ओर से संगठन विस्तार को लेकर निर्णय लेते हुए

अपने संस्थान के वार्षिक अधिवेशन सह बैठक का भव्य आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम की शुरूआत संस्था की संस्थापिका सह अध्यक्षा प्रिया सोनी एवं सदस्यों के द्वारा गणेश वंदना से की, तत्पश्चात संस्था के सदस्यों के साथ बैठक कर विगत वर्ष में हुए कार्यों की समीक्षा की, साथ ही आगामी वर्षों के कार्यों की रूप रेखा पर जोड़ दिया गया। वही संस्था के विस्तार किये जाने को लेकर संस्थापिका प्रिया सोनी ने नए सदस्यों को जोड़ने व चयनित सदस्यों को पदभार सौंपा है। वही संस्था की तरफ से विगत वर्ष में करीब दो सौ से अधिक महिलाओं को उद्यमी व स्वालंबी बनाने के साथ साथ सशक्त बनाने पर जोड़ दिया गया था, वही संस्था की अध्यक्षा मिस सोनी के नेतृत्व में आगामी 2024 सत्र में करीब पांच सौ से अधिक महिलाओं को उद्यमी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, साथ ही संस्था के सदस्यों के द्वारा निर्णय लिया गया है कि संस्था के परिसर में प्रत्येक दिन निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श शिविर का आयोजन किया जायेगा, जिसमें स्वास्थ्य विभाग क्षेत्र के विभिन्न विशेषज्ञों के द्वारा समय समय पर महिलाओं को स्वस्थ जांच का लाभ से लाभान्वित हो सकेगी।

वहीं आयोजित कार्यक्रम के दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद के लिए सुनीता साह, सहायक अध्यक्ष रेनू राय, उपाध्यक्ष अलका कुमारी, सहायक उपाध्यक्ष नीतू वर्मा, बबीता पांडे, कोषाध्यक्ष शोभा सिंह, अलका कुमारी, कार्यक्रम प्रभारी रेखा कुमारी, सोनिया, ब्यूटी सिंह, पुष्पा, प्रियंका साह, छोटी कुमारी, चंदन, राहुल कुमार, सलाहकार के रूप में राजेश भगत, नीली वर्मा, मृदुल घोष, गुड़िया दुबे, सीमा जयसवाल, माधुरी झा, प्रमिला देवी, सुनीता देवी, सरिता सिंह, शीला कुमारी साथ ही पुरुष प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार साह एवं उपाध्यक्ष शंकर चौधरी को मनोनीत किया गया है। इस मौके पर संस्था की संस्थापिका प्रिया सोनी के साथ-साथ संस्था के दर्जनों सदस्य मौजूद रही थी।

बीच सड़क नवजात शिशु का शव देख लोगों के कांपी रूह

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों जिले भर में सड़कों पर इर्दगिर्द नवजात शिशु के शव मिलने की सूचना सामने आती रही है। इसी कड़ी में एक और नवजात शिशु के क्षत-विक्षत शव को बीच सड़क पर फेंका देख आसपास के लोगों के रूह कांप उठी है, नवजात शिशु के शव को देखते ही राहगीरों के बीच अफरातफरी मच गई, मिली जानकारी के मुताबिक जोगसर थाना परिक्षेत्र के एसएम कॉलेज रोड स्थित काली स्थान मंदिर प्रांगण के समीप सड़क के बीचोबीच नवजात शिशु के छत विच्छित शव को देख कर लोगों

के रूह कांप उठी है। मामले को लेकर स्थानीय लोगों के मुताबिक बताया गया है कि नवजात शिशु के शव को आवारा जानवर के द्वारा उठाकर लाया गया है, हालांकि नवजात के शव को कुत्तों ने नोच खाया है। वही घटना की सूचना पर स्थानीय जोगसर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच नवजात शिशु के शव के बारे में यह पता लगाने में जुटी है कि जानवरों ने शव को आखिर लाया कहां से है।

वही आसपास के लोग कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं, जबकि कुछ लोगों ने दवी जुबान में कयास यह भी लगा रहे हैं कि यहां आसपास सिर्फ लड़कियों के रहने का छात्रावास है, जबकि पास ही कुछ दूरी पर महिला रोग विशेषज्ञ का अस्पताल है। जिसके कर्मचारियों के द्वारा शायद रात के अंधेरे में किसी नवजात शिशु के मृत जन्म लेने के साथ ही सुनसान स्थान पर फेंक दिया हो और आवारा जानवर उक्त नवजात शिशु के शव को खाने के बाद शेष बचे हुए शव को कही और ले जा रहा हो इसी बीच शव जानवर के मुंह से छूट गया और लोगों की नजरों में आ गया है। वही लोग ये भी आशंका जताई है कि अगर उक्त अस्पताल में कुछ ऐसा नहीं हुआ है तो फिर यह नवजात शिशु के शव यहां पर आया कैसे है। वही नवजात शिशु के शव की सिनाख्त करना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। ज्ञात हो कि विगत दिनों नवगछिया पुलिस जिला क्षेत्र के मुख्य सड़क मार्ग पर एक आवारा कुत्ते के जबड़े से नवजात शिशु के शव को स्थानीय लोगों ने छुड़ाने के साथ स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दी थी। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

बदहाल व्यवस्था से परेशान मरीज है बेवस व लाचार

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। पूर्वी बिहार का एकमात्र जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महा विद्यालय सह अस्पताल है जहां हजारों की तादात में मरीज अपने रोग का इलाज के लिए पहुंचते हैं और अपना इलाज कराते हैं। जहां आए दिन अस्पताल की चरमराई स्थिति को ले मरीज व उनके परिजनों का इलाज व्यवस्था भगवान भरोसे पर चल रहा है। आलम यह है कि विगत कुछ माह से अस्पताल धरना प्रदर्शन का स्थल बन गया है। जहां किसी न किसी समस्या की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन करने का मामला सामने आता रहता है।

वही अस्पताल में कभी एक्स-रे मशीन व सिटी स्कैन मशीन के बंद होने का तो कभी अस्पताल के ऑक्सीजन व्यवस्था बंद तो कभी अन्य कारणों से बिजली का बंद होने व चिकित्सक के छात्रावास तो कभी कर्मचारियों के छटनी के मामले को लेकर धरना प्रदर्शन किये जाने से

अस्पताल में आगन्तु मरीज को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी कड़ी में फिर ऐसा ही कुछ मामला सामने आया है। जहां दूर दराज से आए मरीज व उनके परिजन अपने रोग का इलाज के लिए घंटों रोते बिलखते तड़पते दर्द से कराहते नजर आ रहे थे, लेकिन अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर सुबह से बंद पड़े दिख रहे है। वही अस्पताल के मामले को लेकर अधिकारियों से जब बात की जाती है तो उनका साफ तौर पर कहना होता है कि अभी लिंक फेल है अभी कुछ नहीं हो सकता है। वहीं चिकित्सक से जब मरीज मिलने जाते हैं तो उनका कहना है कि पहले रजिस्ट्रेशन पेपर लेकर आईये तभी आपका इलाज होगा, ऐसे में अब सवाल यह उठता दिख रहा है कि मरीज आखिर करें तो क्या करें, क्या इसी तरह सरकारी व्यवस्था चरमराई रहेगी, जहां एक तरफ सरकार अस्पताल की इलाज व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने की कवायद लगातार शुरू करने पर जोड़ दे रही हैं तो वही इन मरीजों के इलाज व्यवस्था पर ध्यान दे वही अस्पताल की चरमराई हालत का शुध लेने वाला कोई नजर नहीं आ रहा न तो जिला प्रशासन न ही रोगी कल्याण समिति और न ही अस्पताल प्रशासन इन मरीजों की पीड़ा को अब भगवान के भरोसे चल रहा है। ज्ञात हो कि अस्पताल के रजिट्रेशन व्यवस्था की भेंट पहले भी कई जाने चढ़ गई हैं, जिसके बाद राजनीतिक दलों के लोगों ने इन मरीजों के हुई मौत को राजनीति की कठपुतली बनाया है। ऐसे में सरकार की सारी कवायद पर इन गरीब मरीजों का हल देख साफ तौर पर दिख रहा है मरीजों के इलाज का जमीन स्तर पर हकीकत क्या है।

छः दिवसीय आनंद उत्सव खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

भागलपुर। पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रशासन द्वारा भागलपुर पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान प्रांगण में छः दिवसीय प्रमंडलीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन आनंद उत्सव के नाम पर आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में भागलपुर और मुंगेर के पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है।इस खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स के अलावे कई 17 गेम प्रतिभागियों के लिए निर्धारित किये गए हैं। इस छः दिवसीय खेल प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन प्रमंडल आयुक्त संजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं आनंद उत्सव कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने खेल का उमदा प्रदर्शन किया है। वही कार्यक्रम को लेकर पॉलिटेक्निक भागलपुर के प्राचार्य ने बताया कि इस खेलकूद प्रतियोगिता में सफल हुए छात्र-छात्राओं को राज्य स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा।

दो दिवसीय खेल मीट का होगा आयोजन, जोरों पर है तैयारी : अध्यक्ष

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के 25वें वर्षगांठ पर दो दिवसीय एथलेटिक्स मीट का आयोजन स्थानीय सैंडिस कंपाउंड के मैदान प्रांगण में आगामी 24 और 25 दिसंम्बर का समय निर्धारित किया गया है, जिसके लिए तैयारी जोरों पर है। उक्त आशय की जानकारी को लेकर भागलपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन ईकाई के अध्यक्ष जेड हसन एवं उपाध्यक्ष शिशुपाल भारती ने प्रेसवार्ता कर दी है। इस दौरान उन्होंने कहा है कि ये 25वाँ वर्ष खेल का आयोजन सिल्वर जुबली के रूप में मनाया जा रहा है। जिसे लेकर एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित खेल में जो जिला स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया जायेगा, वैसे टीम को सीधे तौर पर

राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिल सकता है। वहीं उन्होंने कहा कि एथलेटिक्स एसोसिएशन ईकाई का उद्देश्य है कि इस खेल के माध्यम से कुशल खिलाड़ियों की पहचान बने जिससे भागलपुर का नाम रोशन हो सके। वहीं एसोसिएशन के शिशुपाल भारती ने कहा कि पंचायती राज के सभापति एवं पूर्व मंत्री नरेंद्र नारायण यादव द्वारा खेल का विधिवत उद्घाटन होगा, जबकि खेल का समापन पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव द्वारा किया जाएगा।

सहायता राशि को लेकर वार्ड नंबर 12 में किया गया सर्वे

मुंगेर। खड़गपुर नगर परिषद की ओर से नगर परिषद के वार्ड संख्या 12 में गरीबी रेखा से नीचे गुजर बसर करने वाले लोगों को अपनी आजीविका से संबंधित रोजगार करने वाले एवं दुकान खोलने के लिए इच्छुक लोगो को प्रधानमंत्री लोन योजना के तहत आजीविका सर्वे किया जा रहा है। इसके लिए सर्वेकर्ता सीआरपी टीम के सीएम गीता कुमारी ने बतायी कि इच्छुक व्यक्ति अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर ,आवासीय प्रमाण पत्र और बैंक पासबुक के छाया प्रति के साथ संपर्क कर अपना आवेदन जमा किया हैं। गीता कुमारी ने आगे बतायी की जिसका मासिक आय 5000 से 8000 के बीच हो तथा लाभुक का घर कच्ची मकान,जो इंदिरा आवास भी लिया हुआ है जो जीविका से लोन ले रखा है उन्हें भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा।

पुल निर्माण कार्य में लगे एक मजदूर की हुई मौत

पुल के प्रोजेक्टर मैनेजर ने मृतक के परिवार को सहायता राशि दे किया सहयोग

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुल्तानगंज स्थित अगवानी पुल निर्माण कार्य में लगे मजदूर की मौत होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुल निर्माण कार्य करने के दौरान एक मजदूर को सर में चोट लगने से गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे त्वरित इलाज के लिए सहयोगी मजदूरों द्वारा अस्पताल लेजाया गया था। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई हैं। वही घटना को लेकर मृतक मजदूर विक्रम तांती के छोटे भाई विनित तांती ने बताया कि अगुवानी पुल के पाया नम्बर छः पर हमारे बडे भाई विक्रम तांती काम कर रहे थे, तभी अचानक

ब्रेथ मशीन टुट कर हमारे बडे भाई विक्रम तांती के सर में जा लगी जिससे गम्भीर रूप से चोटिल हो गये थे, वही चोट लगने के कारण जख्म अत्यधिक गहरा हो गया था। उक्त घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर सहयोगी मजदूरों के द्वारा त्वरित इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मौजूद डॉक्टर ने हालत की गंभीरता को देख बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया।

वही उन्होंने मायागंज अस्पताल लेजाने के बाद उन्होंने वहां के चिकित्सकों ने उसे त्वरित पटना रेफर कर दिया था। वही परिजनों व सहयोगियों के द्वारा जब बेहतर ईलाज के लिए पटना लेजाया जा रहा था इसी क्रम में बीच रास्ते में ही हमारे बडे भाई विक्रम तांती की मौत हो गई है। वही मृतक मजदूर की पहचान 31 बर्ष के विक्रम तांती पिता रमेश तांती साकिन मिजार्गाव का रहनेवाला बताया जा रहा है। वही घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को देने पर संबंधित थाना की पुलिस टीम द्वारा मृतक मजदूर के शव को कब्जे में ले कागजी कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के नवलखा भेजा दिया है। वही इस घटना से आहत हुए पुरे परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।

वही अगुवानी पुल के प्रोजेक्टर मैनेजर संजय कुमार ने मजदूर के परिवार से मुलाकात कर तत्काल सहायता राशि देते हुए कंपनी के द्वारा मुआवजा दिलवाने की बात कही है, साथ ही श्रम प्रर्वतक पदाधिकारी अभीनव आलोक ने भी मजदूर के पिडित परिवार से मुलाकात करते हुए वर्क मैन कंपेशन के तहत कोर्ट के द्वारा कंपनी से मुआबजा दिलवाने की बात कही गई हैं। इस दौरान प्रभारी थानाध्यक्ष अशौक कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

युवाओं ने नगर पंचायत के लिए खेल मैदान की उठाई मांग

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर नगर पंचायत में एक खेल मैदान की मांग को लेकर पिछले दिनों जिलाधिकारी के आगमन पर नगर पंचायत के युवाओं के द्वारा आवेदन दिया गया था। एक अच्छा खेल मैदान की नहीं होने से संग्रामपुर क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा निखारने से पहले ही दम तोड़ रही है। साथ ही वैसे युवा जो भारतीय सेना एवं पुलिस मैं जाने की तैयारी में लगे हुए हैं। उन्हें दौड़ने के लिए एक

अच्छा मैदान भी नहीं मिल रहा है। जिस वजह से युवाओं के सपने निराशाजनक एवं अधूरे नजर आ रहे हैं। नगर पंचायत के युवा शिवम, ज्ञान, भोले, मयंक, गणेश, अरुण, राज राठौड़ , विराट, निशु, तूफान, आशीष इत्यादि ने बताया कि नगर पंचायत में एक भी खेल मैदान नहीं होने की वजह से हम लोग काफी अपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

एक खेल मैदान की मांग को लेकर नगर पंचायत की युवाओं के द्वारा कई जगह पर आवेदन दिया गया। पिछले दिनों जन संवाद कार्यक्रम में पहुंचे जिलाधिकारी अवनीश कुमार को दिए गए अपने आवेदन में युवाओं ने उनसे आग्रह किया कि नगर पंचायत के लिए एक खेल मैदान होना जरूरी है। इन लोगों ने आवेदन में कहा कि पहले वे लोग प्रखंड कार्यालय परिसर के समीप स्थित कृषि फार्म में खेला करते थे। लेकिन कुछ दिन पूर्व ही वहां पर फसल लगाकर उसे खेत में परिवर्तन कर दिया गया। युवाओं ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर यह गुजारिश की है कि अगर इस कृषि फार्म के एक हिस्से को खेल मैदान के रूप में विकसित किया जाए तो यहां के युवाओं के सपने पूरे हो सकते हैं। डीएम अवनीश कुमार ने युवाओं से कहा कि वह इस दिशा में अवश्य प्रयास करेंगे।

अब बच्चों के कक्षाओं को स्मार्ट क्लास के रूप में किया जाएगा बदलाव

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मुंगेर जिले के प्रति प्रारंभिक विद्यालय के बच्चों के कक्षाओं को स्मार्ट क्लास के रूप में बदल जाएगा। इस के लिए केंद्र सरकार से बिहार सरकार सहयोग की अपेक्षा कर रही है ।इस संबंध में शिक्षा विभाग के सूत्र के मुताबिक प्रत्येक प्रारंभिक विद्यालय को उपलब्ध कराए जाने वाली राशि से दो कक्षाओं को स्मार्ट क्लास रूम में बदलाव किया जाएगा। इसके

संक्षिप्त खबरें

हत्या के आरोप में दोषी करार

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे चार ब्रजेश कुमार सिंह ने मदनपुर थाना कांड संख्या 108/08, एसटीआर 168/13 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त कृष्णा सिंह बाबु चौखड़ा मदनपुर को भादंवि धारा 302 और 427 में दोषी ठहराए है और बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया है एपीपी अनील कुमार चौबे ने बताया कि सजा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि 23 दिसंबर 2023 को निर्धारित किया गया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता देवीनंदन सिंह ने बताया कि इस कांड के दो अभियुक्त मोहन सिंह और सतीश सिंह की मृत्यु हो गई है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक प्रदीप सिंह बाबु चौखड़ा मदनपुर ने 04 जुलाई 2008 को प्राथमिकी में बताया था कि अभियुक्तों ने मिलकर जान मारने के नीयत से कमात मोड़ मुख्य सड़क पर मेरी मारूति गाड़ी को विपरीत दिशा से ट्रक से जोरदार धक्का मारी जिससे मेरा पुत्र सिनेश कुमार सिंह और भतीजी खुशबू कुमारी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। सदर अस्पताल ने दोनों को मृत घोषित किया था, और में भी इस घटना में जख्मी हो गया था। घटना के पूर्व में दोनों पक्षों में अपराधिक वाद न्यायालय में चल रही थी।

छेड़खानी आरोपी दोषी करार

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने बारूण थाना कांड संख्या-230/22, पोक्सो जी आर 35/22 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन बंदी अभियुक्त सोनू कुमार सिन्दुरिया बारूण को भादंवि धारा -341,323,354 बी ,504,506 और पोक्सो एक्ट धारा 08 में दोषी करार दिया है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि सजा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि 22 दिसंबर 2023 निर्धारित किया गया है। अभियुक्त 07 जून 2022 से जेल में बंद हैं। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी मे पीड़िता ने बताया था कि प्रतिदिन बारूण ब्लोक पर कम्प्यूटर सिखने जाती थी 06 जून 2022 को अभियुक्त ने रास्ते में जबरदस्ती हाथ पकड़ कर टेम्पु में खींच लिया। विरोध करने पर मारपीट किया और घर आकर गाली गलौज करने लगा। तब आप-पास के लोगों के साथ मिलकर अभियुक्त को पकड़ कर थाने में सुपुर्द करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

23 दिसंबर को सीनेट घेराव होगा : छात्र राजद

आरा। आगामी 23 दिसंबर को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में सीनेट बैठक प्रस्तावित है। सीनेट बैठक से पूर्व कुलपति की छात्र संगठनों से वार्ता की परंपरा रही है। छात्र राजद विश्वविद्यालय अध्यक्ष सत्यजीत राज ने बताया कि सोमवार को कुलपति महोदय ने पांच छात्र संगठनों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया था। किंतु कुलपति महोदय सिर्फ एक विशेष छात्र संगठन के साथ ही लगभग डेढ़ घंटे तक डील करने में व्यस्त रहे और अन्य छात्र संगठनों को बिना वार्ता वापस जाने पर विवस कर दिया।

प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के किया गया पुतला दहन

आरा। त्रिभुआनी मोड़ पर जनसंघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में मोर्चा के संयोजक नन्द किशोर यादव के नेतृत्व मेंप्रो लक्ष्मण यादव को केंद्र सरकार द्वारा उनके पद से टर्मिनेट किये जाने के विरोध में भारत के प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पुतला दहन किया गया ततपश्चात कार्यक्रम को आम सभा में तब्दील कर दिया गया।कार्यक्रम के संचालन यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया ने किया।सभा को सम्बोधित करते हुए नन्द किशोर यादव ने कहा की सरकार के दमनात्मक एवं संविधान विरोधी विचारधारा के खिलाफ हम आवाज बुलंद करेगे क्योकि संसद के अंदर और बाहर तानाशाह के बु आने लगी है उसी कड़ी में भारत का एक देदीप्यमान सूर्य की तरह चमकने वाला एक गोल्ड मेडलिस्ट प्रोफेसर को इसलिये हटाया गया कि सरकार और मनुवादियो का पोल खोल कर समाज में नगा कर देते थे।

भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु भक्त

आरा। श्री राधा कृष्ण परिवार भोजपुर के तत्वाधान में आरा के कृषि विज्ञान केंद्र स्काडा में चल रहे भागवत कथा के पंचम दिवस के मौके पर सबसे पहले व्यास पीठ की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात महाराज आचार्य श्री अजय कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओं का बड़े ही सुंदर ढंग से चित्रण किया उन्होंने बताया कि मनुष्य का जीवन बालपन निष्कपट और निश्छल होता है और श्री कृष्ण जी की बाल लीलाएं मनुष्य को निर्मल मन ईश्वर की भक्ति की ओर प्रेरित करते हैं इसमें सबसे नजदीक का संबंध अपने सखा यानी मित्र का होता है जिसमें कोई भेदभाव लोकराज नहीं होता है ईश्वर मनुष्य का शाश्वत सखा होता है और किसी के साथ प्रेम करना गया सब समाहित होती है इसलिए हमको ईश्वर से अपने सखा भाव से प्रेम करना चाहिए ताकि वह बंधन से मुक्त हो सके जो भगवान श्री कृष्ण से प्यार करेगा वह हर बंधन से मुक्त हो जाएगा और किसी भी प्रकार की बाधा उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती है।

गया नगर निगम द्वारा गरीब एवं निःसहाय व्यक्तियों को शीतलहर के प्रकोप से बचाने हेतु अलाव व्यवस्था

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जिला में सामान्यतः माह दिसम्बर से जनवरी के बीच ठंड की व्यापकता और तीक्ष्णता कभी-कभी प्रचण्ड एवं भयावह शीतलहर का रूप ले लेती है। इस वर्ष भी ठंड प्रारम्भ होने के कारण जिला में तापमान गिरता जा रहा है तथा निकट भविष्य में शीतलहर का प्रकोप बढ़ने की संभावना है।

अवगत है कि प्रायः शहरी, अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में बसे गरीब, निःसहाय एवं आवासहीन व्यक्ति विशेष रूप से शीतलहर से प्रभावित होते हैं। इस आलोक में शीतलहर , पाला से बचाव हेतु निम्नांकित तैयारी एवं जनसामान्य विशेषकर गरीब एवं निःसहाय व्यक्तियों के बचाव हेतु समुचित प्रबंध करना सुनिश्चित किया जाय।अतः आपदा विभाग के निदेर्शानुसार गया नगर निगम द्वारा गरीब एवं निःसहाय व्यक्तियों को शीतलहर के प्रकोप से बचाने हेतु आवश्यकता के अनुरूप अलाव ऐसे निम्न स्थानों पर जलाया जा रहा है। तत्काल नगर निगम क्षेत्र के 11 स्थानों पर नागरिकों के लिए अलाव जलवाए जा रहें हैं।

चांद चौरा मोड़,. वैरागी रैन बसेरा, विष्णुपद मंदिर के पास, राजेंद्र आश्रम के पास,पंचायती अखाड़ा रैन बसेरा के पास, गांधी मैदान रैन बसेरा 3, 4के पास,टावर चौक,स्टेशन रोड, कुष्ठ अस्पताल, बागेश्वरी के पास,गांधी मैदान रैन बसेरा 1,2 के पास,आजाद पार्क के पास तत्काल उपरोक्त स्थानों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं, अवस्यक्तानुसार आगे और बढ़ाया जा सकता है।

लालजी, नीरज, प्रकाश पटवा व संजीत को मिली नई जिम्मेवारी

प्रात : किरण संवाददाता

गया।जदयू व्यवसायिक व उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनजी प्रसाद व विधान पार्षद ललन सराफ द्वारा सम्मानित कर मनोनयन पत्र लालजी प्रसाद् प्रसिद मोटर साइकिल पार्ट्स व तिलकूट व्यवसाई एवं पूर्व वार्ड पार्षद को प्रदेश उप्पाध्यक्ष पद पर व प्रदेश सचिव पद पर नीरज वर्मा बुलियन एसोशेशन उप्पाध्यक्ष एवं प्रॉपराइटर शकुंतला ज्वेलर्स बजाज रोड प्रसिद्ध सोनी चांदी व्यापारी को भी पत्र व सम्मानित कर मनोनीत हुए हैं।

महानगर अध्यक्ष पद पर संजीत कुमार उर्फ बबलू एवं पवार लूम वस्त्र निर्माण बुनकर नेता प्रकाश राम पटवा को जिला अध्यक्ष का मनोनयन पत्र पटना जदयु प्रदेश कार्यालय मे मिला है । गया जिला जनता दल यु कार्यकता व वैश्य समाज मे खुशी है।बधाई देने बाला आशिफ जफर जिला बीस सूत्री सदस्य,म्रिताबरा लोहरे ,असलम प्रवेज,पुष्पेंदु पुष्प ,अमित जैन ,तनोज कु कानू ,शेखर लोहानी ,मनोज कुटियार, गोपाल प्रसाद,अबध विहारी, बिमल रंजन ,संजय गुप्ता कान्त ,विनोद कु०,मनोज भदानी राजू कसेरा ,अरुण राव ,मुन्ना पटवा,मुन्ना गुप्ता ,महेन्द्र वर्णवाल ,अरविन्द प्रिय दर्शी, मयंक चरण पहाड़ी, महेन्द्र वर्णबाल।

विष्णुपद में भंडारे के साथ संपन्न हुआ चार दिवसीय राम विवाह महोत्सव

प्रात : किरण संवाददाता

गया।श्री राम विवाह महोत्सव के तीसरे दिन सोमवार की देर शाम श्री विष्णुपद प्रबंधकारीणी समिति की ओर से विष्णुपद प्रांगण में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है। जिसमें लगभग 10,000 श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भगवान का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया है। शाम 6:00 बजे से रात 11:00 बजे तक श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया है।

इसके पूर्व पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूरी, सब्जी और बुंदिया स्वरूप प्रसाद का भोग लगाकर भगवान विष्णु एवं भगवान राम को अर्पित कर विशेष पूजा अर्चना की गई है। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और भक्तगण पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। मंगलवार को विश्व पद मंदिर के बाहरी परिसर में गरीबों, असहाय और पीड़ितों के बीच दरिद्र नारायण भोज का आयोजन किया गया है। चार दिवसीय राम विवाह महोत्सव का आयोजन भंडारे के साथ संपन्न हो गया है। जिसमें बड़ी संख्या में निर्धन परिवार के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल सचिव गजाधर लाल पाठक, कोषाध्यक्ष सुनील लाल हल, सदस्य मणि लाल बारीक, प्रेम नाथ टईया, शिवम गुर्दा, मुन्नालाल महतो,रामकुमार बारिक आदि सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही है। समिति के सदस्यों ने राम बारात के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को बधाई दिया है। बताते चलें कि 16 दिसंबर को बैंड बाजे के साथ धूमधाम से मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी की बारात निकाली गई थी। विवाह पंचमी पर रविवार को रीति रिवाज से श्री राम जी का विवाह सीता जी के साथ हुआ है।

भाजपा सभी वर्गों के लिए काम कर रही हैं सबका साथ सबका विकास :भास्कर कुमार

अरवल। भाजपा के कलेर मंडल कीच मेहंदिया संस्कृत विद्यालय में बैठक आयोजित।इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गौरव कुमार ने किया। बैठक में कलेर मंडल के प्रभारी अरवल विधानसभा के संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष भास्कर कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान आगामी 22 तारीख से लेकर 30 तारीख तक सभी शक्ति केंद्र में बैठक कर बुथ स्तर तक भारतीय जनता पार्टी के कार्य योजना को करने का दिशा निर्देश तैयार किया गया। इसमें सभी शक्ति केंद्र पर एक मंडल के पदाधिकारी जो शक्तिकेंद्र पर प्रवास कर बैठक लेंगे उन्हें नियुक्त किया गया है इस बैठक में जिला उपध्यक्ष एवम् कलेर मंडल प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सभी वर्गों के लिए काम कर रही हैं सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर चल रही है इस बैठक में दीपक शर्मा पूर्व प्रत्याशी अरवल विधानसभा के उन्होंने कहा कि देश में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो परिवारवाद से मुक्त है एक साधारण कार्यकर्ता भी मुख्यमंत्री बन सकता है तीन राज्यों की चुनाव परिणाम यह बता रही है की पार्टी में काम करने वाले का महत्व है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबके लिए काम कर रहे हैं देश विकसित भारत बन रहा है मौके पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चित्रांश समिति के द्वारा बेहद जरूरतमंद बेसहारा लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया

आराः चित्रांश समिति के द्वारा बेहद जरूरतमंद और बेसहारा लोगों को सर्दी से बचने हेतु प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिव गंज मोती टोला स्टेशन व बस स्टैंड में असहाय लोगों को कंबल वितरण किया गया। चित्रांश समिति के अभिभावक स्वर्गीय धर्मनाथ प्रसाद सिन्हा और स्वर्गीय ओमप्रकाश श्रीवास्तव के स्मृति में कंबल वितरण का आयोजन किया गया इस अवसर पर श्री तारकेश्वर शरण सिन्हा ने कहा कि चित्रांश समिति हर साल कंबल वितरण का आयोजन करता है। क्योंकि कड़ाके की सर्दी में हमारा दायित्व बनता है कि हम समाज के जरूरतमंदों की सेवा करें ताकि उनको कड़ाके की ठंड में राहत मिल सके वहीं संस्था के सह सचिव निर्मल कुमार सुधीर ने कहा कि चित्रांश समिति सालों भर कोई ना कोई सार्थक और जनउपयोग कार्य करता है। इसके पहले हम लोगों ने जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया था । और आज सर्दी से बचने के लिए सैकड़ो लोगों को कंबल वितरण किया जा रहा है । आगे भी यह अभियान चलता रहेगा।

सम्मान समारोह सह कवि सम्मेलन आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्त्वावधान में शहर के शहीद नगर स्थित अधिवक्ता योगेश मिश्र के आवास पर एक सम्मान समारोह सह कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस आयोजन में साहित्यिक संस्था 'शब्दाक्षर' द्वारा पिछले महीने हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय कवि- सम्मेलन सह अधिवेशन में सम्मानित हुए कवियों को अंग-वस्त्र एवं पुष्प-गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह तथा संचालन प्रसिद्ध कवि नागेंद्र कुमार केसरी ने किया। शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता डा रश्मि प्रियदर्शिनी तथा बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्र पद्मनाभ ने दूरभाष पर उक्त कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। काव्य-गोष्ठी की शुरूआत कुमार शानू ने सरस्वती वंदना के साथ की। हिमांशु चक्रपाणि की प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को भाव-विभोर कर दी।अनुज बेचैन की हास्य-व्यंग्य की कविता ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। विनय मामूली बुद्धि के व्यंग्य-वाण ने लोगों को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। धनंजय जयपुरी की कविता अत्यंत ही भाव-विभोर कर देने वाली रही।शिक्षक संतोष मिश्र, जनार्दन मिश्र जलज, शैलेंद्र मिश्र शैल,सुरेश विद्यार्थी की कविताओं ने भी खूब तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, डॉ रामाधार सिंह और गुप्तेश्वर पाठक ने कहा कि शब्दाक्षर के माध्यम से औरंगाबाद जिले ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई एवं कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने मुक्त कंठ से उक्त संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी की प्रशंसा की। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष के भगीरथ प्रयास ने साहित्य जगत को समृद्धि प्रदान की है। उम्मीद है की यह निरंतरता बनी रहेगी।अंत में आयोजक योगेश मिश्र ने आगत अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, दीपक कुमार शिक्षक नेता अशोक पांडेय, अवकाश प्राप्त दारोगा सिंहेश सिंह, कमलेश मिश्र,राकेश मिश्र, ललित मिश्र, सुमित मिश्र (उप मुखिया), अंकित मिश्र, अमित कुमार, अधिवक्ता नवीन सिंह, विपिन मिश्र, संतोष सिंह, ओमप्रकाश मिश्र, सुजीत सिंह, कामाख्या नारायण सिंह,नीरज सिंह, सुनील, सिंह सहित उपस्थित थे।

बलिदान दिवस पर याद किए गए राम प्रसाद बिस्मिल, रोशन सिंह एवं अशफाक उल्ला खां

प्रात : किरण संवाददाता

गया।स्वतंत्रता संग्राम के दौरान क्रांतिकारियों के प्रसिद्ध काकोरी ट्रेन एक्शन को लेकर 19 दिसंबर 1927 को गोरखपुर, फैजाबाद और इलाहाबाद की जेलों में शहीद हुए रामप्रसाद बिस्मिल, अफाक उल्ला खां, और रोशन सिंह के शहादत दिवस पर गया के स्थानीय अनुग्रह नारायण रोड स्थित दुबे आश्रम में मनाई गई है।सर्वप्रथम रामप्रसाद बिस्मिल, अफाक उल्ला खां एवं रोशन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात तीनों क्रांतिकारियों, वीर बांकुड़ा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया है।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, प्रद्युम्न दुबे, कॉंग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष टिंकू गिरी, बबलू राम, शिव कुमार चौरसिया, श्रवण पासवान, पिंटो चौधरी, अशोक राम, राहुल चंद्र वंशी, सकल देव यादव, आनंद मोहन झा, उदय शंकर पालित, मोहम्मद समद, अहमद राजा खान, विशाल कुमार, मोहम्मद शमीम आदि ने कहा कि आज हम जब " सर फ रो सी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देख ना है।जोर कितना बाजुओं कातिल में है कहते हैं तो क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल की यादे ताजा हो जाती है। इन तीनों महान स्वतंत्रता सेनानी जिनकी जीवनी भारत के युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत है, आइकन है, परंतु व्यापक रूप से तीनों क्रांतिवीर की बलिदान दिवस को मनाने की आवश्यकता है। नेताओं ने सरकार से 19 दिसंबर को देशभर के शैक्षणिक संस्थानों , सरकारी कार्यालयों, के साथ, साथ संपूर्ण देश में घर, घर, जन जन में मनाने की आवश्यकता है।

समन्वय सह फॉलो अप बैठक का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा समाहरणालय सभागार में सभी विभागों का समन्वय सह फॉलो अप बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में अपर समाहर्ता द्वारा जिला योजना पदाधिकारी, अविनाश कुमार को विभागीय निर्देश के आलोक में विशेष केंद्रीय सहायता योजना का प्रतिवेदन योजना एवं विकास विभाग को भेजने का निर्देश दिया गया। खनिज विकास पदाधिकारी, विकास कुमार को जिला खनिज फाउंडेशन का ऑडिट और ऐनुअल रिपोर्ट की अद्यतन स्थिति एवं अनुपालन प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।सहायक निर्देशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग अमृत ओझा को सभी प्रखंडों में भ्रमण कर मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत स्टेडियम से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी, नीलम मिश्रा को एससी /एसटी एक्ट अंतर्गत दर्ज लंबित कांडो की अद्यतन स्थिति का प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा कृषि गणना से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को शेष बचे पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु भूमि से संबंधित प्रस्ताव जिला पंचायत शाखा में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। अपर समाहर्ता द्वारा अभियान बसेरा अंतर्गत लाभुकों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया। सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर अपने कार्यालय अंतर्गत सभी कर्मियों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा सभी विभागों से उनके विभागीय पत्रों एवं लंबित कार्यों के आलोक में चर्चा की गई एवं लंबित कार्यों को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, एडीएम पीजीआरओ, नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार दास, डीएलओ सच्चिदानंद सुमन, वरीय उप समाहर्ता डा फतेह फैयाज, वरीय उप समाहर्ता कृष्णा कुमार, जिला कोषागार पदाधिकारी महंत स्वरूप, कार्यपालक अभियंता एवं वीसी के माध्यम से अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

एनसीईआरटी परियोजना के जरिए राजकीयकृत मध्य विद्यालय कुजापी में देंगे नवाचार को बढ़ावा

प्रात : किरण संवाददाता

गया।दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सीयूएसबी के शिक्षक शिक्षा विभाग के डॉ. रवीन्द्र कुमार स्कूली स्तर पर शिक्षा में नवाचार पद्धतियों और प्रयोगों को बढ़ावा दे रहे हैं।जन सम्पर्क पदाधिकारी पीआरओ ने बताया कि डॉ. रवीन्द्र अपने शोधार्थी आशुतोष प्रभाकर के साथ राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी, नई दिल्ली द्वारा उनकी चयनित परियोजना पर विवि परिसर के करीब स्कूलों में सकारात्मकता से लागू कर रहे हैं। एनसीईआरटी ने स्कूली शिक्षा में वर्ष 2023-2024 के दौरान नवाचार पद्धतियों पर आधारित परियोजना के लिए आवेदन मांगे थे, जिसके अंतर्गत डॉ. रवीन्द्र कुमार के परियोजना प्रस्ताव को विषयवस्तु के आधार पर चयनित किया गया है ।इस परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित नवाचार पद्धतियों और प्रयोगों को गुणवत्तायुक्त शोध के आधार पर स्कूलों में समाहित करने का प्रयत्न किया जा रहा है ।डॉ. रवीन्द्र कुमार ने बताया कि वह आशुतोष प्रभाकर के साथ ह्यमिडिल विद्यालयी स्तर विद्यार्थियों के लेखन कौशल और सामाजिक-संज्ञानात्मक उपागम आधारित गतिविधियों के शिक्षण की प्रभावशीलताह्ल विषय पर राजकीयकृत मध्य विद्यालय, कुजापी में शोध कर रहे हैं इसके साथ आशुतोष प्रभाकर रामेश्वर मध्य विद्यालय, सलेमपुर, टिकारी, गया में प्रारम्भिक स्तर पर गणित के विद्यार्थियों की व्यस्तता के स्थानिक तर्क पर स्थानिक हस्तक्षेप मॉडल के प्रभाव पर अध्ययन कर रहे हैं । डॉ. रवीन्द्र कुमार और उनके शोधार्थी आशुतोष को आशा है कि इस परियोजना के उत्साहवर्धक परिणाम हासिल होंगे और नवाचार पद्धतियों तथा प्रयोगों का राज्य के दूसरे स्कूलों में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

सड़क के किनारे पड़े अज्ञात व्यक्ति की सल्लू खान ने अस्पताल पहुंचा बचाई जान

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। शहर के पुराने पोस्टमार्टम हाउस के समीप सोमवार की रात कड़कती ठंड में खुले आसमान के नीचे पड़े हुए एक अज्ञात व्यक्ति को सदर अस्पताल लाकर और उसका बेहतर तरीके से इलाज कराकर शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी सह राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने जान बचाई है। जिसकी प्रशंसा मुक्त कंठों से प्रशंसा की जा रही है। सल्लू खान ने बताया कि रात्रि 9:30 बजे उन्हें सूचना मिली कि कोई व्यक्ति शहर के पुरानी पोस्टमार्टम हाउस के समीप जमीन पर पड़ा हुआ है। जानकारी मिलते ही वहां अपने सहयोगियों के साथ पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद रमेश चौक से टोटो बुलाकर उस पर पकड़कर बिठाया। सदर अस्पताल लाकर इलाज करवाया। बताया कि चिकित्सकों ने यह कहा कि यदि एक घंटा और विलंब होता है तो इसकी जान ठंड की वजह से चली जाती। फिलहाल वह व्यक्ति कहां का है इसकी जानकारी ली जा रही है। ताकि उसे उसके स्वजनों तक पहुंचाया जा सके। पूछताछ के दौरान इलाजरत व्यक्ति कुछ भी बता पाने में असमर्थ है। सल्लू खान हमेशा सामाजिक काम में आगे बढ़ चढ़कर रहते हैं और सड़क पर दुर्घटना या आमलोगों को होता है तो सीधे अपने निजी पैसा लगाकर अस्पताल में इलाज और दवाइयां करते हैं और यह हमेशा समाज के लिए तत्पर रहते हैं। चिकित्सकों सहित ने भी सल्लू को बधाइ दिया। बेहोश में युवक जीवन एवं मौत से जूझ रहा था तो दर्जनों लोगों ने देखकर भी बेहोशी युवक की ओर से मुंह मोड़ लिया और आगे बढ़ते गए कुछ लोगों ने तो तब इंसानियत को तार-तार कर दिया।

अस्पतालों में बुखार एवं खासी से ग्रसित मरीजों की होगी माइक्रो फाइलेरिया की जांच

आरा, सरकार ने वर्ष 2027 तक फाइलेरिया बीमारी के उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसको लेकर भोजपुर जिला समेत पूरे राज्य में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के अलावा विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। ताकि, समय पर इस गंभीर बीमारी से बिहार को मुक्त किया जा सके। हाल ही में पूरे जिले में नाइट ब्लड सर्वे और सर्वजन दवा सेवन के चक्र चलाए गए थे। लेकिन, स्वास्थ्य विभाग अब फाइलेरिया अभियान को और गति देने के उद्देश्य से नई रणनीति तय की है। जिसके तहत माइक्रो फाइलेरिया की जांच को और व्यापक स्तर पर किया जाना है। अब सरकारी और प्राइवेट अस्पताल में आने वाले बुखार और खांसी से ग्रसित मरीजों की भी जांच की जायेगी। साथ ही, उन्हें स्थानीय स्तर पर समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ताकि, जल्द से जल्द जिले को माइक्रो फाइलेरिया से मुक्त कराया जा सके।

सिविल सर्जन डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि यह व्यवस्था उन सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में होगी जहां पर अंतरवासीय चिकित्सा उपलब्ध है। राज्य स्वास्थ्य समिति से प्राप्त निदेर्शों के तहत इन अस्पतालों में बुखार एवं खासी के कारण भर्ती होने वाले मरीजों को चिह्नित करते हुए रात 8:30 से 12 के बीच में रक्त का नमूना लिया जायेगा। जिसके बाद उसकी फाइलेरिया की जांच की जायेगी और जांच में घनात्मक पाये जाने वाले व्यक्तियों को 12 दिवसीय डीईसी दवा का सम्पूर्ण कोर्स (6 एमजी/ केजी वजन/दिन में तीन विभाजित खुराकों में) तत्काल प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग के इस निर्णय से समाज में फाइलेरिया का संक्रमण एवं संचार कम होगा व भविष्य में लिम्फेडिमा और हाइड्रोसील के नए रोगी भी उत्पन्न नहीं होंगे। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह डीएमओ डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि माइक्रो फाइलेरिया दिन के समय शरीर के लिम्फैटिक सिस्टम में रहते है और रात में ही एक्टिव रहते हैं और रक्त वाहनियों में भ्रमण करते हैं। इसलिए विभाग के गाइड लाइंस के तहत रात में ही मरीजों के खून का नमूना लिया जाता है। ताकि, उनमें माइक्रो फाइलेरिया का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया बीमारी के संचार व संक्रमण को रोकने हेतु रोगी की तुरंत पहचान व दवा का सम्पूर्ण कोर्स प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है।

शाकद्वीपीय ब्राह्मणों का पटना-काशी मग अभियान सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। शाकद्वीपीय ब्राह्मणों का त्रिदिवसीय पटना-काशी मग अभियान का आयोजन प्रभावी रूप से सम्पन्न हो गया। इस अभियान में शाकद्वीपीय ब्राह्मणों ने औरंगाबाद जिले के साथ- साथ पटना, अरवल, जहानाबाद, भोजपुर, रोहतास, कैमूर सहित यूपी के पूर्वांचल जिलों में अपनी सामाजिक जागरुकता के कई कार्यक्रम किये। बंगलोर से सुनील शर्मा एवं चेन्नई से पधारे किशोर शर्मा का भव्य स्वागत औरंगाबाद के सूर्य मंदिर रोड स्थित सूर्यांश पैलेस में एक कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। कार्यक्रम कब की अध्यक्षता रविन्द्र कुमार मिश्र तथा सफल संचालन राजेंद्र पाठक ने किया। उक्त अतिथियों के साथ-साथ भैरवनाथ पाठक, डा सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, बालमुकुंद मिश्र जग नारायण पाठक इत्यादि मंचस्थ अतिथियों ने मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलित कर मंच का विधिवत उद्घाटन किया। ज्योत्स्ना मिश्रा, वंदना पाठक, समीक्षा, शिवांगी इत्यादि ने बड़े ही मधुर स्वर में अतिथियों का स्वागत गान प्रस्तुत की।अतिथियों ने उपस्थिति जन समुदाय को पारम्परिक और सामाजिक चेतना को इंगित करते हुए जागरण का संदेश दिया। इस अभियान में खास स्लोगन "सभी जातियों की जय हो, सभी वर्गों का कल्याण हो " की अपनी स्वजातीय भावना के तहत धर्म, कर्मकांड, आयुर्वेद, साहित्य सहित जनोपयोगी परम्पराओं के साथ समाज की सेवा और शिक्षण की गहराइयों में उतरने की अपील की गई।

अभियान के निदेशक द्वय गुप्तेश्वर पाठक और श्यामन

संक्षिप्त खबरें

अवैध शराब के साथ एक धंधेबाज व्यक्ति हुआ गिरफ्तार

कोचस (रोहतास) सोमवार की संध्या मे कोचस पुलिस ने नगर पंचायत कोचस के वार्ड नंबर 7 में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 16 पीस अंग्रेजी फ्रूटी शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि पुलिस संध्या गस्ती पर थी। जिसकी पुलिस को गुप्त सूचना मिली की नगर पंचायत के एक किराना दुकान मे शराब की बिक्री की जा रही है तभी पुलिस ने फौरन वार्ड नंबर 7 के किराना दुकान में छापेमारी की जिसमें शराब बेचते हुए 16 पीस एट पीएम फ्रूटी के साथ 19150 रुपए व एक रियलमी एंड्राइड मोबाइल के साथ एक शराब धंधेबाज सहः दुकानदार को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार धंधेबाज दिनारा थाना क्षेत्र के देलहुआ निवासी स्वर्गीय रामायण सिंह का 42 वर्षीय पुत्र घनश्याम सिंह बताया जाता है। वही पुलिस गिरफ्तारी बाद अग्रिम कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक अभीरक्षा मे भेज दिया है।

सासाराम ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

सासाराम (रोहतास) विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, सासाराम ग्रामीण के अंतर्गत अगरेर हॉल्ट और मोकर हॉल्ट के बीच रेलवे क्रासिंग के लिए 220 केवी डेहरी-पुसौली ट्रांसमिशन लाइन की स्ट्रिंगिंग हेतु उक्त फीडर का विद्युत आपूर्ति बुधवार को प्रातः 9 से 5 बजे शाम तक बंद रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता सासाराम ग्रामीण उज्ज्वल कुमार के द्वारा उपभोक्ताओ से आग्रह किया गया है। जो विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपनी जरूरी काम अवश्य निपटा लें।

उदैती फाउंडेशन ने शुरू की क्लोज द जेंडर गैप

अग्रणी महिला आर्थिक सशक्तिकरण संगठन उदैती फाउंडेशन (टीयूएफ), ने आज वीमेन इन इंडिया इंक शिखर सम्मेलन में अपनी खास, क्लोज द जेंडर गैप (सी जी जी) डेटा हब को पेश किया है। इस आयोजन का उद्देश्य संगठित क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने और नीतियों में बदलाव लाना है। पद्मश्री नैना लाल किदवई, पूर्व ग्रुप हेड एचएसबीसी इंडिया, पूर्व अध्यक्ष, फिक्की ने जोर देकर कहा, कॉपोरेट भारत में महिलाओं और पुरुषों के बीच समानता लाने के लिए केवल बातें करना ही काफी नहीं है। सही परिणाम और स्थायी बदलाव लाने के लिए बड़े बेसलाइन डेटा का होना और टॉप लीडरशिप की जवाबदेही बेहद जरूरी है। उदैती फाउंडेशन की सीईओ पूजा गोयल ने सी जी जी द्वारा लाए जा रहे बदलावों पर रोशनी डालते हुए कहा, सी जी जी की भूमिका सिर्फ एक प्लेटफॉर्म से कहीं अधिक है। सी जी जी विभिन्न कंपनियों, बोर्डों, विशेषज्ञों, नीति निमार्ताओं और कर्मचारियों को निमंत्रण देता है कि वे आएं और हमारे डेटा हब का लाभ उठाने के लिए हमसे हाथ मिलाएं। इस डेटा की मदद से वे अपने प्रयासों को अमल में ला सकेंगे। साथ्ज्ञ ही वे ऑफिसों में महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिलाने की दिशा में प्रयास कर सकेंगे। यह सिर्फ एक टूल नहीं है; यह तेजी से बदलाव लाने, सभी को एक समान अधिकार दिलाने और एक ऐसा कार्यस्थल बनाने की दिशा में एक मिशन है जहां हर व्यक्ति का विकास हो। सी जी जी प्लेटफॉर्म्ह्ल ने बाजार पूंजीकरण के आधार पर 2000 कंपनियों से लॉन्गिट्यूडिनल डेटा संकलित करके एक ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। यह आंकड़ा महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने और नीतियों में बदलाव लाने पर एक बेहतरीन नजरिया पेश करता है। यह प्लेटफॉर्म निजी क्षेत्र की कंपनियों में लैंगिक बदलाव के बारे में भी जानकारी प्रदान करता है।

अन्नप्राशन दिवस कार्यक्रम आयोजित

बिक्रमगंज (रोहतास) मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत नोनहर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पर अन्नप्राशन दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें नोनहर पंचायत के मुखिया, आईसीडीएस के सीडीपीओ शशि कुमारी, अस्पताल प्रबंधक अशोक कुमार, पिरामल टीम जिला अफसर पल्लवी घोष, डीपीएचओ अर्जुन कुमार और कुश कुमार के द्वारा अन्नप्राशन कार्यक्रम दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र के अंतर्गत 6 से 8 माह के बच्चों का मुंह झूठी कराया गया। साथ ही अन्नप्राशन के ऊपर विस्तार से सभी आए हुए लाभार्थियों को बताया गया। इसकी जानकारी पीएचसी बिक्रमगंज के बीएचएम अशोक कुमार ने दी।

एसडीएम ने बीएलओ साथ की बैठक

काराकाट (रोहतास) काराकाट प्रखंड क्षेत्र में एसडीएम अनिल बसाक ने प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी में स्थित सामुदायिक भवन में सभी बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में सभी बीएलओ का पीएसी, पीडीई की समीक्षा किया गया। इसके उपरांत एसडीएम ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हरहाल में कार्य को पूर्ण करना है। अन्यथा कार्रवाई हेतु जिला पदाधिकारी महोदय को भेज दिया जायेगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट राहुल कुमार सिंह, बीएलओ नौशाद आलम, अनिल कुमार पासवान, बिक्रमा सिंह, संजय सिंह सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ उपस्थित थे।

उर्जा व जल संरक्षण पर कृषि विज्ञान में कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के कृषि विज्ञान केंद्र में वरीय वैज्ञानिक के दिशा- निर्देश में ऊर्जा और जल संरक्षण कृषि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान डॉ० शोभा रानी ने की। इस अवसर पर कृषि क्षेत्र में ऊर्जा और जल संरक्षण विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जो मुख्य रूप से जिला के किसानों और अन्य संबंधित हित धारकों के लिए लाभदायक है यह कार्यशाला ब्रेडा पटना बिहार के द्वारा प्रायोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में बिक्रमगंज प्रखंड की राजस्व पदाधिकारी श्रीमती पल्लवी, ब्रेडा पटना के पदाधिकारी श्री प्रभाकर कुमार झा एवं केंद्र की प्रधान डॉक्टर शोभा रानी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित साथ शुरू हुआ। मौके पर किसानों को संबंधित करते हुए शोभा रानी ने बताया की ऊर्जा के परंपरागत स्रोत जैसे कोयला, पेट्रोलियम एवं अन्य सीमित मात्रा में पृथ्वी पर उपलब्ध है। अतः यह आवश्यक है की ऊर्जा के गैर परंपरागत स्रोत जैसे सूरज से प्राप्त होने वाली ऊर्जा, पवन ऊर्जा, एवं जल से प्राप्त ऊर्जा के स्रोतों का उपयोग किया जाए।

साथ ही विशेष कर कृषि में किस प्रकार से ऊर्जा संरक्षण किया जाए ताकि हमें स्थाई रूप से कृषि कार्य में सुविधा हो जैसे सोलर ऊर्जा का प्रयोग कर खेतों में पंपिंग सेट चलाना ट्रैक्टर का सुचारू रूप से सही ढंग से प्रचालन एवं घरों में बिजली का ऊर्जा प्रबंधन कैसे करें। वही खेतों में जल प्रबंधन के तरीकों को बताते हुए विभिन्न तकनीक जैसे ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई मल्चिंग, घर के छत पर वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली, खेतों में छोटे तालाब इत्यादि बनवाकर किसान भाई कृषि कार्य में जल संरक्षण कर सकते हैं। साथ ही कम पानी में ही सिंचाई करके अच्छी खेती कर सकते हैं। वर्तमान समय में खेत का पानी खेत में एवं गांव का पानी गांव में के आधार पर खेतों में मेड बंदी कराकर जल प्रबंधन कर सकते है।

पानी को बर्बाद होने से बचाए एवं ऊर्जा संरक्षण के तरीकों को अपनाकर कृषि कार्य में कम खर्चे में अधिक उत्पादन करें। इस कार्यक्रम में ब्रेडा, पटना से आए हुए पीके झा ने बताया की ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के द्वारा ऊर्जा संरक्षण नियम 2001 बनाया गया। जिसके तहत ऊर्जा ग्रहण उद्योगों के लिए मानदंड मानक और लेवलिंग ऊर्जा संरक्षण, बिल्डिंग कोड डिमांड, साइड मैनेजमेंट इत्यादि मुख्य उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए नवीन तकनीक से बने उपकरण की जानकारी सोलर फोटोवोल्टेइ प्रणाली का उपयोग, सोलर सिस्टम के प्रकार, स्मार्ट पैनल, सौर पंपिंग सेट के प्रकार, घरेलू उपकरण के उपयोग में ऊर्जा की बचत, ट्रैक्टर के प्रचलन निर्धारित किए हैं। इस अवसर भिखारी राय ,लाल बाबू सिंह, चंद्रमणि सिंह, गौतम प्रसाद, अंजू देवी, जवाहरलाल शर्मा, रामनरेश पांडे, सतीश सिंह, पुष्पा देवी सहित लगभग 80 किसानों ने भाग लिया।

पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी हो रहा सूर्य मंदिर गोड़सरा पोखरा पर महामुकाबला

- 10 वीं के विद्यार्थियों के पास लैपटॉप, स्टैंड फैन और टेबल लैम्प जितने का मौका
- 25 दिसम्बर को होगा 10 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों का महामुकाबला सह प्रतिभा खोज परीक्षा

प्रात : किरण संवाददता

25 दिसम्बर को सूर्य मंदिर गोड़सरा पोखरा पर 10 वी में अध्ययनरत विद्यार्थियों का बोर्ड की परीक्षा के पहले अग्नि परीक्षा होने जा रहा। सूर्य मंदिर गोड़सरा पोखरा पर भाग लेने वाले विद्यार्थी 9 बजे तक उपस्थित हो जाएंगे। इस प्रतियोगिता में बिहार बोर्ड के बच्चे भाग लेंगे। पिछले वर्ष कैमूर, बक्सर एवं रोहतास जिले के 800 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। पंचायत विकास मंच के सौजन्य से पिछले वर्ष भी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में बालिका एवं बालक दोनों वर्गों के विद्यार्थी लैपटॉप, स्टैंड फैन एवं टेबल लैम्प जितने का मौका है। बालक एवं बालिका वर्ग का मूल्यांकन अलग अलग होगा।

दोनों वर्गों से टॉप टेन विद्यार्थियों का चयन कर पुरस्कृत किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यार्थी अपना पंजीयन रसीद एवं आधार कार्ड की छायाप्रति लेकर अवश्य आएंगे। इस प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में क्षेत्र के युवा साथियों एवं शिक्षक वृन्द का पूर्ण सहयोग रहता है। सहयोगी साथियों में अरविंद गुरुदेव (व्यवस्थापक), सरविन्द सिंह(मार्गदर्शक), पंकज शाक्य, गजेंद्र कुमार, मनीष शर्मा, दीपक कुमार, श्यामबिहारी सिंह, धर्मेंद्र खरवार, इरफान सर, जितेंद्र बिंद, शशिकांत सिंह , उपेन्द्र कुशवाहा, नीरज कुशवाहा, सूरज मौर्य एवं अन्य साथीगण है।

भगवानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा दिवस पर बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

भभुआ कैमुर। मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित बाबू शिव गोविंद प्रसाद अग्रवाल मेमोरियल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सप्ताहिक बैठक के साथ-साथ तथा आशा दिवस पर बैठक आयोजित की गई।

जिसमें नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा किया गया तथा यू-विन पोर्टल के बारे में समग्र जानकारी देते हुए सत्र स्थल पर सेशन ओपन करते हुए टीकाकरण एवं एएनसी का प्रविष्टि करने का निदेश दिया गया।

इस क्रम में एचडब्ल्यूसी वाइज महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की गई तथा संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रम नियमित टीकाकरण, पूर्ण टीकाकरण, सम्पूर्ण टीकाकरण, परिवार नियोजन कार्यक्रम, परिवारिक सर्वे-ड्यूलिस्ट, एएनसी, पीएनसी, सीडीआर-एमडीआर, रीव्यू, कमजोर नवजात शिशु देखभाल एवं परामर्श, अनमोल आरसीएच इंट्री, ई-संजीवनी, पोषण, 06 माह से 5 वर्ष के कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर एनआरसी में भर्ती करवाने हेतु पहल करने एवं स्वच्छता आदि पर विशेष ध्यान देते हुए अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में पीरामल स्वास्थ्य टीम की आकांक्षा कुमारी ने मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी।..नवजात शिशु के देखभाल हेतु नियमित गृह भेट करने एवं आवश्यक सुझाव देने की बात कही। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजीव कुमार, बीसीएम शिवानंद पांडेय, कॉउंसलर, पिरामल स्वास्थ्य के प्रतिनिधि, पीएमडब्ल्यू, बीएम-ईए, डीईओ, सीसीजच, एएनएम आदि मौजूद रहे।

अपराधियों की गोली से घायल भाजपा नेता की हुई मौत

डेहरी (रोहतास) डेहरी प्रखंड क्षेत्र के मथुरी गांव में हथियारबंद अपराधियों ने शुक्रवार को एक आटा मिल में घुसकर भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री प्रेमचंद प्रसाद को दिनदहाड़े गोली मार दी थी। जिनका इलाज चिंताजनक स्थिति में वाराणसी के निजी अस्पताल में चल रहा था। गोली पेट और सिर में लगी थी। जिसके बाद मामले में स्थानीय थाना में प्राथमिकि दर्ज कराई गई। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जाता है, कि भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री प्रेमचंद प्रसाद शुक्रवार को अपने घर से कुछ दूर पर स्थित आटा मिल में बैठे थे। इस दौरान अपराधियों ने मिल में घुसकर भाजपा नेता पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते, तब तक अपराधी भाग निकले। भाजपा निता को एक गोली पेट व दूसरी सिर में लगी थी। जहां इलाज के दौरान उनका मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों एवम भाजपा कार्यकताओं में मातमी स्नाटा छा गई। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता अजय ओझा ने कहा की भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री प्रेमचंद प्रसाद की मौत पार्टी के लिए एक अपूर्ण क्षति हैं।

अन्नप्राशन दिवस पर महिलाओं को पोषण संबंधी दी गई जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

कैमुर भभुआ। मंगलवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय की पर्यवेक्षिका अरुणिमा मौर्य के नेतृत्व में पढ़ौती पंचायत मुख्यालय स्थित आंगनबाड़ी कोड संख्या 84 पर अन्नप्राशन दिवस मनाया गया। इस दौरान उक्त आंगनबाड़ी से संबंधित महिलाओं को पोषण संबंधित कई तरह की जानकारियां दी गईं। बताया गया कि जो बच्चे 6 माह के हो गए हैं उनके समय-समय पर उचित खान-पान देने के साथ-साथ अगले 2 साल तक मां का गाढ़ा पीला दूध हीं पिलाना है। इस दौरान परिवार नियोजन तथा संबंधित किसी भी जोखिम के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सेविका सरिता कुमारी व सिंधु कुमारी के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर से डीएल आकांक्षा तथा डीपीएचओ अमलेश कुमार समेत कई अन्य विभागीय कर्मी उपस्थित रहे। इस मामले की जानकारी बीसीएम शिवानंद पांडेय ने दी।

आम जनता पार्टी राष्ट्रीय के जिला व प्रखंड कमेटी की हुई गठन

नोखा। स्थानीय शहर के एक सभागार में आम जनता पार्टी राष्ट्रीय रोहतास की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले के प्रमुख साथियों सहित विभिन्न प्रखंड के अध्यक्ष भी सम्मिलितू हुए। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई। बैठक के माध्यम से जिला कमेटी एवं प्रखंड अध्यक्षों का भी चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ० हरेराम प्रसाद व संचालन जिला प्रधान महासचिव पप्पू कुमार ने की। बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ब्रह्मनन्द चन्द्रवंशी के द्वारा पार्टी में बहुत लोगों को सदस्यता ग्रहण एवं पदाधिकारी बनाया गया। इस अवसर पर डॉ० मनोज कुमार सिंह युवा प्रदेश महासचिव बिहार, जगन्नाथ प्रसाद चन्द्रवंशी, वरीय उपाध्यक्ष रोहतास, संजय सिंह वरीय उपाध्यक्ष सह जिलाध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ रोहतास, राकेश प्रसाद राजू जिला उपाध्यक्ष रोहतास, लक्ष्मण प्रसाद चन्द्रवंशी जिला उपाध्यक्ष रोहतास, बलवंत कुमार सिंह जिला प्रवक्ता रोहतास, बबलू सिंह, अनिल कुमार चन्द्रवंशी, रमेश कुमार सिंह, पिन्टु कुमार चौरसिया, अजय कुमार शर्मा, जनार्दन चन्द्रवंशी, अभय कुमार चन्द्रवंशी, पुरुषोत्तम कुमार ठाकुर, चन्दन कुमार, धनन्जय सिंह, अनिष कुमार, जमिला खातुन महिला प्रखंड अध्यक्ष सूर्यपूरा, ब्रम्हेशवर ठाकुर प्रखंड उपाध्यक्ष सूर्यपूरा, प्रितम कुमार सोनी, इन सभी लोगों को पदभार ग्रहण कराया गया।

5 माह के बच्चे की आंख हुई खराब परिजन ने डॉक्टर पर लगाया आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

(कैमूर) भभुआ सदर अस्पताल के एसएनसियू में इलाज के बाद 5 माह के बच्चे का आंख खराब हो गया है। दिए गए आवेदन में भभुआ थाना क्षेत्र के मोकरी गांव निवासी नीरू कुमारी ने बताया कि 15 दिसंबर 2023 को अपने 5 माह के बच्चे का इलाज के लिए सदर अस्पताल के एसएनसीयू में लाई थी जहां डॉक्टर अर्चना द्विवेदी के द्वारा बच्चे की आंख में दवा डाला गया था उसके बाद आंख खराब होने पर दुबारा सदर अस्पताल के एसएनसीयू में पूछने के लिए गई तो डॉक्टर और गार्ड के द्वारा गाली देते हुए वहां से भगा दिया गया। पीड़ित महिला ने सदर अस्पताल के सिविल सर्जन को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

मोदी गारंटी योजना वैन खैरा भूधर पंचायत पहुंच लोगों को किया संबोधित

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) मोदी की गारंटी का एलईडी वैन मंगलवार को प्रखंड के अंतर्गत खैरा भूधर पंचायत के मैधरा पंचायत भवन परिसर पहुंचा। जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा का विधिवत आयोजन किया गया। इस आयोजन में एलइडी वैन माध्यम से आम जनता को जन कल्याणकारी योजनाओ को स्क्रीन पर दिखाया गया। जिले से आई उपसचिव पारुल सिंह ने बताया कि अब यह गारंटी वाली वैन पंचायत में भ्रमण भी करेगी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे लोक सेवक नवीन चंद्र शाह ने सरकार के कई योजनाओं को जनता के समक्ष रखा। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों के बीच फोल्डर एवं कैलेंडर का वितरण भी किया गया। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने हेतु संकल्प को भी दोहराया गया। सरकारी कर्मी के अपनी बात रखने के पश्चात कृषि उपकरण ड्रोन का भी व्यवहारिक रूप से प्रयोग किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित प्रताप सिंह, नोडल पदाधिकारी जगदीश शर्मा, आवास पर्यवेक्षक गणेश कुमार, स्वास्थ्य कर्मी कांति कुमारी, बीपीएम आशुतोष कुमार, राहुल कुमार पांडेय, बीके गुप्ता, विजय गुप्ता, पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, समाजसेवक धनंजय सिंह, शंकर राज गुप्ता, मनोज शाह, वार्ड सदस्य पप्पू, जीविका के विमला देवी, रीना देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

आपसी विवाद में जख्मी व्यक्ति की हुई मौत

नासरीगंज (रोहतास) थाना क्षेत्र के लाला अतमी गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट में गंभीर चोट लगने से एक शख्स की मौत हो गई। मृतक का नाम दिनेश राम था। बताया जाता है कि कल शाम ही दो पक्षों में आपसी रंजिश में मारपीट हुई थी। जिस मारपीट में केदार राम का पुत्र दिनेश राम को गंभीर चोट लग गई थी। जिसके बाद दिनेश को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन इसी दौरान दिनेश की मौत हो गई। जिसकी सूचना नसरीगंज थाना को दिया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल भेज दिया है।

इंदु तपेश्वर महिला कॉलेज के नोडल पदाधिकारी बनें: डॉ. रविंद्र

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय के डॉ रविंद्र कुमार असिस्टेंट प्रो० इतिहास विभाग को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया। राजभवन द्वारा आयोजित विकसित भारत 2047 वॉइस युथ को सफल संचालन हेतु डॉ रविंद्र कुमार को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० बिनोद कुमार सिंह, उप प्राचार्य उमेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ० मनोज कुमार सिंह, डॉ० उदय प्रताप सिंह, डॉ० अरविन्द कुमार पाण्डेय, डॉ० बिपिन बिहारी सिंह, प्रो० राकेश कुमार सिंह, प्रो अयोध्या प्रसाद सिंह, प्रो० उमेश कुमार सिंह, रामाकांत सिंह, डॉ० रविंद्र कुमार सहित महाविद्यालय सचिव डॉ० अजय कुमार सिंह व पूर्व प्राचार्या डॉ० माधुरी सिंह ने आभार व्यक्त किया।

डीएवी सेमरा में तरंग के तहत कल्चरल फेस्ट कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

कैमुर भभुआ। डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल सेमरा में विज्ञान , हस्तकला प्रदर्शनी , शंखनाद एवं कव्वाली का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने बेकार वस्तुओं का पुनः उपयोग कर विज्ञान तथा अन्य विषयों के मॉडल तैयार किए।

इन विद्यार्थियों ने कृषि एवं खाद्य सुरक्षा, पानी बचाओ, आपदा प्रबंधन, पेरिस्कोप कालेडोस्कोप, वॉटर पॉल्यूशन एंड ट्रीटमेंट मॉडल, सोलर एंड विंड पावर प्लांट, ज्योमैट्रिकल सिटी, इलेक्ट्रिक वाटर मशीन, जालियांवाला बाग, सोलर एनर्जी और प्रबंधन समेत हस्तकला के विषयों पर मॉडल तैयार किए। सर्वप्रथम कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में बिक्रमगंज प्रखंड विकास अधिकारी अमित प्रताप सिंह, बिहार जोन एफ के क्षेत्रीय निदेशक आशीष कुमार जाना, डी० ए० वी० नबीनगर के प्राचार्य विनय गुप्ता, डी० ए०वी० डुमरांव के प्राचार्य घनश्याम सहाय, डी० ए० वी० कोचस के प्राचार्य आर० एन० पाठक, डी० ए० वी० दाउदनगर के प्राचार्य राजीव रंजन, तेंदूनी चौक बिक्रमगंज की प्राचार्या कुमारी प्रिया, नागेंद्र झा महिला कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अमरेंद्र मिश्रा तथा उक्त विद्यालय के प्राचार्य प्रेमचंद त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

एग्रोस्टार अब अपने एग्रोस्टार की लाल दुकान के साथ बिहार में

उच्च गुणवत्ता वाले कृषि प्रोडक्ट्स और योग्य सलाह प्रदान करने के लिए जाने जाने वाले एग्रोस्टार ने बिहार राज्य में अपनी सेवाओं का विस्तार किया है। पिछले दशक में, 75 लाख से अधिक किसानों ने अपनी सेवाओं के लिए एग्रोस्टार पर भरोसा किया है। एग्रोस्टार एक ओमनीचैनल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी सेवाएं प्रदान करता है जहां किसान एग्रोस्टार स्टोर पर जाकर या एग्रोस्टार एग्रीडॉक्टर किसान मोबाइल एप के माध्यम से सेवाओं तक पहुंच सकते हैं। वर्तमान में, एग्रोस्टार ने बिहार के विभिन्न जिलों जैसे अररिया, पूर्णिया, बेगुसराय, भागलपुर, जमुई, लखीसराय, सारण, शेखपुरा, पश्चिम चंपारण और पूर्वी चंपारण में अपने स्टोर खोले हैं।

भगवानपुर प्रशासन ने यूपी से बिहार तस्करी के लिए ला रहे पशु, पिकप ड्राइवर को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अधौरा रोड हनुमान घाटी में एक पशु से लदी पिकअप को गिरफ्तार किया गया है जिस संदर्भ में एडिशनल एसएचओ रंजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिला की उत्तर प्रदेश से पिकअप में लदकर पशुओं को कठोरता पूर्वक तेज रफ्तार में पिकअप भभुआ की तरफ जा रही है जहां एसएचओ ने पहले से ही अपनी गाड़ी को गस्ती में हनुमान घाटी की तरफ निकले हुए थे। और जानकारी होते ही मौके पर पहुंच कर गाड़ी को साइड लगा दिए जैसे ही पशु से भरी पिकअप घाटी से नीचे उतर रहा था कि ड्राइवर की नजर पुलिस के गाड़ी पर पड़ गया जहां ड्राइवर ने घबराकर गाड़ी को बिना रोड खेत में होकर भागना चाहा लेकिन भगवानपुर प्रशासन ने दौड़कर उसको घेराबंदी कर पकड़ लिया गया अंततः ड्राइवर ने पिकअप को पलट दिया और गाड़ी छोड़कर भागने लगा जहां भगवानपुर थाने के एसएचओ रंजय कुमार ने दौड़कर ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार ड्राइवर से पूछताछ में किया गया तो अपना नाम हंसलाल खरवार पिता रामसनेही खरवार ग्राम पड़री थाना रायपुर सोनभद्र उत्तर प्रदेश का रहने वाला बताया गया वहीं भगवानपुर प्रशासन के द्वारा गिरफ्तार कर भगवानपुर लाया गया और पशुओं को नुआव मेला में सुरक्षित पहुंचा दिया गया।

ब्लू लाइन शराब के साथ दो धन्धेंबाज हुए गिरफ्तार

(कैमूर) भभुआं/बढनीया गांव के पास से उत्पाद विभाग की पुलिस ने 118 पीस ब्लू लाइन शराब के साथ दो धन्धेंबाज को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए उत्पाद विभाग के थाना अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि दोनों युवक बाइक से उत्तर प्रदेश से बिहार की सीमा में शराब लेकर आ रहे थे जांच के दौरान उनके पास से 118 पीस ब्लू लाइन शराब बरामद किया गया है।

बाइक और शराब को जप्त कर लिया गया है। गिरफ्तार धन्धेंबाज मोहनिया थाना क्षेत्र के भाखर गांव निवासी रामजतन बिन्द के 26 वर्षीय पुत्र बसावन कुमार तथा पुजारी बिन्द के 25 वर्षीय पुत्र उदय कुमार है।

दोनों धन्धेंबाज को शराब उत्पाद अधिनियम एक्ट के अंतर्गत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पंचायत स्तरीय जीपीपीएफटी गठन को लेकर हुई बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड के ग्राम पंचायत नोनहर में मुखिया आभा कुमारी की अध्यक्षता मे जीपीपीएफटी की गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें पंचायत स्तरीय पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें स्वास्थ्य एवं पोषण थीम के ऊपर चर्चा की गई। जो सभी गर्भवती माता को आयरन व कैल्शियम की गोली तथा फोर्थ जांच सुनिश्चित हो सके। उसके ऊपर चर्चा विशेष रूप से चर्चा की गई। उक्त दौरान आशा को बताया गया कि एचबीएनसी के साथ ही सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना तहत वीएचएसएनडी, अन्नप्राशन, गोद भराई, ब्राह्मण संस्थागत प्रसव आदि को मजबूत बनाने हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार, सीडीपीओ आईसीडीएस, मुखिया आभा कुमारी, सचिन, पिरामल फाऊंडेशन राज्य स्तरीय अधिकारी रामा शंकर सिंह, जिला स्तरीय जिला लीड पल्लवी बॉस, डीपीएचओ अर्जुन गोस्वामी, कुश कुमार, सीएचओइ चंद्रदीप कुमार गुप्ता, एएनएम कांति कुमारी उपस्थित रहे।

आईपीएल इतिहास में सबसे महंगे बिके मिचेल स्टार्क 24.75 करोड़ में कोलकाता ने खरीदा

दुबई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मिनी ऑक्शन दुबई में जारी है। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने। उन्हें 24.75 करोड़ रुपए में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा, उनके लिए गुजरात ने भी आखिर तक बोली लगाई। इसी ऑक्शन में ऑस्ट्रेलिया पैट कमिंस के करीब ढाई बजे 20.50 करोड़ रुपए में बिके थे। उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा। हर्षल पटेल इस ऑक्शन में सबसे महंगे भारतीय प्लेयर बने। उन्हें 11.75 करोड़ रुपए में पंजाब किंग्स ने खरीदा। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल 14 करोड़ रुपए में चेन्नई सुपर किंग्स में शामिल हो गए। न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र महज 1.80 करोड़ में बिक गए। वहीं श्रीलंका के वनिंदू हसरंगा भी 1.50 करोड़ में ही हैदराबाद का हिस्सा बन गए।

स्टार्क के लिए भिड़ गए कोलकाता-गुजरात – ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के लिए मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स में शुरुआती बिडिंग वॉर देखने को मिला। दिल्ली ने 9.60 करोड़ रुपए तक और मुंबई ने 10 करोड़ रुपए तक बोली लगाई। यहां से गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स में बिडिंग वॉर हुआ। आखिर में कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा।

शिवम मावी 6.40 करोड़ रुपए में बिके – भारत के तेज गेंदबाज उमेश यादव को 5.80 करोड़ रुपए में गुजरात टाइटंस ने खरीदा। उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए थी। 50 लाख की बेस प्राइस वाले शिवम मावी की बोली भी एक करोड़ पार गई। बेंगलुरु और लखनऊ में बिडिंग वॉर हुआ, उन्हें आखिर में लखनऊ ने 6.40 करोड़ में खरीदा।

अल्जारी जोसेफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने खरीदा – वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में बिडिंग वॉर हुआ। एक करोड़ रुपए से शुरू हुई उनकी बोली 10 करोड़ रुपए के पार पहुंच गई। उन्हें 11.50 करोड़ रुपए में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने खरीद लिया।

20.50 करोड़ में बिके कमिंस का रिकॉर्ड डेढ़ घंटे में टूटा

सेट-3 में 2 ही प्लेयर्स बिके – विकेटकीपर के सेट-3 में 5 प्लेयर्स के नाम आए, लेकिन 2 को ही खरीदार मिला। ट्रिस्टन स्टब्स को 50 लाख रुपए में दिल्ली ने खरीदा। वहीं केएस भरत को भी 50 लाख रुपए में ही कोलकाता ने खरीदा। फिल सॉल्ट, जोश इंग्लिस और कुसल मेंडिस अनसोल्ड रहे।

कमिंस के लिए भिड़ गए थे बेंगलुरु-हैदराबाद – ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के लिए चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस में बिडिंग वॉर शुरू हुआ। 2 करोड़ की बेस प्राइस से मुंबई ने शुरुआत की, उन्होंने 5 करोड़ तक बोली लगाई। यहां से बेंगलुरु और चेन्नई में बिडिंग वॉर हुआ। दोनों ही टीमों को कप्तान की जरूरत है। चेन्नई ने 10 करोड़ तक बोली लगाई। बेंगलुरु और हैदराबाद ने 20 करोड़ तक बोली लगाई। हैदराबाद ने आखिरी में 20.50 करोड़ रुपए में उन्हें खरीदा।

मिचेल के लिए पंजाब-चेन्नई में बिडिंग वॉर, आखिर चेन्नई ने बाजी मारी – न्यूजीलैंड के बैटिंग ऑलराउंडर डेरिल मिचेल के लिए पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स में बिडिंग वॉर हुआ। 12 से 13.75 करोड़ रुपए तक दोनों टीमों ने बोली लगाई। आखिर में चेन्नई ने ही मिचेल को 14 करोड़ रुपए में खरीद लिया।

10 करोड़ 75 लाख, हर्षल सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी – स्लोअर बॉल स्पेशलिस्ट हर्षल पटेल के लिए गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स में बिडिंग वॉर हुआ। 10.75 करोड़ रुपए तक गुजरात ने बोली लगाई, उनके बाद लखनऊ सुपरजायंट्स भी आ गया। पंजाब फिर भी आखिर तक टिका रहा और हर्षल को 11.75 करोड़ रुपए में खरीदा। वह इस ऑक्शन के सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने।

कूट्जी मुंबई, वोक्स पंजाब से खेलेंगे – इस सेट के आखिर में जेराल्ड कूट्जी 5 करोड़ में मुंबई और क्रिस वोक्स 4.20 करोड़ रुपए में पंजाब का हिस्सा बने।

शार्दूल सीएसके में शामिल – 50 लाख रुपए की बेस प्राइस वले रचिन रवींद्र 1.80 करोड़ रुपए में ही चेन्नई में शामिल हो गए। उनके लिए दिल्ली ने भी बोली लगाई थी। चेन्नई ने सेट-2 में शार्दूल ठाकुर को भी 4 करोड़ रुपए में खरीदा। उनके लिए हैदराबाद ने भी बोली लगाई थी।

हसरंगा बेस प्राइस में ही बिक गए – सेट-2 में श्रीलंका के वनिंदू हसरंगा की खरीदी ने सभी को चौंका दिया। उन्हें 1.50 करोड़ रुपए की बेस प्राइस में ही सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीद लिया। अजमतुल्लाह ओमरजई को 50 लाख रुपए में गुजरात टाइटंस ने खरीद लिया। न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र को 1.80 करोड़ रुपए में ही चेन्नई ने शामिल कर लिया।

सेट-1 में 4 प्लेयर्स अनसोल्ड रहे – सेट-1 में 3 ही प्लेयर्स बिके, जबकि 4 खिलाड़ी अनसोल्ड रहे। करुण नायर, स्टीव स्मिथ, राइली रुसो और मनीष पांडे को खरीदार नहीं मिला।

रोवमन पॉवेल 7.40 करोड़ में बिके – वेस्टइंडीज के टी-20 कप्तान रोवमन पॉवेल की बोली 7 करोड़ रुपए के पार पहुंची। ऑक्शन में सबसे पहले उन्हीं का नाम आया। उनकी बेस प्राइस एक करोड़ रुपए थी और उनके लिए कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स ने बिडिंग वॉर हुआ। उन्हें राजस्थान ने 7.40 करोड़ रुपए में खरीदा।

वर्ल्ड कप स्टार ट्रैविस हेड 6.80 करोड़ में हैदराबाद के हुए – ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे वर्ल्ड कप में हीरो रहे ट्रैविस हेड को 6.80 करोड़ रुपए में सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा। उनके लिए चेन्नई ने भी बोली लगाई। हेड की बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए थी। हेड ने वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में फिफ्टी और फाइनल में भारत के खिलाफ सेंचुरी लगाई थी।

हैरी ब्रूक 4 करोड़ में दिल्ली के हुए, रुसो अनसोल्ड – इंग्लैंड के मिडिल ऑर्डर बैटर हैरी ब्रूक को 4 करोड़ रुपए में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। उनके लिए राजस्थान ने भी बोली लगाई थी। सेट-1 में साउथ अफ्रीका के राइली रुसो अनसोल्ड रहे।

खुशी से उछल पड़ीं काव्या मारन, कौड़ियों के दाम मिला हीरा प्लेयर वानिंदु हसरंगा



दुबई (एजेंसी)। श्रीलंका केवानिंदु हसरंगा की गिनती वर्ल्ड क्रिकेट के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में होती है। भारतीय पिचों पर धीमी स्पिन गेंदबाजी और लोअर ऑर्डर में विस्फोटक बैटिंग की क्षमता उन्हें किसी भी दूसरे प्लेयर से अलग बनाती है। उम्मीद थी कि दुबई में हुए आईपीएल 2024 के ऑक्शन में उनपर पैसों की बरसात होगी, हर टीम उनके पीछे भागेगी, लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद ने हसरंगा को उनके बेस प्राइस यानी सिर्फ डेढ़ करोड़ रुपये में ही खरीद लिया। इतनी कम कीमत पर मिली शानदार डील के बाद फ्रैंचाइजी की मालकिन काव्या मारन की खुशी देखने लायक थी, उनका चेहरा खुशी से खिल उठा था। प्यार मुस्कुराहट देखने लायक थी। दरअसल, आईपीएल 2021, 2022 और 2023 में वानिंदु हसरंगा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का हिस्सा थे और उनकी फीस 10.75 करोड़ रुपये थी। पिछले कुछ समय से इंजर्ड चल रहे हसरंगा खराब फिटनेस के चलते वर्ल्ड कप भी नहीं खेल पाए थे, ऐसे में आरसीबी ने उन्हें रिलीज कर दिया। हसरंगा ने अपना बेस प्राइस डेढ़ करोड़ रुपये रखा था। सनराइजर्स हैदराबाद ने पहली बोली लगाई और यही आखिरी भी साबित हुई। हसरंगा ने आईपीएल में 26 मैच में 35 विकेट लिए हैं, जिसमें 5/18 उनका बेस्ट बॉलिंग फिगर रहा।

प्रणवी उर्स लेडीज यूरोपीय टूर के अंतिम चरण में संयुक्त 5वें स्थान पर

माराकेश (मोरक्को) (एजेंसी)। भारत की प्रणवी उर्स लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) के अंतिम क्वालीफायर के दूसरे दौर में 4 अंडर 68 के स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर चल रही हैं। दो दौर के बाद प्रणवी का कुल स्कोर 9 अंडर है। उन्होंने पहले दौर में अल मादेन कोर्स पर 68 का स्कोर बनाया था। प्रणवी ने दूसरा दौर रॉयल गोल्फ डि माराकेश कोर्स पर खेला। सिंगापुर की शेनन टेन ने भी 68 का स्कोर बनाया और वह प्रणवी के साथ संयुक्त रूप से 5वें स्थान पर चल रही हैं। प्रणवी और शेनन मैक्सिको की फर्नांडा लिरा से तीन शॉट पीछे हैं जो दूसरे दौर में 71 के स्कोर से कुल 12 अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर चल रही हैं।

लिरा ने पहले दिन 62 के स्कोर से महिलाओं के कोर्स का रिकॉर्ड बनाया था। नेहा त्रिपाठी दूसरे दौर में छह अंडर 67 के स्कोर से तीन अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 25वें स्थान पर चल रही हैं। वाणी कपूर (73 और 70) संयुक्त 37वें, त्वेसा मलिक (74 और 70) संयुक्त 51वें, अमनदीप द्राल 75 और 70) संयुक्त 63वें, रिद्धिमा दिलावरी (74 और 72) संयुक्त 77वें, अवनी प्रशांत (76 और 71) संयुक्त 85वें, जैस्मिन शेखर (75 और 74) संयुक्त 105वें, सहर अटवाल (77 और 74) संयुक्त 119वें, स्नेहा सिंह (83 और 72) संयुक्त 141वें, अनन्या दतार (80 और 79) संयुक्त 148वें और दुर्गा नित्तुर (80-81) संयुक्त 150वें स्थान पर चल रही हैं। चार दौर के बाद शीर्ष 65 और टाई पर रहने वाली खिलाड़ी अंतिम दौर में जगह बनाएंगी।

ऑस्ट्रेलिया से शर्मनाक हार पर बोले पूर्व कप्तान-

गेंदबाजों ने पाकिस्तान को निराश किया

कराची (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अजहर अली ने अपने गेंदबाजों की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में पर्थ की उस पिच पर वह अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे जिससे असमान उछाल मिल रही थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच 360 रन से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। अजहर ने कहा, 'जिस तरह से चौथे दिन पिच से असमान उछाल मिल रही थी उसे देखते हुए पाकिस्तान का 89 रन पर आउट होना हैरानी भरा नहीं रहा। हर समय इस तरह की असमान उछाल से निपटना मुश्किल था। अजहर ने गेंदबाजों की कड़ी आलोचना की जिनके बारे में उनका मानना है कि उन्होंने हाल के कुछ वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने कहा, 'कितनी बार गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को कम स्कोर पर आउट किया जबकि बल्लेबाजों ने समय-समय पर अच्छा स्कोर बनाया। जब तक आप ऑस्ट्रेलिया को 250 या 300 रन से कम पर आउट नहीं करते हो तब तक आप ऑस्ट्रेलिया में मैच जीतने की उम्मीद नहीं कर सकते हो।

आईपीएल से पहले फिटनेस पर ऋषभ पंत ने कहा

चोट से उबरने की प्रक्रिया जारी है

दुबई (एजेंसी)। भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने प्रशंसकों के प्यार और स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने के लिए उन्हें अभी कुछ महीने और लगेंगे। पंत पिछले साल कर दुर्घटना में घायल हो गए थे और इस कारण वह 2023 में पूरे वर्ष नहीं खेल पाए थे। इस दुर्घटना के कारण उन्हें अपने घुटने का ऑपरेशन करवाना पड़ा था। वह आईपीएल की नीलामी के दौरान टीम निदेशक सौरव गांगुली और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ उपस्थित रहेंगे।

दिल्ली कैपिटल्स ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा,'' मुझे लगता है कि पिछले कुछ महीनों की तुलना में मैं अब काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं अब भी शत प्रतिशत फिटनेस हासिल करने की राह पर हूं। लेकिन उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में मैं पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा।

पंत के सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद प्रशंसकों ने उनके प्रति जो प्यार और स्नेह दिखाया वह इस विकेटकीपर बल्लेबाज के दिल को छू गया जिसका अहसास उन्हें पहली बार हुआ। उन्होंने कहा कि इसे जल्दी फिट होने में उन्हें मदद मिली।

इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, 'यह वास्तव में शानदार अहसास है क्योंकि जब हम क्रिकेट खेलते हैं तो ऐसा लगता है कि कोई हमसे प्यार नहीं करता क्योंकि कई चीजों का दबाव रहता है। लेकिन वास्तव में यह काफी मुश्किल समय था और मुझे पता चला कि लोग हमें प्यार करते हैं। वे हमारा सम्मान करते हैं और मेरे चोटिल होने के बाद वे भी चिंतित थे। यह दिल को छूने वाला था और मेरे लिए यह काफी मायने रखता है।

उन्होंने कहा, 'जब आप बुरे दौर से गुजर रहे होते हैं या आपके साथ ऐसा कुछ होता है तो यह केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक लड़ाई भी होती है और अगर आपके प्रशंसक आपके प्रति प्यार और स्नेह दिखाते हैं तो यह काफी मायने रखता है और इससे वास्तव में चोट से उबरने में मदद मिली। पंत की अनुपस्थिति में पिछले सत्र में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई की थी।

एसए20 के जरिए भारतीय फैंस के साथ रिश्ता मजबूत करना है: ग्रीम स्मिथ

नई दिल्ली, एजेंसी। एसए20 लीग कमिश्नर और पूर्व प्रोटियाज कप्तान ग्रीम स्मिथ ने भारतीय क्रिकेट दर्शकों से जुड़ने के लिए लीग की आकांक्षाओं और इस रिश्ते में डिजिटल जुड़ाव के रणनीतिक जोर पर अपने विचार साझा किए। ग्रीम स्मिथ ने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के खेल के प्रति जुनून की सराहना की। स्मिथ ने कहा, भारतीय प्रशंसक हमेशा क्रिकेट के प्रति जुनूनी रहे हैं। एसए20 शाम के मनोरंजन के लिए बेस्ट होगा, जहां हर कोई अपने परिवार के साथ इस खेल का लुत्फ उठा सकता है। ऐसे कई भारतीय प्रशंसक हैं, जो अभी भी दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के सुनहरे दिनों को याद करते हैं और हम चाहते हैं कि प्रशंसक उस पुरानी यादों को पुनर्जीवित करें। उन्होंने एसए20 के लिए एक रणनीतिक उद्देश्य के बारे में भी बात की। स्मिथ ने कहा, हमारा उद्देश्य एसए20 को नए क्षेत्रों में विकसित करना है। उन क्रिकेट प्रशंसकों का दिल जीतना है, जो एक रोमांचक टी20 अनुभव की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

चैंपियंस लीग के प्री-क्वार्टर फाइनल में बार्सिलोना-नेपोली में मुकाबला, एम्बाप्पे की पीएसजी को आसान ड्रॉ

नई दिल्ली, एजेंसी। गत विजेता मैनचेस्टर सिटी को आसान ड्रॉ मिला है। इंग्लैंड के इस क्लब का मुकाबला डेनमार्क के क्लब एफसी कोपेनहेगन से होगा। 14 बार की विजेता रियल मैड्रिड को भी मुश्किल ड्रॉ मिला है। स्पेन के इस क्लब का मुकाबला जर्मनी के क्लब आरबी लाइपजिग से होगा।

स्पेन के क्लब बार्सिलोना को यूईएफए चैंपियंस लीग में मुश्किल ड्रॉ मिला है। प्री-क्वार्टर में उसका मुकाबला इटली की मजबूत टीम नेपोली से होगी। नेपोली ने पिछले सीजन में इटली के लीग सीरी-ए को जीता था। सोमवार (18 दिसंबर) को स्विट्जरलैंड के शहर न्योन में चैंपियंस लीग के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का ड्रॉ जारी किया गया। प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले का पहला लेग 14, 15, 21 और 22 फरवरी को खेला जाएगा। दूसरे लेग के मुकाबले छह, सात, 13 और 14 मार्च को आयोजित किए जाएंगे। इटली के क्लब और पिछले साल की उपविजेता टीम इंटर मिलान को भी मुश्किल ड्रॉ मिला है। उसका मुकाबला स्पेन के क्लब एटलेटिको डी मैड्रिड से होगा। डिएगो सिमिओनी की कोचिंग वाली इस टीम को डिफेंस में काफी मजबूत माना जाता है। दूसरी ओर, इंटर मिलान लगातार हमले करने के लिए जानी जाती है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक होगा। गत विजेता मैनचेस्टर सिटी को आसान ड्रॉ मिला है। इंग्लैंड के इस क्लब का मुकाबला डेनमार्क के क्लब एफसी कोपेनहेगन से होगा।

रियल मैड्रिड और लाइपजिग में होगी भिड़ंत

14 बार की विजेता रियल मैड्रिड को भी मुश्किल ड्रॉ मिला है। स्पेन के इस क्लब का मुकाबला जर्मनी के क्लब आरबी लाइपजिग से होगा। लाइपजिग की टीम अपने प्रदर्शन से किसी को भी चौंकाने की क्षमता रखती है। इंग्लैंड के आर्सेनल के सामने पुर्तगाल के एफसी पोर्तो की चुनौती होगी। जर्मनी के बोरूसिया डॉर्डमंड का मुकाबला नीदरलैंड के क्लब पीएसवी आइंडोवेन से होगा।

पीएसजी के सामने रियल सोसिदाद की चुनौती

फ्रांस के स्टार फुटबॉल किलियन एम्बाप्पे की टीम पेरिस सेंट जर्मेन का मुकाबला स्पेन के रियल सोसिदाद से होगा। माना जा रहा है कि यह मैच एम्बाप्पे की टीम को आसान हो सकता है। वहीं, जर्मनी के बायर्न म्यूनिख के सामने इटली के लाजियो की चुनौती होगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला से बाहर हो सकते हैं शादाब खान

कराची (एजेंसी)। पाकिस्तान के ऑलराउंडर शादाब खान के न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है क्योंकि अभी वह टखने की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सूत्रों के अनुसार पूर्व कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को पांच मैचों की श्रृंखला से विश्राम देने पर चर्चा चल रही थी, लेकिन राष्ट्रीय चयन समिति ने बाद में अपना मन बदल दिया।

सूत्रों ने कहा, 'चयन समिति के अध्यक्ष वहाब रियाज और उनके साथियों ने टीम के निदेशक मोहम्मद हफीज और टी20 टीम के नए कप्तान शाहीन शाह अफरीदी से ऑनलाइन चर्चा की। टेस्ट कप्तान शान मसूद को 12 जनवरी से न्यूजीलैंड में होने वाली श्रृंखला के लिए टी20 टीम में जगह मिलने की उम्मीद है जबकि तेज गेंदबाज हारिस रऊफ को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में खेलने से इनकार करने के बावजूद टीम में चुना जा सकता है। अनुभवी बल्लेबाज शोएब मलिक ने पाकिस्तान की तरफ से टी20 क्रिकेट खेलने की इच्छा जाहिर की है लेकिन चयन समिति ऐसा नहीं चाहती।

सूत्रों ने कहा, 'विश्व कप को ध्यान में रखते हुए मलिक की टीम में वापसी को लेकर भी चर्चा हुई लेकिन यह महसूस किया गया कि युवा खिलाड़ियों पर भरोसा करना बेहतर होगा, जिनमें से कुछ को न्यूजीलैंड के लिए चुना जाएगा। फखर जमा, सईम अयूब, इफ्तिखार अहमद, बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, शान मसूद, मोहम्मद हारिस उन बल्लेबाजों में शामिल हैं जो न्यूजीलैंड में खेलेंगे। तेज गेंदबाज नसीम शाह और एहसानुल्लाह के नाम पर भी विचार नहीं किया जाएगा क्योंकि वे अभी चोट से उबर रहे हैं।

आईपीएल 2024 में नए नियम से गेंदबाजों को होगा फायदा, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हुआ था ट्रायल

दुबई (एजेंसी)। बल्ले और गेंद के बीच प्रतिस्पर्धा को संतुलित करने के प्रयास में आईपीएल के अगले सीजन में कथित तौर पर एक नियम में बदलाव देखा जा सकता है जो एक ओवर में बाउंसर की सीमा को बढ़ाकर दो कर देगा। मौजूदा नियम के मुताबिक एक गेंदबाज एक से ज्यादा बाउंसर नहीं फेंक सकता और ऐसा करने पर उसे नो बॉल करार दिया जाता है।

रिपोर्ट के मुताबिक यह नियम इस साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (भारत का घरेलू टी20 टूर्नामेंट) के दौरान ट्रायल किया गया था, जिसे अब आईपीएल 2024 में भी लागू किया जा सकता है। भारत के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने नए नियम का स्वागत करते हुए भविष्यवाणी की कि इससे गेंदबाजों को बल्लेबाजों की तुलना में 'अतिरिक्त लाभ' मिलेगा।

उनादकट ने एक रिपोर्ट में कहा, मुझे लगता है कि एक ओवर में दो बाउंसर बहुत उपयोगी होते हैं और मुझे लगता है कि यह उन चीजों में से एक है जो गेंदबाज को बल्लेबाजों पर अतिरिक्त फायदा देता है। उदाहरण के लिए, अगर मैं धीमी बाउंसर फेंकता हूं... तो पिछले मामले में बल्लेबाज को यकीन है कि कोई और बाउंसर नहीं आएगा। इस मामले में, भले ही आप ओवर के पहले भाग में एक धीमी बाउंसर फेंकते हैं, फिर भी आप एक और (ओवर में) का उपयोग कर सकते हैं। जो व्यक्ति बाउंसरों के खिलाफ कमजोर है, उसे इसमें बेहतर होना होगा और इससे गेंदबाज को अपने शस्त्रागार में एक और हथियार मिल जाएगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह बहुत बड़ा प्रभाव वाला एक बहुत छोटा बदलाव है और एक गेंदबाज के रूप में मुझे लगता है कि उस नियम का पालन करना बहुत महत्वपूर्ण है।

एक ओवर में बाउंसर की सीमा को बढ़ाकर दो करेंगे

आईपीएल 2024 की नीलामी में 50 लाख रुपए के आधार मूल्य पर प्रवेश करने वाले उनादकट का कहना है कि इससे गेंदबाजों को यॉर्कर और धीमी गेंदों के अलावा डेथ ओवरों में एक और विकल्प मिलेगा। 32 वर्षीय क्रिकेटर ने कहा, इसके अलावा डेथ ओवरों में भी आपके पास एक और विकल्प होता है। इसलिए तेज गेंदबाजों के लिए डेथ ओवरों में यॉर्कर महत्वपूर्ण (गेंदबाजी) होती जा रही थी। एक ओवर में दो बाउंसर होने के कारण यह यॉर्कर, धीमी गेंद और बाउंसर नहीं हो सकता। यहां तक कि अगर आप दूसरा बाउंसर नहीं फेंकते हैं तब भी बल्लेबाज को उम्मीद रहती है कि गेंदबाज दूसरा बाउंसर फेंक सकता है।

संक्षिप्त समाचार

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने की पीएम मोदी की तारीफ, कहा- वंदे भारत बढ़ते और बदलते भारत की तस्वीर

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने सोमवार को वाराणसी से वंदे भारत ट्रेन का स्वागत किया। जिसे रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाई। मीनाक्षी लेखी ने कहा,वंदे भारत बेहतरीन तकनीक वाली ट्रेन है, 400 वंदे भारत ट्रेन चलाने का लक्ष्य है। वंदे भारत बढ़ते और बदलते भारत की तस्वीर है मेक इन इंडिया पहल का प्रतीक यह ट्रेन उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी के बीच यात्रा में क्रांति लाने का वादा करती है। यह ट्रेन वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर और नई दिल्ली को जोड़ेगी, जो तीर्थयात्रियों और पेशेवरों के लिए एक तेज़ और आधुनिक यात्रा विकल्प प्रदान करेगी। ट्रेन का लक्ष्य शहरों के बीच यात्रा के समय को कम करना और यात्रियों को तेज़ और आरामदायक यात्रा प्रदान करना है। यह ट्रेन एक स्व-चालित, अर्ध-हाई-स्पीड ट्रेन सेट है, जिसे मेक इन इंडिया पहल के तहत स्वदेशी रूप से बनाया गया है, जिसमें उच्च परिचालन गति के लिए पूरी तरह से निलंबित ट्रैक्शन मोटर्स हैं। यह ट्रेन असंख्य बेहतर सुविधाएं प्रदान करती है जो यात्रियों को प्रदान करेगी विमान जैसा यात्रा अनुभव और उन्नत अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाएँ। वंदे भारत एक स्व-चालित, अर्ध-उच्च गति ट्रेन सेट है। इस ट्रेन को मेक इन इंडिया पहल के तहत स्वदेशी रूप से बनाया गया है। उच्च परिचालन गति के लिए सभी बोगियों में पूरी तरह से निलंबित ट्रैक्शन मोटर्स प्रदान की गई हैं। उन्नत अत्याधुनिक सस्पेंशन प्रणाली यात्रियों के लिए सुगम और सुरक्षित यात्रा और बेहतर सवारी आराम सुनिश्चित करती है।

लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ कांग्रेस में इस्तीफे का दौर

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में वादे दावे सब खत्म हो गए। 75 पार का वादा करने वाली कांग्रेस पार्टी अब अपने पूर्व विधायकों को एक जुट नहीं रह पा रही है। लगातार पूर्व विधायक कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं। यह केवल इसलिए क्योंकि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सत्ता हाथ से चली गई। पहले कांग्रेस के दिग्गज रायपुर दक्षिण से प्रत्याशी महंत राम सुंदर दास ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने के बाद आज अकलतरा से पूर्व विधायक चुन्नी लाल साहू ने इस्तीफा दे दिया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सत्ता आते ही वह कांग्रेसी नेता जिनकी विधानसभा में टिकट कटी वह हार का ठीकरा दूसरों पर फोड़ने लगे और वो नेता जिन्हें टिकट मिला और वो हार गए वो हार की जिम्मेदारी खुद पर लेते हुए इस्तीफा देना शुरू कर दिए है। चुन्नी लाल वह कांग्रेस नेता है जिनका भी टिकट विधानसभा 2023 के चुनाव कटा था। लेकिन उन्हें बिलासपुर विधानसभा की जिम्मेदारी दी गई थी। जिसपर पूर्व विधायक ने बिलासपुर में हुई कांग्रेस की हार को खुद की हार बताया है और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को इस्तीफा भेज दिया। छत्तीसगढ़ में बिलासपुर संभाग से कांग्रेस पार्टी के नेता सिर्फ 1 बार विधायक रहे हैं लेकिन पार्टी ने 3 बार विधानसभा टिकट दिया है। जांजगीर चांपा जिला के अकलतरा विधानसभा के पूर्व विधायक चुन्नी लाल साहू साल 2008 में विधायक थे। 2013 और 2018 में कांग्रेस पार्टी ने प्रत्याशी बनाया लेकिन वह हार गए। दो बार लगातार करारी हार के बाद भी अकलतरा विधानसभा सीट से दावा कर रहे थे। लेकिन पार्टी ने सर्वे के बाद नया प्रत्याशी उतारा। इसके साथ ही चुन्नीलाल साहू को बिलासपुर जिले में चुनाव का दायित्व सौंपा। लेकिन उन्हे चुनाव में अपने क्षेत्र में सफलता नहीं मिली।

छत्तीसगढ़ में लगातार इस्तीफे के इस सिलसिले से कांग्रेस पार्टी को लोकसभा के चुनाव में सीधा नुकसान झेलना पढ़ेगा। विधानसभा 2023 के चुनाव से पहले कांग्रेस के पास 71 सीटें थी। लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 35 सीटों पर जाकर सिमट गई। अब लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस देश में दम तो लगा रही है लेकिन छत्तीसगढ़ में अंदर से बिखर रही है।

राम मंदिर की तर्ज पर बनाया गया हीरों का हार, बनाने में लगा 35 दिनों का समय

सूरत एजेंसी। सूरत के एक हीरा व्यापारी ने 5000 से अधिक अमेरिकी हीरों का उपयोग करके राम मंदिर की थीम पर एक हार बनाया है। हीरा व्यापारी ने इसे अयोध्या में राम मंदिर को उपहार में देने का फैसला किया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अगले साल 22 जनवरी को दोपहर में राम मंदिर के गर्भगृह में राम लला को विराजमान करने का फैसला किया है। भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या भारत के लोगों के लिए आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखती है। रसेश ज्वेल्स के निदेशक कौशिक काकड़िया ने बताया कि इसमें हार में 5000 से अधिक अमेरिकी हीरे का इस्तेमाल किया गया है। यह दो किलोग्राम चांदी से बना है। हम अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर से प्रेरित हैं। उन्होंने बताया, यह किसी व्यावसायिक उद्देश्य के लिए नहीं है। हम इसे राम मंदिर को उपहार में देना चाहते हैं। हमने इसे इस इरादे से बनाया था कि हम भी राम मंदिर को कुछ उपहार देना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि रामायण के मुख्य पात्रों को हार की डोर में उकेरा गया है। अयोध्या में राम लला (शिशु भगवान राम) के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए वैदिक अनुष्ठान मुख्य समारोह से एक सप्ताह पहले 16 जनवरी से शुरू होगा।

200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैकलीन फर्नांडिस ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

नईदिल्ली, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिज ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दायर ईसीआईआर (एफआईआर) और पूरक आरोपपत्र को रद्द करने की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में कहा गया है कि दाखिल सबूत साबित करेंगे कि याचिकाकर्ता निर्दोष है और उसको जानबूझ कर निशाना बनाया गया है।

यही नहीं याचिका में यह भी कहा गया है कि इस बात का कोई संकेत नहीं है कि कथित तौर पर गलत तरीके से कमाए गए धन को सफेद करने में उसकी किसी भी तरह की भागीदारी थी। इसलिए, उस पर प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 की धारा-3 और 4 के तहत अपराध नहीं बनता है। जैकलीन ने यह भी कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने याचिकाकर्ता को विवादित शिकायत में आरोपी बनाते समय पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया है।

याचिका में कहा गया है कि ईडी ने अभिनेत्री नोरा फतेही को क्लीन चिट दे दी है, बावजूद इसके कि रिकॉर्ड पर यह स्वीकृत तथ्य है कि उसके निर्देश पर उसके परिवार के सदस्य को सुकेश चंद्रशेखर की ओर से बीएमडब्ल्यू कार मिली थी। गौरतलब है कि नोरा फतेही को सुकेश चंद्रशेखर से उपहार मिलने के तथ्य को प्रवर्तन निदेशालय ने अपराध की आय का अपव्यय शीर्षक के तहत प्रस्तुत किया है। याचिका में यह भी कहा गया है कि प्रवर्तन निदेशालय एक ही समय में दो अलग-अलग तरह की बातें बोल रहा है। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता को आरोपी के रूप में आरोपित किया गया है।

संसद कांडः पुलिस ने मेटा से मांगी डिटेल, जींद में पंचायत के बीच नीलम के ठिकानों पर छाप

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में गिरफ्तार छह आरोपियों के सोशल मीडिया खातों और डिलीट किए जा चुके फेसबुक पेज भगत सिंह फैन क्लब की डिटेल के लिए मेटा को पत्र लिखा है। सूत्रों ने बताया कि आरोपी भगत सिंह फैन क्लब के जरिये ही एक-दूसरे के संपर्क में आए थे। आरोपियों के बैंक खातों की डिटेल जुटाई गई है ताकि पता लगाया जा सके कि घटना को अंजाम देने के लिए उन्हें फंडिंग तो नहीं की गई। पुलिस ने गूगल पे और पेटीएम से भी पूछा है कि क्या आरोपियों के बैंक खातों में कोई डिजिटल लेन-देन हुआ था। इस बीच दिल्ली पुलिस की एक स्पेशल टीम ने आरोपी नीलम आजाद के जींद के घसो खुर्द

गांव स्थित घर पर छापेमारी की।

रविवार रात छापेमारी के दौरान दिल्ली के अधिकारियों के साथ रहे स्थानीय साह बलवान सिंह ने बताया कि ऑपरेशन 40 मिनट तक चला। नीलम के भाई रामनिवास के मुताबिक, पुलिस रात 11 बजे उनके घर पहुंची जब वे सो रहे थे। अधिकारियों ने नीलम के कमरे की तलाशी ली और उसकी डायरी, किताबें और उसके बैंक खातों का विवरण लिया। पुलिस अधिकारियों ने नीलम से मिलने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख किया था लेकिन अब तक अनुमति नहीं मिली है।

नीलम की मां सरस्वती देवी ने कहा कि उनकी बेटी ने वास्तविक मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए विरोध किया था लेकिन उस पर कड़े गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत केस दर्ज किया गया है। प्रदर्शनकारियों की ओर से उठाए गए मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय, पुलिस ने उन्हें जेल में डाल दिया है। इस बीच छात्र, महिला कार्यकर्ता और कुछ किसान संघ नीलम के समर्थन में आवाज बुलंद कर रहे हैं। नीलम के समर्थकों ने उसकी रिहाई की मांग करते हुए घसो खुर्द गांव में विरोध मार्च निकाला।

नीलम के गांव में ग्रामीणों ने पंचायत भी बुलाई जिसमें कई संगठनों के सदस्य शामिल हुए और सरकार के खिलाफ नारे लगाए। पंचायत में भारतीय किसान यूनियन (उगराहां) के पदाधिकारी भी शामिल हुए। इसके अलावा संयुक्त किसान मोर्चा उचाना धरना कमेटी के सदस्य, शहीद रंधावा छात्र यूनियन-पंजाब कमेटी के सदस्य और नरवाना से किसान नेता भी पंचायत में मौजूद रहे। किसान नेताओं ने कहा- नीलम के साथ पूरा प्रदेश है। हमारी बेटी (नीलम) ने बेरोजगारों की आवाज को बुलंद करते हुए कदम उठाया है। नीलम को जल्द रिहा किया जाना चाहिए।

वहीं दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की विभिन्न टीमों ने आरोपियों के परिजनों से संपर्क कर के उनके बैंक खातों की डिटेल ली है। पुलिस का कहना है कि साजिशकर्ता ललित झा ने राजस्थान के नागौर में अपना मोबाइल फोन फेंक दिया था। उसने अन्य आरोपियों के मोबाइल फोन भी जला दिए थे।

जम्मू में रोहिंग्याओं को आश्रय देने वाले मददगारों के खिलाफ कार्रवाई

जम्मू, एजेंसी। जम्मू पुलिस ने एक बड़े अभियान के तहत कई छापे मारकर जम्मू में रोहिंग्याओं को आश्रय देने वाले मददगारों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक बयान में कहा गया, आज, उन सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई, जो देश के गैर-नागरिकों, रोहिंग्याओं को आश्रय प्रदान करने और सरकारी लाभ दिलाने में मददगार रहे हैं। इन एफआईआर में बाहरी देश विदेशियों के लोगों (रोहिंग्या) को शरण देने का आरोप पाया गया है। मजिस्ट्रेटों की मौजूदगी में जम्मू जिले के विभिन्न स्थानों पर जहां गैर नागरिकों को ठहराया जाता है और सुविधा देने वालों के आवासीय स्थानों पर भी तलाशी ली गई। पुलिस ने कहा, तलाशी के दौरान अवैध रूप से हासिल किए गए भारतीय दस्तावेज जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक चीजें जब्त की गई।

70 प्रतिशत शहरी परिवारों को मिल रहा साफ पेयजल, केंद्र सरकार का दावा- 42 फीसदी शहरी घर सीवरेज से जुड़े

नईदिल्ली, एजेंसी। आज 70 प्रतिशत शहरी परिवारों को पाइप से जलापूर्ति हो रही है और तकरीबन 42 प्रतिशत को सीवरेज सुविधाएं मिल रही हैं। इसके साथ ही अमृत योजना के तहत 1.87 करोड़ नए नल कनेक्शन दिए गए।

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री कौशल किशोर ने उच्च सदन में सवाल के लिखित जवाब में बताया कि सीवरेज क्षेत्र में 500 शहरों में 2.94 करोड़ नए कनेक्शन दिए गए। इस तरह से वर्तमान में 42 प्रतिशत शहरी घर सीवरेज से जुड़ चुके हैं।

साल 2015 में हुई अटल योजना (अमृत) की शुरुआत

मंत्री ने बताया कि 2011 की जनगणना के अनुसार शहरों में 6.70 करोड़ घर थे और तकरीबन 49 प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन थे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल योजना (अमृत) की शुरुआत 25

जून, 2015 को देश भर के चयनित 500 शहरों (लगभग 60 प्रतिशत शहरी आबादी को कवर करने वाले) और कस्बों में की गई थी। इसका उद्देश्य पाइप से पानी की आपूर्ति और सीवरेज कवरेज बढ़ाना था।

देश के 23 राज्यों के 644 जिलों में जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) स्थापित किए गए। राज्यों को व्यक्तियों और खनन संबंधी कार्यों से प्रभावित क्षेत्रों के कल्याण के लिए डीएमएफ स्थापित करने का अधिकार दिया गया है।

कोयला एवं खान मंत्री प्रहलाद जोशी ने सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन में यह जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि राज्यों को डीएमएफ के कामकाज को संचालित करने के लिए भी नियम बनाने का अधिकार दिया गया है। इस साल 12 दिसंबर तक 60 हजार से अधिक छात्रों ने प्रतियोगी व अन्य परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक स्व-चालित मूल्यांकन मंच साथी पर पंजीकरण कराया है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष सरकार ने लोकसभा में सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साथी (प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्वमूल्यांकन, परीक्षण और सहायता) पोर्टल को जेईई, नीट और विभिन्न राज्य स्तर की इंजीनियरिंग व अन्य परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रत्येक छात्र को गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गत मार्च में शुरू किया गया था। भारत में जलवायु परिवर्तन में प्राकृतिक आपदाओं के योगदान को मापने के लिए कोई अध्ययन नहीं किया गया है। केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी लोकसभा में दी। उन्होंने कहा कि भारत सहित दुनिया भर में प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हुई है।

बेटी बचाओ, बेटा पढ़ाओ, कर्नाटक हाई कोर्ट ने कहा- लड़कों को सिखाएं कि वह महिला का आदर करें

बेंगलुरु एजेंसी। बेलगावी जिले में एक आदिवासी महिला को निर्वस्त्र कर मारने के मामले का स्वतः: संज्ञान लेने के बाद कर्नाटक हाई कोर्ट ने समाज को आईना दिखाया है। हाई कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में समाज की सामूहिक जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और इसके लिए कानून बनना चाहिए।

नारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नहीं, बल्कि बेटा पढ़ाओ होः कोर्ट

बेलगावी मामले में गांव का केवल एक आदमी पीड़ित महिला की मदद के लिए आगे आया। जबकि पूरा गांव चुपचाप अपनी आंखों के सामने अपराध होते देखता रहा। हाई कोर्ट ने कहा नारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नहीं, बल्कि बेटा पढ़ाओ होना चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस प्रसन्ना बी.वराले ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि बेटी पढ़ाओ का नारा बालिका को सुरक्षित रखने के लिए दिया गया। लेकिन आप जब तक बेटे को नहीं बताएंगे, आप यह लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते। एक लड़की स्वाभाविक रूप से दूसरी महिला का आदर करेगी। लेकिन लड़कों को यह सिखाने की जरूरत है कि वह महिला का आदर करें और उसकी रक्षा करें। बेलगावी के हुक्केरी तालुक में 42 वर्षीय आदिवासी महिला को निर्वस्त्र कर उसकी पूरे गांव में परेड कराने के बाद उसे बिजली के खंभे में बांधकर पीटने के मामले पर हाई कोर्ट ने 12 दिसंबर को स्वतः संज्ञान लिया था। इस महिला का बेटा उसी गांव की एक लड़की के साथ भाग गया था। हाई कोर्ट ने ऐसे मामलों में सामूहिक जिम्मेदारी तय करने की भी आवश्यकता बताई है। साथ ही इसके लिए नए कानून बनाने का सुझाव दिया। मौखिक टिप्पणी में कहा कि लॉर्ड विलियम बेंटिक ने अपराधियों को पोषित करने वाले गांवों पर सामूहिक जुर्माना लगाया था।

बंधकों की रिहाई पर इजरायल और हमास की मध्यस्थता वार्ता रूकी

तेल अवीव, एजेंसी। कतर और मिस्र द्वारा शुरू की गई इजरायल और हमास के बीच मध्यस्थता वार्ता में रुकावट आ गई है। दोनों युद्धरत पक्षों ने एक-दूसरे द्वारा रखी गई मांगों पर सहमत होने से इनकार कर दिया है। मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया की सोमवार को वारसॉ में सीआईए निदेशक विलियम बर्न्स और कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात के बाद भी बातचीत आगे नहीं बढ़ी है।

इजरायली सरकार के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि आतंकवादी समूह ने एक शर्त रखी है कि यहूदी राष्ट्र की सेना पूर्व निर्धारित सीमा पर लौट जाए। रविवार को एक बयान में, हमास ने कहा था कि जब तक इजराइली सेना गाजा पट्टी में अपने चल रहे जमीनी हमले को बंद नहीं कर देती, तब तक वह किसी भी बंधक को रिहा करने पर वह सहमत नहीं होगा, एक ऐसी शर्त, जिसे इजराइली रक्षा बल सहमत नहीं हुए। सूत्र के अनुसार, इजरायल हमास द्वारा कैद से रिहा किए जाने वाले बंधकों को चुनने के विचार के लिए खुला है।

24 नवंबर से 1 दिसंबर तक गाजा में युद्धविराम के दौरान, इजरायल ने अपने बंधकों को रिहा करने के लिए चुना था। सरकारी सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि आगे की मध्यस्थता वार्ता तभी शुरू होगी जब दोनों पक्षों द्वारा सामने रखे गए मतभेदों को ठीक से संबोधित किया जाएगा, कतर और मिस्र दोनों इसे दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। युद्ध विराम के दौरान, 86 इजरायली और 24 विदेशी नागरिक बंधकों को रिहा किया गया था। इजरायली अधिकारियों का अनुमान है कि गाजा में लगभग 129 लोग बंदी हैं, जिनमें विदेशी नागरिक भी शामिल हैं।

एच-1बी वीजा के घरेलू नवीनीकरण को दी मंजूरी

न्यूयॉर्क, एजेंसी। भारतीय पेशेवरों को लाभ पहुंचाने वाले एक कदम के तहत, एच-1बी धारकों को अमेरिका छोड़े बिना वीजा नवीनीकृत करने की अनुमति देने वाले एक पायलट कार्यक्रम को व्हाइट हाउस के सूचना और नियामक मामलों के कार्यालय की समीक्षा में मंजूरी मिल गई है। शुरुआत में, 20 हजार एच-1बी विशेष व्यवसाय वाले कर्मचारी अगले साल जनवरी से अमेरिका में अपने वीजा का नवीनीकरण करा सकेंगे।

ब्लूमबर्ग लॉ ने बताया कि पायलट की पात्रता और संचालन का पूरा विवरण तब सामने आएगा, जब फेडरल रजिस्टर में एक नोटिस प्रकाशित किया जाएगा। पायलट ने 15 दिसंबर को सूचना और नियामक मामलों के कार्यालय की समीक्षा को मंजूरी दे दी, जो प्रकाशन से पहले अंतिम नियामक बाधा थी।

यह घटनाक्रम इस साल जून में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की राजकीय यात्रा के दौरान व्हाइट हाउस द्वारा एच-1बी वीजा की कुछ श्रेणियों के घरेलू नवीनीकरण के लिए एक

पायलट कार्यक्रम की घोषणा के महीनों बाद आया है। यह एच-1बी धारकों को अमेरिका से बाहर यात्रा करने के बजाय विदेश विभाग को मेल करके अपने वीजा को नवीनीकृत करने की अनुमति देगा और लौटने से पहले अमेरिकी कांसुलर कार्यालय में नियुक्ति सुरक्षित करने के लिए अनिश्चित प्रतीक्षा समय का सामना करना पड़ेगा।

भारत जैसे देशों में, जो एच-1बी श्रमिकों का सबसे बड़ा स्रोत है, उच्च वीज़ा प्रतीक्षा समय ने उन श्रमिकों और उनके नियोक्ताओं के लिए यात्रा योजनाओं में अनिश्चितता बढ़ा दी है। ऐसा माना जाता है कि एक वर्ष में दिए गए एच-1बी वीजा का अनुमानित 75 प्रतिशत भारत के श्रमिकों को जाता है, जिन्हें अमेज़ॅन, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और फेसबुक जैसी कुछ सबसे बड़ी अमेरिकी तकनीकी दिग्गजों द्वारा काम पर रखा जाता है। भारी वीज़ा बैकलॉग के कारण, कुछ एच-1बी श्रमिकों ने नियुक्तियों को सुरक्षित करने के लिए कम बैकलॉग वाले नजदीकी देशों की यात्रा जैसे कामकाज अपनाए हैं। अमेरिका की यात्रा के लिए वीज़ा अपॉइंटमेंट सुरक्षित करने के लिए औसत प्रतीक्षा समय पिछले साल गिरकर 130 दिन हो गया, जो वित्तीय वर्ष 2022 से 70 दिन कम है। विदेश विभाग स्वीकार्य प्रतीक्षा समय को 90 दिनों के करीब मानता है।

चीन के गांसू-किंघाई प्रांत में 6.2 तीव्रता का भूकंपः116 लोगों की मौत

बीजिंग, एजेंसी। चीन के नॉर्थ वेस्ट में गांसू और किंघाई प्रांतों में सोमवार (18 दिसंबर) की रात भूकंप आया। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 6.2 थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक भूकंप के झटके पाकिस्तान तक महसूस किए गए।

चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक दोनों प्रांतों में करीब 116 लोगों की मौत हुई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। गांसू में 105 और पड़ोसी प्रांत किंघाई में 11 लोग मारे गए हैं।

भूकंप का केंद्र किंघाई की सीमा से लगभग 5 किलोमीटर दूर गांसू के जिशिशान काउंटी में जमीन से 10 किमी नीचे था। हालांकि, अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 5.9 बताई है।

भूकंप से बुनियादी इन्फ्रास्ट्रक्चर को हुआ नुकसान

चीन के सीसीटीवी न्यूज के मुताबिक भूकंप के कारण पानी और बिजली लाइनों को बड़ा नुकसान हुआ है। साथ ही ट्रैफिक और संचार भी टूट गया है। उधर, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रेस्क्यू टीमों से अपील की है कि भूकंप से हताहत लोगों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कोशिश की जाए।

भूकंप के बाद, रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए कुल 1,440 फायर फाइटर्स को प्रभावित इलाकों में तैनात किया गया है। इसके अलावा, गांसू और आसपास के प्रांतों से 1,603 फायर फाइटर्स को स्टैंडबाय पर रखा गया है। चीन में भूकंप आते रहते हैं। अगस्त में 2023 में पूर्वी चीन में 5.4 तीव्रता का हल्का भूकंप आया, जिसमें 23 लोग घायल हो गए और दर्जनों इमारतें ढह गईं थीं। सितंबर 2022 में भी सिचुआन प्रांत में 6.6 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें लगभग 100 लोग मारे गए थे। 2008 में 7.9 तीव्रता के भूकंप में 87 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। इनमें 5335 स्कूली बच्चे शामिल थे। हमारी धरती की सतह मुख्य तौर पर 7 बड़ी और कई छोटी-छोटी टेक्टोनिक प्लेट्स से मिलकर बनी है। ये प्लेट्स लगातार तैरती रहती हैं और कई बार आपस में टकरा जाती हैं। टकराने से कई बार प्लेट्स के कोने मुड़ जाते हैं और ज्यादा दबाव पड़ने पर ये प्लेट्स टूटने लगती हैं। ऐसे में नीचे से निकली ऊर्जा बाहर की ओर निकलने का रास्ता खोजती है और इस डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। इससे जमीन में फॉल्ट लाइन्स बनती हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता मापी जाती है। इस स्केल पर 2.0 या 3.0 की तीव्रता का भूकंप हल्का होता है, जबकि 6 की तीव्रता का मतलब शक्तिशाली भूकंप होता है। भूकंप की तीव्रता का अंदाजा उसके केंद्र (एपिसेंटर) से निकलने वाली ऊर्जा की तरंगों से लगाया जाता है। सैकड़ों किलोमीटर तक फैली इस लहर से कंपन होता है। धरती में दरारें तक पड़ जाती हैं। भूकंप का केंद्र कम गहराई पर हो तो इससे बाहर निकलने वाली ऊर्जा सतह के काफी करीब होती है, जिससे बड़ी तबाही होती है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129